राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 जहां 10,000 आबादी, वहां जाकर पीएम ले रहे समान

अब असम में भाषा को लेकर विवाद, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बोले- लैकमेलिंग....... 12

वर्ष : 16 | अंक : 68 | नई दिल्ली, शनिवार, 12 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### आतंकी फंडिंग मामले में एसआईए ने जम्मू-कश्मीर में 3 जगहों पर छापे मारे

श्रीनगर। राज्य जांच एजेंसी ने आतंकी वित्तपोषण से जुड़े एक मामले में जम्मू, डोडा और हंदवाड़ा में तीन ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इन तलाशियों के दौरान महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं, जिससे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले गुप्त वित्तीय नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार इन तलाशियों का उद्देश्य क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से सीमा पार से फंडिंग से जुड़ी एक जटिल साजिश का पदार्फाश करने के लिए महत्वपूर्ण सबूत जुटाना था, जिसका जम्मू-कश्मीर में शांति भंग होने की आशंका है। ये तलाशी अभियान एफआईआर संख्या 12/2022 के तहत चल रही जांच का हिस्सा है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 18, 38 और 39 के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 121 और 121ए के तहत पुलिस स्टेशन सीआई-एसआईए कश्मीर में दर्ज है। तलाशी अभियान का लक्ष्य उन व्यक्तियों की पहचान करना था, जो युवाओं को भारत के खिलाफ भड़का रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। बयान में आगे कहा गया है कि बरामद वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से एसआईए को इन राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वाले सह-षडयंत्रकारियों और सहयोगियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में मदद मिलने की उम्मीद है। एसआईए आतंकवाद और उसके समर्थन तंत्रों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ है, जिसमें क्रिप्टोकरेंसी आधारित फंडिंग जैसे तरीके भी शामिल हैं।

### श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिये 6482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार सुबह बम बम भोले के जयकारों के साथ जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने आज यहां बताया कि स्वनिर्मित हिम शिवलिंग दर्शन के लिए तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 268 गाड़ियों में रवाना हुए। उन्होंने कहा, आज सुबह 6,482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार, 268 वाहनों के बेड़े में 4129 तीर्थयात्री पहलगाम और 2353 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। वाहनों के बेड़े हल्के और भारी मोटर वाहन शामिल थे। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 03 जुलाई से शुरू होकर 09 अगस्त तक चलेगी।

## मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई 1100 रुपये की राशि लाभार्थियों के खातों में की हस्तांतरित

# 1.11 करोड़ लाभुकों के खाते में भेजी गई 1227 करोड़ की राशि

### हमारी सरकार ने सभी के कल्याण के लिए कई काम किये : नीतीश




प्रात : किरण

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मास्टरस्ट्रोक लगकर विपक्ष को चित कर दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को 400 रुपये महीना से पेंशन बढ़ाते हुए 1100 रुपये कर उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित किया। इस तरह से एक करोड़ 11 लाख पेंशनधारियों के बैंक खाते में 1,227 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश ने ऐलान किया कि यह राशि हर माह की 10 तारीख को लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने राज्यभर से जुड़े 50 लाख लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 24 नवम्बर 2005 को हमारी सरकार बिहार में बनी थी। पिछले 20 वर्ष में हमारी सरकार ने सभी के कल्याण के लिए कई काम किये। सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई हैं और समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के हित के लिए हम निरंतर काम किया है। इसी क्रम में पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये महीना करने का निर्णय लिया गया। इससे 1.11 करोड़ पेंशनधारी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्धजनों जिनमें 60 वर्ष के ऊपर की आयु वाले पुरुष एवं महिला दोनों शामिल हैं तथा दिव्यांगजनों, ऐसे पुरुष एवं महिलाएं जो चलने-फिरने, सुनने, बोलने, देखने या सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं एवं विधवा महिलायें जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार तीनों तरह के कुल 1 करोड़ 11 लाख से भी अधिक लोगों को जून 2025 के लिए 1100 रुपए प्रति लाभार्थी की दर से कुल 1 हजार 227 करोड़ रुपये से भी अधिक पेंशन की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी गयी है। मैंने विभाग को यह निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम के बाद आगे से हर महीने की 10 तारीख को पेंशन की राशि लाभार्थियों के खाते में जरूर भेज दी जाये।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ गोपाल सिंह, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक अमित कुमार पांडेय सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी, लाभार्थीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन कार्यक्रम से जुड़े थे।

# महिलाओं का जीवन सम्मानजनक और सुरक्षित बनाना लक्ष्य : सीएम

प्रात : किरण




मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं और लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि बिहार अब विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, और सभी वर्गों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। सीएम ने महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं को सरकार की प्राथमिकता बताया और कहा कि उनका उद्देश्य महिलाओं का जीवन सम्मानजनक और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं के लिए हर स्तर पर काम किया है और भविष्य में भी इसी प्रकार काम जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि पहले महिलाओं की स्थिति बेहद कमजोर थी, लेकिन उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले और योजनाएं शुरू की हैं। हमने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, हर संभव सुविधा मुहैया कराई। पहले महिलाएं पूछती थीं, पर अब वे सम्मान के साथ बेहतर जीवन जी रही हैं। उनका पहनावा भी पहले से काफी बेहतर हो गया है। सीएम नीतीश ने कहा कि उनकी सरकार ने शुरू से ही महिलाओं की सशक्तिकरण और उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार महिला को नहीं पूछती थी। लेकिन हमारी सरकार ने सरकारी नौकरी में आरक्षण 35 फीसदी दिया। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं की स्थिति कितनी बदली है इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि महिला सब अब कितना बढ़िया कपड़ा पहनती हैं।

**20 वर्ष पहले राज्य में कहीं कुछ नहीं था :**

राजद शासन काल पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 20 वर्ष पहले राज्य में कहीं कुछ नहीं था। हमारी सरकार आई तो हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर जगह के लिए काम किया गया। राजद से दो बार हाथ मिलाने पर सफाई देते हुए कहा कि हम गलती से दो बार उन लोगों को साथ लिए थे। अब फिर से वे कहीं नहीं जाने वाले हैं। अब आगे कहीं इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब बिहार में राजनीति का नया दौर शुरू होगा। हम सब मिलकर विकास के रास्ते पर चलेंगे।

# बिहार में12 आईपीएस अफसरों का तबादला

### शिखर चौधरी को कटिहार की कमान, शिवम धाकड़ बने दानापुर एसडीओ

प्रात : किरण





पटना। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में आए दिन हो रही बड़ी अपराधिक घटनाओं के मद्देनजर राज्य सरकार के गृह विभाग ने एक अहम प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शुक्रवार को राज्य के 12 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस संबंध में आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर ये तबादले किए गए हैं। बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर हाल के दिनों में विपक्ष द्वारा कई गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। बिहार के गृह विभाग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, पटना के पुलिस अधीक्षक (कानून व्यवस्था) संजय कुमार को सारण का एसपी (ग्रामीण) बनाकर भेजा गया है। सारण के एसपी शिखर चौधरी को कटिहार के एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, कटिहार के एसपी वैभव शर्मा को पटना के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) में एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। वैभव शर्मा के नेतृत्व में कटिहार पुलिस ने हाल के महीनों में कई आपराधिक मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा किया था, जिसके कारण उनका यह ट्रांसफर काफी अहम माना जा रहा है। वहीं, पटना निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के एसपी मनोज कुमार को बेगूसराय में बीएमपी-8 (बिहार सैन्य पुलिस) का समादेष्टा बनाया गया है। माना जा रहा है कि निगरानी ब्यूरो में उनके अनुभव का लाभ अब बिहार सैन्य पुलिस को मिलेगा, खासकर फोर्स प्रबंधन और अनुशासन के मामलों में। सूत्रों के अनुसार, इस तबादले का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। बिहार सरकार समय-समय पर आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण करती रहती है ताकि विभिन्न जिलों और विभागों में ताजगी और दक्षता बनी रहे। शैशव यादव को पुलिस प्रशिक्षण केंद्र भेजा गया पटना के सहायक पुलिस महानिरीक्षक (आधुनिकीकरण) शैशव यादव का तबादला सैन्य पुलिस प्रशिक्षण केंद्र डुमरांव में कमांडेंट के रूप में किया गया है। बगहा के स्वाभिमान विशेष सशस्त्र पुलिस बल के कमांडेंट मिथिलेश कुमार को पटना पुलिस मुख्यालय में वेटिंग में रखा गया है। वहीं, नवजोत सिमी को बेगूसराय के विशेष सशस्त्र पुलिस-8 के कमांडेंट से बेगूसराय के ही विशेष सशस्त्र पुलिस-19 की जिम्मेदारी दी गई है, नवजोत सिमी के पास पहले से बीएमपी-19 का अतिरिक्त प्रभार था।

वहीं, दिव्यांजलि जायसवाल को पटना के अपराध अनुसंधान विभाग में सहायक पुलिस अधीक्षक पद पर भेजा गया है। वह रामनगर बगहा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर तैनात थीं। अन्य अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों में उनके अलावा अतुलेश झा को पटना सिटी से डिहरी, रोहतास और शिवम धाकड़ को मोतिहारी से दानापुर, पटना भेजा गया है।

### 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर किया जाएगा आयोजित

# पीएम मोदी आज 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

प्रात : किरण



नई दिल्ली\एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं को बड़ा तोहफा देंगे। 12 जुलाई को रोजगार मेला का आयोजन होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। पीएमओ के मुताबिक, इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जबकि नियुक्तियां केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं। चयनित नए उम्मीदवार पूरे देश से आए हैं और वो जिन विभागों में शामिल होंगे, उनमें रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय समेत कई अन्य मंत्रालय और विभाग शामिल हैं। रोजगार मेला पीएम मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेला प्रधानमंत्री मोदी की ओर से 22 अक्टूबर 2022 को मिशन मोड में शुरू किया गया था। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के मुताबिक, यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक मौके दे रही है। ह्यरोजगार मेलाह्न की पहल ने अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ सरकारी संगठनों को मिशन मोड में अपनी रिक्तियों को भरने में सक्षम बनाया। विभागों और संगठनों को स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, पुलिस स्टेशनों और कर कार्यालयों आदि में उच्च गुणवत्ता वाली नागरिक सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली। इससे हमारे रक्षा और सुरक्षा संगठनों को भी लाभ हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश भर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। इससे माना जा सकता है कि यह कार्यक्रम युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# काम में ढिलाई बरतने वालों को छोड़ने वाला नहीं : गडकरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली\एजेंसी। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बढ़ते पुल हादसों के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वे काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के पीछे लग गए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा है कि दुर्भावनापूर्ण गलतियों पर ठोक देना चाहिए। मंत्री गडकरी ने कहा, एक्सीडेंट अलग चीज है और जो काम करते समय बेईमानी और फ्रॉड करते हैं, वहां दूसरी चीज है। अगर गलती जानबूझकर नहीं की गई हो तब माफ कर देना चाहिए, लेकिन अगर गलती दुर्भावनापूर्ण की गई हैं, तब ठोक देना चाहिए। एक कार्यक्रम में उन्होंने यह टिप्पणी की। काम के रवैये को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि वह गड़बड़ होने पर जिम्मेदारों को डांट लगाते हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई गड़बड़ हुई रोड पर तब छोड़ता नहीं हूं। अभी मेरा टारगेट है, 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड हुए, अब मैं ठेकेदार और अधिकारियों के पीछे लगूंगा। ये मेरे देश की संपत्ति है, मैं इसके साथ समझौता नहीं करूंगा। एक एक रोड में मेरे घर की दीवार है। जितनी चिंता मुझे मेरे घर की है, उतनी जिम्मेदारी मेरी उस रोड के साथ है। इसके साथ समझौता नहीं करूंगा।

### गंभीरा ब्रिज दुर्घटना: मृतकों की संख्या 21 पर पहुंची

गांधीनगर। वडोदरा और आणंद के बीच गंभीरा पुल हादसे के बाद तीसरे दिन के रेस्क्यू अभियान में तीन ट्रक और एक बाइक को नदी से बाहर निकाला गया। हादसे में घायलों में से दो और लोगों की अस्पताल में मौत के बाद मरने वालों की संख्या 21 हो गई है। दुर्घटना के बाद रेस्क्यू अभियान चलाया गया। शुक्रवार को तीसरे दिन भी रेस्क्यू अभियान में नदी से तीन ट्रक और एक बाइक को बाहर निकाला गया। ट्रक में मौजूद सल्फ्यूरिक एसिड नदी में फैलने के कारण रेस्क्यू में मुश्किलें आ रही हैं। हादसे के 50 घंटे बाद भी रेस्क्यू पूरा नहीं हो सका। आशंका है कि नदी में गिरे ट्रक के नीचे कुछ लोग दबे हो सकते हैं।

### पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा पेंशन उत्सव, सभी 38 जिलों में कार्यक्रम का आयोजन : बंदना.............

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना : तीन गुणा की बढ़ोतरी से लाभुकों में उत्साह

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को 400 रुपये महीना से पेंशन बढ़ाते हुए 1100 रुपये कर उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित किया। इस तरह से एक करोड़ 11 लाख पेंशनधारियों के बैंक खाते में 1,227 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की बढ़ी हुई राशि के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि 24 जून 2025 को मंत्रिपरिषद की बैठक में पेंशन की राशि प्रतिमाह 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने का निर्णय लिया गया। आज पूरे बिहार में पेंशन उत्सव मनाया जा रहा है। आज के इस अवसर पर बिहार के सभी 38 जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिनमें जिले के प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी, लाभार्थीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल लाभार्थियों में 54.5 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं। यह समावेशी विकास और सामाजिक न्याय को दशार्ता है।

**बहुत ही अच्छे ढंग से गुजरेगी हमारी दिनचर्या :**

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में करीब तीन गुणा की बढ़ोतरी किए जाने से पेंशनधारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ी भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड स्थित गोपालपुर पंचायत की रहने वाली प्रभावती देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री का संदेश जब मैने सुना कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये किया गया है तो मेरे मन को काफी सुकून मिला। अब से प्रतिमाह हम दोनों पति-पत्नी को 2200 रुपये पेंशन के रूप में प्राप्त होगा। इससे हमारी दिनचर्या बहुत ही अच्छे ढंग से गुजरेगी। मैं उनके प्रति आभार प्रकट करती हूं। वे दीघार्यु एवं स्वस्थ रहें। पूर्णिया जिले के बेलागंज पंचायत की लाभार्थी रीता देवी ने बताया कि वर्ष 2012 में उनके पति का देहांत हो गया। उनके दो बच्चे और सास हैं। महंगाई बढ़ने के कारण किसी तरह उनके परिवार का गुजर बसर होता था। जब वे सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी किए जाने से संबंधित मुख्यमंत्री के वॉइस रिकॉर्ड मैसेज सुनी तो उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब बढ़ी हुई पेंशन की राशि से उनके बच्चे की पढ़ाई और घर का खर्च चलाने में काफी सहूलियत होगी। गयाजी जिले के बोधगया प्रखंड निवासी मोना देवी ने बताया कि उनके पति की काफी पहले मौत हो गई थी। विधवा पेंशन के रूप में उन्हें 400 रुपये प्रतिमाह मिलता था, जिसे अब बिहार सरकार ने बढ़ाकर प्रतिमाह 1100 रुपये कर दिया है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का हृदय से आभार प्रकट करती हूं । नालंदा जिले के वासी पुष्पा कुमारी ने बढ़ी हुई पेंशन राशि को सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के लिए वरदान बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेंशन योजना में वृद्धि कर गरीब, असहाय लोगों को काफी सहूलियत दी है।

# ऑपरेशन सिंदूर : हमने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक निशाना साधा : डोभाल

प्रात : किरण

चेन्नई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पाकिस्तान की सीमा के पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमला किया और उनमें से कोई भी नहीं चूका। डोभाल ने सीमा पार के खतरों को बेअसर करने में भारत की क्षमता और तकनीकी योग्यता पर गर्व जताया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने कहा कि सटीकता ऐसी थी कि भारत को पता था कि कौन कहां है। उनके मुताबिक, पूरा ऑपरेशन सात मई को रात एक बजे के बाद शुरू हुआ और मुश्किल से 23 मिनट तक जारी रहा। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल ने प्रश्नात्मक लहजे में कहा, ह्यह्यइसके बाद उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ऐसा किया वगैरह वगैरह। क्या आप मुझे एक भी ऐसी तस्वीर दिखा सकते हैं जिसमें दिखता हो कि भारत को इस दौरान कोई नुकसान हुआ है ?उन्होंने कहा कि विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया और न ही यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। एनएसए ने कहा, विदेशी प्रेस कहता रहा कि पाकिस्तान ने ये कर दिया, वो कर दिया, लेकिन मुझे एक फोटो दिखाइए जिसमें भारत का नुकसान नजर आया हो, यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो। हमसे कोई चूक नहीं हुई। हम उस पॉइंट तक सटीक थे जहां हमें पता था कि कौन कहां है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आप मुझे एक भी तस्वीर या सैटेलाइट इमेजरी दिखा दीजिए जिसमें भारत को कोई नुकसान हुआ हो, यहां तक कि किसी कांच की खिड़की तक को नुकसान पहुंचा हो। इस पूरे ऑपरेशन में भारतीय सेना की आधुनिक तकनीक और रणनीति ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हम इस बात पर गर्व करते हैं कि इस ऑपरेशन में स्वदेशी और अत्याधुनिक सिस्टम जैसे ब्रह्मोस, एकीकृत एयर कंट्रोल और कमांड सिस्टम और बैटलफील्ड सर्विलांस की भूमिका निर्णायक रही। हमने उनकी पोजीशन का सटीक अनुमान लगाया और उस आधार पर हमला किया। डोभाल ने तंज कसते हुए कहा कि विदेशी मीडिया ने बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन क्या उनके पास कोई सबूत है ?

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा प्रखंड 20 सूत्री की बैठक संपन्न

फतुहा। शुक्रवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक अध्यक्ष विनोद शर्मा की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में संपन्न हुआ। संचालन बीडीओ प्रमोद कुमार ने किया बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ ने चल रहे मतदाता सत्यापण कार्य में सभी लोगों से सहयोग की अपील किया। वही बैठक में सदस्य श्याम सुंदर केशरी ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा लाभार्थियों को कम अनाज देने का मामला उठाया, सदस्या अंजु मिश्रा ने महारानी चौक झुग्गी झोपड़ी में नये आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की मांग की गयी। जिसपर बीडीओ एवं संबंधित अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लिया। बैठक में सदस्यों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को कार्यालय आवंटित करने की मांग करते हुए हंगामा किया। जिसपर बीडीओ ने 15 अगस्त के पूर्व कार्यालय आवंटन का भरोसा दिया। बैठक में उपाध्यक्ष रणधीर यादव, प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार, सदस्य श्याम सुंदर केशरी, मुन्ना यादव, जितेंद्र सिंह, वरुण कुमार, टुनटुन ठाकुर, उदय शर्मा, वीर बहादुर सिंह, दुर्गेश चंद्रवंशी, अंजु मिश्रा, सूरज कुमार, अवधेश राय सहित सभी सदस्य और अधिकारीगण मौजूद थे।

### कोथवां पंचायत के उप चुनाव में संतोष कुमार सिंह ने मारी बाजी

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत दानापुर प्रखंड के कोथवां पंचायत के हुए मुखिया पद के उप चुनाव में संतोष कुमार सिंह ने बाजी मार ली। इसके साथ ही संतोष कुमार सिंह कोथवां पंचायत के मुखिया घोषित किये गये। शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में हुए मतगणना में संतोष कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रवि कुमार को 173 मतो पराजित कर दिया। संतोष कुमार सिंह को 624 एवं रवि कुमार को 451 मत मिले। जिसके बाद संतोष को विजयी घोषित कर दिया। मुखिया पद पर जीत के बाद संतोष ने बताया कि पंचायक का विकास हमारा लक्ष्य होगा। उधर जीत के खबर मिलते ही समर्थक उन्हें बधाई देने पहुंचने लगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आंनद ने उन्हे प्रमाण पत्र दिया

### पेंशन योजना के राशि सीधा लाभार्थियो के खाते में

दानापुर। नगर के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजना के राशि सीधा लाभार्थियो के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को लेकर नगर परिषद व प्रखंड प्रशासन द्वारा किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी शामिल हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इसकी शुरूआत करते ही कई लाभार्थियों के खाते में राशि आ गया। नगर परिषद दानापुर द्वारा कार्यालय परिसर में इसको लेकर तैयारी की गयी थी। जबकि प्रखंड कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम के आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में लाभार्थी शामिल हुए सभागार में पेंशन योजना में बढ़ोतरी के मौके पर उपस्थित लाभार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद, कमल कुमार पार्षद अनिल कुमार समेत अन्य कर्मी व नगर परिषद कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### युवक की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र कोरियावा गढ़ गांव में बीते 11जुलाई को क्रिकेट के हुई विवाद में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने देर रात छापेमारी कर नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कोरियावा गढ़ गांव निवासी बवन केवट के पुत्र विनित कुमार उर्फ राजा कुमार है। शुक्रवार को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वही अन्य अपराधियों को धड़ पकड़ के लिए गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### कोचिंग से लौट रहे छात्र से मोबाइल छीना

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के एक कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहे, युवक को अज्ञात बदमाशों ने गले में पहने सोने का हनुमान जी का लॉकेट छीनने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के मुताबिक धनरूआ थाना क्षेत्र के सांडा गांव निवासी सुमन प्रियदर्शी के पुत्र सचिन कुमार मसौढ़ी में आरक्षण कोचिंग में पढ़ने के लिए रोजाना आता है शुक्रवार को भी सुबह घर से कोचिंग पढ़ने के बाद घर लौट रहा था, उसी समय दो अज्ञात युवक आया और अभियंता मार्केट वाली गली में ले जाकर उसके गले से सोने का लॉकेट छिन कर फरार हो गया। उधर घटना की जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

# आज और कल पटना में रेडिएशन ऑंकोलॉजी का 7वां वार्षिक कॉन्फ्रेंस का होगा आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑंकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया (एआरओआई), बिहार चैप्टर और पारस एचएमआरआई, पटना की ओर से 12-13 जुलाई को रेडिएशन ऑंकोलॉजी का 7वां वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन होटल मौर्या में किया जाएगा। इसमें देशभर के कैंसर रोग विशेषज्ञ भाग लेने पटना पहुंचेंगे। इस बात की जानकारी एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑंकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया (एआरओआई), बिहार चैप्टर के आयोजन सचिव व वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शेखर केसरी ने शुक्रवार को पारस हॉस्पिटल परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार के राज्यपाल महामहिम आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में लंग कैंसर, गॉल ब्लैडर (पित्ताशय की थैली) कैंसर, हेड-नेक कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, ब्रेन कैंसर और गायनैकोलॉजिकल मैलिग्नैंसी पर इसके विशेषज्ञ विस्तार से चर्चा करेंगे। सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ एए हई ने बताया कि इसका थीम ह्ल साक्ष्य से लेकर उत्कृष्टता तक ह्न सहयोगात्मक दृष्टिकोणह्व है, जिसमें कैंसर के इलाज मेडिकल, सर्जिकल और पैलेटिव ऑंकोलॉजी तीनों डिपार्टमेंट की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। तीनों ही विभाग के कैंसर रोग विशेषज्ञ इसमें अपने-अपने विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि पोस्ट ग्रैजुएट के लिए क्विज कॉम्पिटिशन और रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर पाएंगे। बिहार के भी ऑंकोलॉजिस्ट इसमें अपने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। पारस एचएमआरआई, पटना के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने ऑरगेनाइजिंग कमेटी को धन्यवाद दिया और बताया कि पारस हॉस्पिटल का हमेशा यही लक्ष्य रहा है कि नई तकनीक को अपना कर अधिक से अधिक मरीजों तक पहुंचाई जाए जो विश्व में नई तकनीक अपनाई जा रही है वो पारस हॉस्पिटल में भी हो। बताया कि इस आयोजन में देशभर के 300 से अधिक ऑंकोलॉजिस्ट भाग लेंगे। इसमें टीएमएच मुंबई, सीएमसी,वेल्लोर ; बंगलोर, कोलकाता के रेडिएशन ऑंकोलॉजिस्ट प्रमुख हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एआरओआई प्रेसिडेंट डॉ. राजीव रंजन प्रसाद, सचिव डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. प्रीतांजलि सिंह और डॉ. विनीता त्रिवेदी, डा ऋचा चौहान ने भी अपने विचार रखे। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना : पर्यावरण संरक्षण के लिए मनेर के सिकंदरपुर गाँव में शुक्रवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन पर्यावरण संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सरोज सिंह के नेतृत्व में किया गया। समाज को बेहतर और पर्यावरण को हराभरा बनाने के उद्देश्य के मद्देनजर सरोज सिंह पिछले कई साल से गाँव में समय समय पर वृक्षारोपण अभियान चलती आ रही है। वृक्षारोपण अभियान के तहर स्वयंसेवकों, छात्रों और ग्रामीणों ने मिलकर 200 से अधिक पौधे लगाए। साथ ही पौधा वितरण भी किया गया। मौके पर सरोज सिंह ने कहा कि यह अभियान श्रीमती सिंह के सामाजिक सुधार और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और एक बेहतर समाज की नींव, एक स्वस्थ पर्यावरण पर ही टिकी होती है। जो पौधा हम आज लगाते हैं, वही आने वाले कल की सांसें तय करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इसी तरह के और वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे।

मौके पर वृक्षारोपण के साथ-साथ एक जन-जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें शहरी हरियाली, जैव विविधता और नागरिक भागीदारी के महत्व पर चर्चा की गई।

# औषधीय गुणों से भरपूर है आंवला : डॉ. सुनील दूबे



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि आंवला प्रकृक्ति का एक शानदार तोहफा है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे विश्व में एक ही ऐसा फल है, जिसे अमृत समान माना गया है। आंवला को अंग्रेजी में इंडियन क्ल्र्ल्लि गोसस्बेरी कहा जाता है। आंवला में प्रोटीन 16%विटामिन-सी 60%,काबोर्हाइड्रेड-2%,निकोटिक एसिड 15% तथा वसा 1% पाया जाता है । पूरे विश्व में आंवला ही एक ऐसा फल है जिसे अमृत फल माना जाता है क्योकि यह मनुष को निरोगी बनाए रखता है और उसकी आयु को बढ़ाता है। डॉ. दूबे ने कहा कि आंवला गुप्त एवं यौन रोगों में भी अत्यंत लाभकारी है। आंवला एक प्राकृतिक एफ्रोडीजएक है। अतः यह आपकी सेक्स लाइफ में सुधार करने में सहायक है। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन ह्लसीह्व पाया जाता है, जो स्पर्म काउण्ट को बढ़ाता है। दरअसल आयरन एवं जिंक का बेहतर स्रोत है, जिसकी वजह से यह स्पर्म क्वालिटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. दूबे ने कहा कि वाइट डिस्चार्ज से पीड़ित महिलाओं को आंवला के सूखे बीज से तैयार पाउडर में शहद मिलाकर खाने से यह बीमारी दूर हो जाती है।डॉ. दूबे ने आगे कहा कि आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी आंवला को मानव शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी बताया गया है। चरक संहिता के अनुसार आंवले में लवण रस को छोड़कर बाकी अन्य पाँच रस कटु, अम्ल, तिक्त, कषाय, मधुर होते हैं। यह त्रिदोष नाशक है एवं कफ और पित्त का अत्यधिक शत्रु है। सुश्रुत संहिता के अनुसार आंवला शरीर के दोषों को मल के द्वारा बाहर निकाल देता है। विशेष बात यह है कि इस फल का अवतरण भारत में हुआ और इसे देवताओं के अत्यंत करीब माना जाता है। डॉ. दूबे ने कहा कि यह बालों के लिए भी अत्यंत लाभकारी है

### बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो रणवीर नंदन पहुंचे हाजीपुर

पटना/हाजीपुर। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष बनने पर पहली बार गुरु पूर्णिमा पर्व कै अवसर पर ,रामाश्रय सत्संग समारोह मे शामिल होने हाजीपुर आए और गुरु पूजन किए। इस .मौके पर उन्होने कहा कि गुरु पूर्णिमा केबल एक पर्व नही ,बल्कि सनातन संस्कृति काआत्मस्वरूप है। उसके बाद बौद्धिक विचार मंच के प्रतिनिधि मंडल कवि साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन की अध्यक्षता मे मिला और रणवीर नंदन एवं उनकी पत्नी सौ0 नम्रता का एक सादे समारोह में स्वागत और अभिनंदन किया । हाजीपुर के चित्रगुप्त घाट एवं मंदिर की दैन्यावस्था की ओर आकृष्ट किया। उन्होने कहा कि समय निकाल कर उसके विकास का भी उपाय करुंगा । डॉ ज्योति प्रसाद ने भी उनका स्वागत करते हुए उन्हे एक जिंदादिल इंसान और संघर्ष का पूजारी बताया । रवीन्द्र कुमार रतन ने उन्हे एक अध्यात्म और मानवता वाद का अग्रणी पुजारी बताया । रणवीर नंदन जी ने कहा कि जीवन को सार्थक और पावन बनना है तो अपने भीतर से अहंकार, ईष्या, द्वेष,नफरतकी दीवार को ढहाना होगा। गुरु कृपा उन्ही को मिलती है जो शुद्ध अंतः करण से,सरल व्यवहार से सेवा के मार्ग पर चलते हैं।

# महाराजा कुंवर रूप नारायण सिंह ट्रस्ट के तत्वाधान में भगवान का श्रृंगार एवं पूजन संपन्न हुआ

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी, महाराजा कुंवर रूप नारायण सिंह ट्रस्ट के तत्वाधान मेंदीवान मोहल्ला नौजर घाट पटना सिटी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भगवान का श्रृंगार व पूजन संपन्न हुआ। पूजा पुजारी पं० विष्णु कांत झा ने कराया। श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव 2025 के सफल आयोजन के लिए ट्रस्ट,आयोजन समिति, सहयोगी व पत्रकारों को स्मृति चिन्ह बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव एवं महापौर सीता साहू द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के सचिव संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अगले वर्ष से और भी भव्य रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष कमलनयन श्रीवास्तव, रथ यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष लल्लू शर्मा, महासचिव मोहन निषाद ने रथ यात्रा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सहयोग करने वाले सभी धमार्नुरागी बंधुओं,धर्म परायण महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं का आभार प्रकट किया और कहा कि अगले वर्ष से आयोजन और भी भव्य और आकर्षण होगा। समारोह में अतुल श्रेष्ठ, शिशिर कुमार, अमरनाथ, गणेश कुमार सिन्हा,नवीन सिन्हा ,अनूप सिन्हा ,अजय आजाद, सनी सिन्हा ,शैलेश बल्लभ, शशि रंजन प्रसाद वर्मा, मनोज माथुर, अंशय बहादुर माथुर, सुदामा प्रसाद सिन्हा ,राकेश कुमार गुप्ता, अरुण कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। आज के इस कार्यक्रम में सैकड़ो सनातनी शामिल हुए और भगवान श्री जगन्नाथ का प्रसाद और आशीर्वाद ग्रहण किया।

# पत्नी ने निकला पति का हत्यारा



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए हत्या में लाइनर की भुमिका निभाने वाले चालक मंशु व पत्नी रीता सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने हत्या मे प्रयुक्त दोनो बाइक व दो मोबाइल बरामद किया। खगौल के मुस्तफापुर निवासी अजीत कुमार की हत्या के पांचवे की गुत्थी खगौल पुलिस एवं एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए सुलझाते हुए घटना में की साजिश रचने वाली अजीत की पत्नी रीता सिन्हा व लाइनर का भुमिका निभाने वाले उसके चालक शाहपुर के शिकारपुर निवासी मंशु कुमार को गिरफ्तार कर लिया। संपति हड़पने को लेकर रीता ने पति की हत्या की साजिश रची। घटना के बाद अपने पहले पति बिनोद कुमार के विरूद्ध आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत करने पहुंच गयी थी। जिसके बाद पुलिस ने बिनोद को थाने लाकर पुछताछ करते हुए घटना स्थल के आस पास की सीसीटीवी फूटेज खंगालने में जुटी। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने बताया कि जांच व अनुसंधान में जुटी एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीबी फूटेज के अवलोकन एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शूटरों की पहचान की। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए घटना के बाद से फरार लाइनर मंशु को टीम ने बनारस से गिरफ्तार किया। जिसके बाद मामला का खुलाशा हुआ और पुलिस ने उसके बाद मृतक की पत्नी आरएनसिन्हा बीडी पब्लिक स्कूल के संचालिका रीता सिन्हा गिरफ्तार कर लिया। उन्होने बताया कि हत्या के पीछे अजीत का संपति पर कब्जा करना था। स्कूल का भूमि मृतक अजीत कुमार के नाम से था और उस जमीन को अजीत बेचना चाह रहे थे। उस जमीन व संपति के लालच में रीता ने अपने चालक के साथ मिलकर शूटरों के द्वारा हत्या करा दी। इसके लिए 10 लाख में सौदा रीता सिन्हा ने की थी। जिसमें तीन लाख नगद मंशु के माध्यम से शुटर को दिया गया था। हत्या में प्रयुक्त दोनो बाइक व दो मोबाइल बरामद किया गया है।

# कॉक्स एंड किंग्स ने गुड़गांव में नई फ्रैंचाइजी लॉन्च के साथ एनसीआर में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया

प्रात :किरण संवाददाता

गुरुग्राम। भारत के सबसे प्रतिष्ठित ट्रैवल ब्रांडों में से एक, कॉक्स एंड किंग्स ने गुड़गांव के मध्य में -122, सुशांत शॉपिंग आर्केड, सुशांत लोक-1, गुरुग्राम - 122009 में अपनी नवीनतम फ्रैंचाइजी खोलने की घोषणा की है। यह नया आउटलेट देश के सबसे गतिशील और महानगरीय शहरी केंद्रों में से एक के करीब घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला लाता है।अपने फलते-फूलते कॉर्पोरेट इकोसिस्टम और व्यक्तिगत यात्रा समाधानों की तलाश करने वाले परिवारों, पेशेवरों और युवाओं की बढ़ती संख्या के साथ, गुड़गांव क्यूरेटेड यात्रा अनुभवों के लिए एक उच्च-मांग वाले बाजार का प्रतिनिधित्व करता है।कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा, ह्लगुड़गांव हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। शहर के दर्शक अच्छी तरह से यात्रा कर चुके हैं, अनुभव-प्रेरित हैं और लगातार नए गंतव्यों की खोज कर रहे हैं।इस स्टोर के साथ, हम उनके लिए एक विश्वसनीय ब्रांड के अंतर्गत, लग्जरी छुट्टियों से लेकर त्वरित सप्ताहांत की छुट्टियों तक, सब कुछ की योजना बनाना आसान बना रहे हैं।ह्वयह फ्रैंचाइजी समूह भ्रमण और पारिवारिक अवकाश पैकेज से लेकर विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय छुट्टियों, व्यावसायिक यात्रा समाधानों और उड़ानों, होटलों, वीजा और यात्रा बीमा के लिए स्टैंडअलोन बुकिंग तक, सब कुछ प्रदान करेगी। कॉक्स एंड किंग्स की विरासत और वैश्विक नेटवर्क द्वारा समर्थित, गुड़गांव आउटलेट को यात्रियों की नई पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो मूल्य और उत्कृष्ट सेवा दोनों चाहते हैं।यह लॉन्च ब्रांड की राष्ट्रव्यापी विकास रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत अगले दो वर्षों में 200 फ्रैंचाइजी आउटलेट स्थापित किए जाएँगे, खासकर उन शहरों में जहाँ यात्रा की माँग तेजी से बढ़ रही है। स्टोर संपर्क विवरण: +91-8064529463 कॉक्स एंड किंग्स इंडिया के बारे में: कॉक्स एंड किंग्स दुनिया के सबसे पुराने और सबसे प्रसिद्ध ट्रैवल ब्रांड्स में से एक है, जिसकी विरासत 260 वर्षों से भी ज्यादा पुरानी है। 1758 में स्थापित, यह कंपनी लंबे समय से ट्रैवल उद्योग में अग्रणी रही है और अवकाश, व्यावसायिक और विशिष्ट ट्रैवल क्षेत्रों में विविध प्रकार की सेवाएँ प्रदान करती है। विशिष्ट यात्रा अनुभव तैयार करने में अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता के लिए जानी जाने वाली, कॉक्स एंड किंग्स ने उत्कृष्टता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कई पीढ़ियों से यात्रियों की सेवा की है।

# गुरु पूर्णिमा - श्रद्धा, साधना और समर्पण के साथ मनाया मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र

प्रात :किरण संवाददाता



पटना : भारतीय संस्कृति में गुरु को परम स्थान प्राप्त है। वेदों में कहा गया है ह्लगुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरःह्व। गुरु न केवल जीवन का मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि आत्मा के अंधकार को हटाकर उसे प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व उसी परंपरा का दिव्य प्रतीक है, एक ऐसा दिन जब शिष्य अपने गुरु के चरणों में कृतज्ञता अर्पित करता है। इसी भावना से ओतप्रोत, पटना के कंकड़बाग स्थित मातृ उद्बोधन आध्यात्मिक केन्द्र में इस वर्ष गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें देश के प्रख्यात विद्वान, संत, समाजसेवी और श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। महोत्सव का प्रारंभ प्रातः 8:30 बजे हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के संचालक ठाकुर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आश्रम से सद्गुरु जी की चरण पादुका को भजन-कीर्तन के साथ श्री स्वामी सहजानंद गोस्वामी ने अपने मस्तक पर धारण कर राजा उत्सव कम्युनिटी हॉल तक लाया गया। वहीं, पुरोहित जी और ट्रस्ट के संयुक्त सचिव प्रसादी रजक द्वारा स्वास्तिक वाचन और विधिवत पूजन सम्पन्न हुआ। यजमान के रूप में फाल्गुनी मित्रा और कृष्णा मित्रा विराजमान रहे। इसके पश्चात नव कन्याओं द्वारा सद्गुरु जी का स्वागत, पूजन और आरती की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। ठाकुर अरुण कुमार सिंह, जो इस ट्रस्ट के संस्थापक और संचालक भी हैं, ने कहा कि ह्लसच्चा गुरु वही है जो लोभ, मोह और अहंकार से रहित होता है। जो शास्त्रों का ज्ञाता हो और जिसके उपदेश जीवन को मोक्ष की ओर ले जाएँ।ह्व उन्होंने बताया कि कलियुग में ऐसे गुरु की पहचान करना कठिन है, परन्तु जब एक बार सच्चे गुरु की कृपा मिलती है तो जीवन आनंदमयी हो जाता है। कार्यक्रम की श्रृंखला में मुख्य अतिथि ह्लदिव्य रश्मिह्व मासिक पत्रिका एव न्यूज चैनलह्व के संपादक डॉ राकेश दत्त मिश्र, तथा ह्लराजनीति चाणक्यह्व मासिक पत्रिका के अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा का स्वागत ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा तिलक, माला, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं मोमेंटो से किया गया। मुख्य अतिथि की गरिमामयी उपस्थिति में स्मारिका और कैलेंडर का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राकेश दत्त मिश्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लजीवन की सार्थकता तभी संभव है जब उसमें एक सच्चे और योग्य आध्यात्मिक गुरु का सान्निध्य प्राप्त हो।ह्व उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति प्रेम, आस्था और निष्ठा बनाए रखने से मनुष्य की आत्मा निर्मल होता है और जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयाँ सरल हो जाता हैं। जीवन के हर क्षेत्र में, चाहे वह भौतिक हो या आत्मिक, सफलता के लिए गुरु की कृपा परम आवश्यक है। डॉ मिश्र ने कहा कि गुरु की कृपा से संसारिक मोह, कष्ट, अज्ञान और भटकाव से मुक्ति मिलती है। गुरु के मार्गदर्शन में व्यक्ति आत्मा की गहराइयों को समझ पाता है और अपने जीवन को सत्य, अहिंसा, प्रेम और सेवा की राह पर अग्रसर करता है। ह्लजब तक जीवन में आध्यात्मिक गुरु नहीं होता, तब तक आत्मा अधूरी रहती है। गुरु वह दीपक हैं जो हमारे अंतर्मन के अंधकार को समाप्त कर देते हैं। कार्यक्रम के मंच संचालक एवं गुरु पूर्णिमा विशेष पत्रिका के संपादक सुरेन्द्र कुमार रंजन ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में गुरु की महिमा को चंद्रमा से तुलना करते हुए कहा कि ह्लगुरु उस पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह होता हैं,

# अलुआबाड़ी ठाकुर गंज रेल खंड के दोहरीकरण से पूर्वोत्तर को मिलेगा रणनीतिक और आर्थिक बल

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। रेल मंत्रालय द्वारा उत्तर बंगाल और बिहार को जोड़ने वाले अलुआबाड़ीझ्ठाकुरगंज रेल खंड के दोहरीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना 19.95 किलोमीटर लंबे मार्ग पर लगभग 342.7 करोड़ की लागत से तीन वर्षों में पूरी की जाएगी। यह खंड अलुआबाड़ीझ्न्यू जलपाईगुड़ी के उच्च उपयोग वाले नेटवर्क का हिस्सा है, और इसके दोहरीकरण से इस मार्ग पर रेल यातायात की क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। परियोजना उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) और किशनगंज (बिहार) जिलों से होकर गुजरेगी। इसमें कुल चार स्टेशन–अलुआबाड़ी रोड जंक्शन, पोठिया, तैयबपुर और ठाकुरगंज जंक्शन–शामिल होंगे। परियोजना में 9 बड़े और 6 छोटे पुल, 8 अंडरपास, 25 टन लोडिंग मानक, 1725 केवी विद्युतीकरण और 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा का प्रावधान होगा। सुरक्षा के लिए आधुनिक ह्यकवचह्न सिग्नलिंग प्रणाली भी लगाई जाएगी। यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत की रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा बलों, साजो-सामान और आपूर्ति की त्वरित आवाजाही संभव हो सकेगी। साथ ही यह परियोजना दार्जिलिंग जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करेगी, जिससे स्थानीय आर्थिक विकास को बल मिलेगा। इसके अतिरिक्त, इस मार्ग पर माल ढुलाई में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी–पहले वर्ष में 0.296 मिलियन टन, छठे वर्ष में 0.348 मिलियन टन और ग्यारहवें वर्ष में 0.408 मिलियन टन अनुमानित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह परियोजना विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ करेगी, बल्कि आर्थिक और सामरिक दृष्टि से भी राष्ट्रहित में उपयोगी सिद्ध होगी।

### प्रयागराज-मुजफ्फरपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस में अतिक्ति कोच का संयोजन तथा 01 सितम्बर, से चलेगी नए नंबर से

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर मुजफ्फरपुर एवं प्रयागराज के मध्य परिचालित की जा रही गाड़ी संख्या 12538/12537 प्रयागराज-मुजफ्फरपुर- प्रयागराज एक्सप्रेस में दिनांक 14.07.2025 से तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच तथा तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी का 02 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा । इन तीन कोचों के संयोजन के पश्चात इस ट्रेन में कोचों की कुल संख्या 18 से बढ़कर 21 हो जाएगी ।

दिनांक 01.09.2025 से गाड़ी संख्या 12538/12537 प्रयागराज-मुजफ्फरपुर -प्रयागराज

# चेन पुलिंग में 612 लोग व महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 1176 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन समय पालन के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो । ऑपरेशन समय पालन के तहत पिछले माह के 15.06.2025 से 30.06.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 612 लोगों को हिरासत में लिया गया । इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेशन समय पालन के तहत इस दौरान सर्वाधिक 327 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 136, सोनपुर मंडल में 64, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 40 तथा धनबाद मंडल में 45 लोगों को हिरासत में लिया गया । इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ह्यह्यमहिला सुरक्षाह्यह्य के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया । ऑपरेशन महिला सुरक्षा मे तहत पिछले माह के 15.06.2025 से 30.06.2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 1176 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 420 लोग दानापुर मंडल में जबकि धनबाद मंडल में 342, सोनपुर मंडल में 275, समस्तीपुर मंडल में 78 तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 61 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

# दिल्लीवाले देख रहे हैं कि चारों इंजन बीजेपी के पास ही है, फिर भी पूरी दिल्ली पानी में डूब गईः सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ बीजेपी को सत्ता सौंपी थी, लेकिन पांच महीने में ही उसे अपने फैसले पर पछतावा हो रहा है। कुछ देर की बारिश में सड़कों से लेकर गलियों तक भारी जल भराव, साफ पानी की किल्लत और बिजली कटौती ने दिल्लीवालों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि उनका फैसला गलत था। अब तो सोसायटी के व्हाट्सएप ग्रुप्स और ड्राइंग रूम तक में बीजेपी सरकार की विफलता की चर्चा हो रही है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली से लेकर गुरुग्राम तक हुए भारी जल भराव को लेकर यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि 27 साल बाद मौका दे रहे हैं तो बीजेपी अच्छा काम करेगी, लेकिन वह पूरी तरह से नकारा निकली। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सड़कों पर जलभराव के मुद्दे पर शुक्रवार को कहा कि आज दिल्ली के व्हाट्सएप ग्रुप्स, ड्राइंग रूम्स और साउथ दिल्ली के क्लब में मध्यम वर्ग के लोगों के बीच यही चर्चा चल रही है कि वह मान रहे हैं कि भाजपा को दिल्ली में लाना एक बड़ी गलती थी। लोग भूल गए कि वही भाजपा, जो पिछले 12-14 साल से हरियाणा में सरकार चला रही है और हर बार गुड़गांव म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में जीतती है, उसके बावजूद वहां करोड़ों के फ्लैट में रहने वालों की करोड़ों रुपये की गाड़ियां पानी में डूब रही हैं। यह हर साल होता है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह सब जानते हुए भी दिल्ली के लोगों ने यह सोचकर भाजपा को मौका दिया कि दिल्ली की लीडरशिप कुछ कर देगी। लेकिन पहले ही मॉनसून में भाजपा के चारों इंजन की पोल खुल गई। अगर आज ह्लआपह्व के पास एमसीडी होती, तो मुख्यमंत्री, मंत्री, एलजी और ये तमाम भाजपा के लोग सारा दोष ह्लआपह्व पर डाल देते कि वह गड़बड़ कर रही है। लेकिन आज दिल्ली वालों को दिख रहा है कि चाहे एनडीएमसी, डीडीए, एमसीडी या पीडब्ल्यूडी की रोड हो, चारों इंजन इन्हीं के पास हैं। फिर भी हर रोड पर पानी भरा हुआ है, जो दिल्ली के लिए बहुत बड़ा दुर्भाग्य है।

# दिल्ली के बाड़ा हिंदूराव इलाके में तीन मंजिला इमारत ढहने से एक व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली के बाड़ा हिंदूराव इलाके में शुक्रवार तड़के तीन मंजिला वाणिज्यिक इमारत ढहने से एक 46 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इमारत में स्थित एक दुकान का कर्मचारी मनोज शर्मा मलबे में दब गया, उसे बाहर निकालकर हिंदू राव अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शर्मा लगभग तीन दशक से दुकान पर काम करता था। अधिकारियों ने बताया कि इमारत के सामने खड़ा एक ट्रक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, देर रात 1:56 बजे लोहिया चौक पर मिठाई पुल के पास इमारत गिरने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि दुकानों और गोदामों वाली तीन मंजिला इमारत का ढांचा ढह गया। दुकानें भूतल पर थीं और ऊपरी मंजिलों पर स्टोर रूम थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंठिया ने बताया, ढ्ढये दुकानें आजाद मार्केट के पास हैं और इनमें मुख्य रूप से बैग और तिरपाल बेची जाती हैं। शर्मा गुलशन महाजन की दुकान संख्या 7ए पर काम करता था। डीसीपी ने बताया, ढ्ढवह लगभग 30 साल से वहां काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि किसी और की मौत की कोई खबर नहीं है। बंठिया ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### वांछित बदमाश को पुलिस ने दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में वांछित आरोपित भोले शंकर उर्फ शंकर को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली के बाहरी उत्तर जिला क्षेत्र में नशे की अवैध आपूर्ति का मुख्य कड़ी था और लंबे समय से फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित को श्रीनगर कॉलोनी, पीतमपुरा से दबोचा। जांच में पता चला है कि आरोपित शाहबाद डेरी थाने में दर्ज मादक पदार्थ मामले में फरार था। उसे कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया हुआ था।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार, वाहन बरामद

नई दिल्ली। बाहरी-उत्तरी जिला एएटीएस की टीम ने एक ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया है, जो गाजियाबाद से आकर शाहबाद डेरी इलाके में वाहनों की चोरी करते थे। फिर इन वाहनों को बेच देते थे। बताया गया कि टीम गुप्त सूचना के आधार पर शाहबाद डेरी थाना क्षेत्र से गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो मारुति सुजुकी ईको कार, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी भी बरामद की है। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि नौ जुलाई की देर रात गुप्त सूचना मिली कि लोनी गाजियाबाद के रहने वाले दो वाहन चोर चोरी की मोटरसाइकिल पर शाहबाद डेरी क्षेत्र में कोई अपराध करने और वाहन चोरी करने आ रहे हैं। एएटीएस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में आरोपितों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी निगरानी के माध्यम से दो शख्स अजय उर्फ वीरेंद्र और अमन उर्फ पवन को एक चोरी की बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया। वहीं, पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि उन्होंने तीन अन्य वाहन भी चुराए हैं, जिनमें दो मारुति सुजुकी ईको और एक टीवीएस स्कूटी शामिल हैं। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी के सभी वाहन बरामद कर लिए गए। आरोपित अजय उर्फ वीरेंद्र पर 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमन उर्फ पवन पर तीन आपराधिक मामले दर्ज है।

### कारोबारी के कर्मचारी से हुई ढ़ाई लाख की लूट में एक गिरफ्तार

नई दिल्ली,। मध्य जिला स्पेशल स्टाफ ने 2 घंटे के भीतर लूट के मामले को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी योगेश कुमार है। पुलिस ने इसके पा से लूटी गई राशि में से 2 लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। मध्य जिला डीसीपी निधिन वल्सन ने बताया कि स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार की देखरेख में गठित टीम ने शिकायत के बाद स्थानीय पूछताछ की सीसीटीवी कैमरों की जांच की और मैन्युअल जानकारी एकत्र कर। सूचना के माध्यम से, टीम ने दिल्ली के बसई धारापुर अस्पताल के पास आरोपी का पता लगाया। 10 जुलाई की घटना के मात्र 2 घंटे के भीतर, टीम ने बसई धारापुर अस्पताल के पास योगेश कुमार को धर दबोचा। उसकी निशानदेही पर लूटी गई रकम में से 2 लाख रुपए नकद और अपराध के दौरान पहने हुए कपड़े बरामद किए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलास किया की उसने 50 हजार रुपए कर्ज व अन्य जगह खर्च कर दी। उसने दिल्ली में कई झपटमारी और चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। वह पहले भी झपटमारी, चोरी और अन्य अवैध गतिविधियों के 11 से अधिक मामलों में शामिल रहा है और सदर बाजार, दिल्ली पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस को 9 जुलाई को पहाडगंज थाने में लूट की एक घटना दर्ज की गई।

# सदर बाजार इलाके में गिरी तीन इमारतों को पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया था : दिल्ली मेट्रो



नई दिल्ली,। दिल्ली मेट्रो ने सदर बाजार के मिठाईपुल इलाके में उसके सुरंग निर्माण कार्य के निकट शुक्रवार तड़के तीन इमारतों के ढहने के मामले में स्पष्ट किया है कि इन्हें 12 जून को असुरक्षित घोषित करते हुए खाली करने का नोटिस दे दिया गया था। दिल्ली मेट्रो रेल निगम(डीएमआरसी) ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इन इमारतों के मालिकों को नोटिस भेजकर स्पष्ट बता दिया गया था कि ये इमारतें बेहद जर्जर हालत में हैं और एहतियात के तौर पर इन्हें खाली कराना जरूरी है। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली के सदर बाजार के मिठाईपुल इलाके में शुक्रवार तड़के तीन इमारतें (दुकानें/कार्यालय) ढह गयी। यह दिल्ली मेट्रो के जनकपुरी पश्चिम-आर.के. आश्रम मार्ग कॉरिडोर के लिए जारी सुरंग निर्माण कार्य क्षेत्र में आता है। इसके अतिरिक्त इन इमारतों को सहारा देने और सुरंग निर्माण के कारण होने वाले किसी भी जोखिम को कम करने के लिए साइट पर आवश्यक सबसॉइल ग्राउटिंग और बाहरी सहारा उपलब्ध कराया गया था। सबसॉइल ग्राउटिंग का अर्थ है मिट्टी के नीचे की परतों में ग्राउट (एक प्रकार का तरल पदार्थ) डालना ताकि मिट्टी को मजबूत कर उसकी पानी सोखने की क्षमता कम की जा सके, या मिट्टी में दरारें और छेद भरे जा सकें। इसका उपयोग आमतौर पर निर्माण परियोजनाओं, सुरंगों, बांधों, और नींवों को मजबूत करने के लिए किया जाता है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर मलबा हटाने का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर इलाके में उचित बैरिकेडिंग भी कर दी गई है। इस अभियान के दौरान दुर्भाग्य से एक व्यक्ति की मौत हो गई। डीएमआरसी ने मृतक के परिजनों को पांच लाख रूपए अनुग्रह राशि की घोषणा की है। सुरंग निर्माण का काम मेसर्स एफकॉन्स द्वारा किया जा रहा है। डीएमआरसी ने कहा है कि इस घटना की विस्तृत जाँच करायी जाएगी।

# पहले बीजेपी ने एलजी से बस मार्शलों को बेरोजगार किया और अब नौकरी पक्का करने का वादा पूरा नहीं कर रही:आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने बेरोजगार बस मार्शलों को बहाल करने का वादा नहीं पूरा करने पर बीजेपी तीखा हमला बोला है। आप का कहना है कि बीजेपी की वादाखिलाफी और धोखेबाजी के खिलाफ हजारों बस मार्शल सड़कों पर उतर पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हैं। शुक्रवार को भी हजारों बस मार्शलों ने सिविल लाइन में बीजेपी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की और भाजपा को चुनाव के दौरान किए गए वादे की याद दिलाई। बारिश के बावजूद बस मार्शल काफी देर तक सड़क पर डटे रहे, लेकिन बीजेपी की तरफ से उन्हें आश्वासन नहीं मिला। सरकार बने लगभग 5 महीने हो चुके हैं लेकिन बीजेपी इन बस मार्शलों की एक बात तक नहीं सुन रही है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि यह बस मार्शल बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगाए गए थे। जिसके बाद से बसों में सफर करने वाली महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही थीं, लेकिन महिला विरोधी बीजेपी को यह पसंद नहीं था और उसने अपने एलजी के जरिए हजारों बस मार्शलों को नौकरी से निकवा दिया। वहीं, चुनाव से पहले बीजेपी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेता अन्य नेताओं ने इन बस मार्शलों से वादा किया था कि बीजेपी की सरकार बनने के 60 दिन के अंदर सबकी नौकरी पक्की कर दी जाएगी। बस मार्शल बीजेपी के इस झूठे वादे में गुमराह हो गए और उसकी सरकार बनवा दी, लेकिन सरकार बनते ही बीजेपी अपने वादे को भूल गई और बस मार्शलों की नौकरी पक्की करने को लेकर टाल-मटोल कर रही है। बस मार्शल पूछ रहे हैं कि कहां गया बीजेपी का वादा, 60 दिन से 100 दिन हो गए, क्या है भाजपा का इरादा। उधर, बस मार्शलों का कहना है कि 31 अक्टूबर 2023 को सभी बस मार्शलों को अचानक हमें नौकरी से निकाल दिया गया। हमने जब कारण पूछा तो नियमों का हवाला दिया गया। दिल्ली सचिवालय और विधानसभा में बस मार्शलों को पक्का करने का प्रस्ताव पास किया गया है। चुनाव से पहले बीजेपी सरकार ने बस मार्शलों से वादा किया था कि 60 दिन के अंदर नौकरी बहाल कर देंगे। लेकिन अभी तक उन्हें नौकरी वापस नहीं मिली है। जबकि बीजेपी सरकार बने 5 महीने हो गए हैं। हम लगातार धरना-प्रदर्शन कर बीजेपी से पूछ रहे हैं कि हमारा रोजगार कहां है। लेकिन बीजेपी सरकार की कानों में जू नहीं रेंग रही है। क्या सचिवालय और विधानसभा झूठी है। अगर ये झूठे हैं तो इनको बंद कर दिया जाए। बीजेपी की सरकार सरकारी कागजों को भी कुछ नहीं समझ रही है। अगर बीजेपी सरकार हमें पक्का नहीं करना चाहती है तो हमें सीधा मना कर दे। बस मार्शलों का कहना है कि हम अपने हक के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कोराना जैसी महामारी में बस मार्शल अपनी जान खतरे में रख कर काम किए हैं। बस मार्शलों की कोई गलती नहीं है। हमें हमारा रोजगार मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री सिर्फ आश्वासन दे रही हैं। हम सभी गरीब परिवारों से आते हैं। नौकरी जाने की वजह से घर चलाना मुश्किल हो गया है। बीजेपी ने सरकार बनने के 60 दिन के अंदर रोजगार देने का वादा किया था। बीजेपी पर भरोसा करके हमने गलती कर दी।

# भाजपा को लाकर पछता रहे दिल्लीवाले : आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता सौंपी थी, लेकिन 5 महीने में ही उसे अपने फैसले पर पछतावा हो रहा है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने जलभराव के मुद्दे पर कहा कि दिल्ली में मध्यम वर्ग के लोगों के बीच यही चर्चा चल रही है कि वह स्वीकार कर रहे हैं कि भाजपा को दिल्ली में लाना एक बड़ी गलती थी। लोग भूल गए कि यह वही भाजपा है, जो पिछले 12-14 साल से हरियाणा में सरकार चला रही है और हर बार गुड़गांव नगर निगम में जीतती है, उसके बावजूद वहां करोड़ों के फ्लैट में रहने वालों की गाड़ियां पानी में डूब रही हैं। यह हर साल होता है। भारद्वाज ने कहा कि यह सब जानते हुए भी दिल्ली के लोगों ने यह सोचकर भाजपा को मौका दिया कि यहाँ कुछ बेहतर होगा, लेकिन पहले ही मानसून में भाजपा के चारों इंजन की पोल खुल गई। अगर आप के पास निगम होती, तो मुख्यमंत्री, मंत्री, उपराज्यपाल और ये तमाम भाजपा के लोग सारा दोष आप पर डाल देते कि वह गड़बड़ कर रही है। आज दिल्ली वालों को दिख रहा है कि चाहे एनडीएमसी, डीडीए, एमसीडी या पीडब्ल्यूडी की सड़क हो, चारों इंजन इन्हीं के पास हैं। फिर भी हर सड़क पर पानी भरा हुआ है, जो दिल्ली के लिए बहुत बड़ा दुर्भाग्य है।

# तिब्बत के स्कूली बच्चों पर चीन के शोषण को उजागर करती रिपोर्ट जारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। तिब्बत एक्शन इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को शोध रिपोर्ट ह्यजब वे हमारे बच्चों को उठाने आए-चीन के औपनिवेशिक आवासीय विद्यालय और तिब्बत का भविष्यह्ण का हिंदी संस्करण कंस्टीट्यूशन क्लब में जारी कियाा। मूल रूप से अंग्रेजी में इस रिपोर्ट को 28 मई 2025 को ऑनलाइन जारी किया गया है। यह रिपोर्ट चीन सरकार द्वारा तिब्बत के आवासीय विद्यालयों में तिब्बती बच्चों के साथ किए जा रहे शोषण को उजागर करती है। इस लोकार्पण समारोह में प्रमुख भारतीय और तिब्बती नेताओं ने भाग लिया। इनमें राज्यसभा सदस्य सुजीत कुमार, गृह मंत्रालय के पूर्व विशेष सलाहकार अमिताभ माथुर, कोर ग्रुप फॉर तिब्बतन कॉज इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक आरके खिरमे, तिब्बत में चीन की आत्मसात और शिक्षा नीतियों के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. ग्याल लो और तिब्बती सांसद और तिब्बत एक्शन इंस्टीट्यूट में एशिया कार्यक्रम प्रबंधक दोरजी सेतेन शामिल रहे। तिब्बत एक्शन इंस्टीट्यूट में तिब्बत मामलों और शिक्षा मामलों के विशेषज्ञ डॉ. ग्याल लो ने चीनी की औपनिवेशिक आवासीय विद्यालय प्रणाली को तिब्बती पहचान, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को मिटाने की एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा बताया हैं। उन्होंने कहा कि चीन के औपनिवेशिक आवासीय विद्यालय तिब्बती बच्चों को शिक्षित करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें धर्म प्रचारित करने के लिए बनाए गए हैं। इस रिपोर्ट में दिए गए साक्ष्य उनके शोध और उनके अपने परिवार के अनुभव की पुष्टि करते हैं। चीनी अधिकारी जान-बूझकर हमारे बच्चों को हमसे दूर कर रहे हैं और उन्हें अपनी परंपराओं से अलग कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार हाल के वर्षों में चीनी सरकार ने तिब्बतियों द्वारा संचालित स्कूलों और स्थानीय गांवों के स्कूलों को बंद किया है, जिससे तिब्बती अभिभावकों के पास अपने बच्चों को सरकारी आवासीय विद्यालयों में भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। पूर्व विशेष सलाहकार अमिताभ माथुर ने कहा कि भारत को तिब्बत जैसी एक अनूठी संस्कृति को मिटाने के प्रयास के प्रति मूक-बधिर बनकर नहीं रहना चाहिए। तिब्बत का आध्यात्मिक उद्गम हमारी नालंदा परंपरा से जुड़ा है और लिपि देवनागरी से ही निकली है।

# आईपी यूनिवर्सिटी और सीईएमसीए के बीच एमओयू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) और कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया (सीईएमसीए) के बीच शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी को सीईएमसीएआईपीयू नाम दिया गया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, समावेशिता और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। यह एमओयू सीईएमसीए के निदेशक डॉ. बशीर अहमद शद्रच और जीजीएसआईपीयू के रजिस्ट्रार डॉ. कमल पाठक द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। समारोह के दौरान, आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. महेश वर्मा ने इस समझौते को शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में अहम कदम बताया। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि शिक्षा सभी के लिए अर्थपूर्ण और सुलभ होनी चाहिए। यह साझेदारी हमारे शैक्षिक समुदाय को उच्च प्रभाव वाली, समावेशी और नवाचारी शिक्षा प्रदान करने में मदद करेगी। सीईएमसीए के निदेशक डॉ. बशीर अहमद शद्रच ने अपने वक्तव्य में कहा कि सीईएमसीए मीडिया और प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा को अधिक न्यायसंगत और सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा, जीजीएसआईपीयू जैसे बहु-विषयक विश्वविद्यालय के साथ यह गठबंधन हमारे प्रयासों को व्यापक शैक्षिक समुदाय तक पहुंचाने में सहायक होगा। इस सहयोगात्मक पहल का नेतृत्व यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन (यूएसई) की डीन प्रो. सरोज शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह समझौता शिक्षकों और छात्रों दोनों को नवाचारी उपकरण, संसाधन और शैक्षिक प्रथाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि शिक्षा केवल ज्ञान का हस्तांतरण नहीं, बल्कि सहयोग, तकनीक और समावेशिता का संगम होना चाहिए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएं मिलकर प्रभावशाली शैक्षिक कार्यक्रमों का विकास करेंगी, संकाय एवं छात्र विकास के लिए विभिन्न पहलें शुरू करेंगी और क्षेत्रीय व वैश्विक स्तर पर शैक्षिक परिदृश्य को समृद्ध करने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगी।

# दिल्ली में आधार के लिए हों सख्त नियम




नई दिल्ली,। दिल्ली के मुख्य सचिव ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को एक चिट्ठी लिखकर आधार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में सख्त नियम लागू करने की मांग की है। यह कदम अवैध प्रवासियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए आधार कार्ड हासिल करने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए उठाया गया है। चिट्ठी में कहा है कि कई अवैध अप्रवासी नागरिक गलत करीके से आधार कार्ड हासिल कर रहे हैं। चिट्ठी में लिखा है कि सुरक्षा समीक्षा बैठकों में यह बात सामने आई है कि कई अवैध प्रवासी फर्जी दस्तावेजों या गलत जानकारी के आधार पर आधार कार्ड हासिल कर रहे हैं। इसका असर केवल आधार तक सीमित नहीं है, बल्कि ये लोग पासपोर्ट और वोटर आईडी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बना रहे हैं। इतना ही नहीं, वे सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने के साथ-साथ स्थानीय नौकरियों पर भी कब्जा जमा रहे हैं, जिससे दिल्ली के स्थानीय श्रम बाजार पर बुरा असर पड़ रहा है। यह स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा बन रही है। सख्त हों आधार के नियम मुख्य सचिव ने आधार (नामांकन और अपडेट) विनियम, 2016 के तहत रजिस्ट्रारों की जिम्मेदारियों पर फिर से विचार करने की बात कही है। खासतौर पर फील्ड-लेवल कार्यान्वयन, निगरानी और सत्यापन प्रक्रियाओं को और मजबूत करने की जरूरत है। उपराज्यपाल ने इस मामले में गहरी चिंता जताई है और सभी रजिस्ट्रारों को दो महीने के भीतर आधार नामांकन को पूरी तरह इन-हाउस मॉडल में बदलने का निर्देश दिया है। यूआईडीएआई का पुराना आदेश अब तक क्यों नहीं हुआ लागू? यूआईडीएआई ने 14 अक्टूबर, 2022 को एक कार्यालय ज्ञापन जारी कर सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे 31 मार्च, 2023 तक आधार नामांकन को आउटसोर्स से इन-हाउस मॉडल में शिफ्ट करें। लेकिन दिल्ली में यह व्यवस्था अभी तक लागू नहीं हो सकी है। कई रजिस्ट्रार अभी भी नामांकन एजेंसियों पर निर्भर हैं और कुछ ने मशीनें खरीदने के लिए टेंडर भी जारी किए हैं। इस असमानता को दूर करने के लिए उपराज्यपाल ने सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। 15 जुलाई तक मांगी गई पूरी जानकारी उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार और नगर निगमों द्वारा संचालित सभी आधार नामांकन केंद्रों की विस्तृत जानकारी 15 जुलाई, 2025 तक जमा करने का निर्देश दिया है। इसमें केंद्रों के संचालन के तरीके और वर्तमान स्थिति की जानकारी शामिल होगी। साथ ही, यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि मशीनें और ऑपरेटर रजिस्ट्रार के रोल पर हैं या किसी मैनपावर हायरिंग एजेंसी से लिए गए हैं।

# दिल्ली का गौरव उसके ऐतिहासिक धरोहरों में समाहितः रेखा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी का गौरव उसके ऐतिहासिक धरोहरों, जीवंत संस्कृति और आधुनिक मूल्यों में समाहित है। श्रीमती गुप्ता ने शुक्रवार को यहाँ दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से कहा, राजधानी के छवि को पुनर्निर्माण करने की जरूरत है। दिल्ली में वह सब कुछ है जो विश्व के पर्यटकों को चाहिए, वह इतिहास, संस्कृति, कला और विरासत है। केवल एक प्लेटफार्म देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा आज दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित डिलाइट फॉर दिल्ली समिट में सहभागिता करते हुए यह विश्वास और भी दृढ़ हुआ कि दिल्ली अब केवल एक राजधानी नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन, सांस्कृतिक समृद्धि और नवाचार का आकर्षण केंद्र बन रही है। उन्होंने कहा कि यह समिट केवल पर्यटन विस्तार का एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली को वैश्विक निवेश, नवाचार और सांस्कृतिक नेतृत्व की नई ऊँचाइयों से जोड़ने का एक रणनीतिक मंच है। राजधानी का गौरव उसके ऐतिहासिक धरोहरों, जीवंत संस्कृति और आधुनिक मूल्यों में समाहित है, जहाँ एक ओर लाल किले और कुतुब मीनार की भव्यता है, तो दूसरी ओर स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक इवेंट्स को होस्ट करने की क्षमता भी है। जी 20 शिखर सम्मेलन ने विश्व को दिल्ली की गरिमा, दक्षता और सामर्थ्य का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज दिल्ली परंपरा और प्रगति का संगम बनकर एक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व की भावना को सशक्त रूप में दर्शा रही है। दिल्ली सरकार निवेशकों के लिए भरोसेमंद भागीदार है। हम सुझावों को योजनाओं में, और योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा, आइए, हम सब मिलकर एक ऐसी दिल्ली का निर्माण करें जो विश्व पटल पर संस्कृति, समृद्धि और सतत विकास का प्रतीक बने।

# लूटपाट में शामिल मां-बेटे की जोड़ी गिरफ्तार

नई दिल्ली,। बाप नंबरी, बेटा दस नंबरी फिल्म में दिखाया गया था किस तरह चोर बाप-बेटे की जोड़ी वारदात को अंजाम देती है। पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने इसी तरह की सब्जी बेचने वाले मां-बेटे की जोड़ी को उनके साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। एक युवक अपने साथी के साथ बाइक से लूटपाट करता था। लूट का सामान लाकर मां को दे देता था। उस उस सामान को महिला बेच देती थी। पकड़े गए आरोपितों की पहचान आकाश, इसकी मां बेबी, इसका दोस्त सुरेश उर्फ गोलू और लूट व चोरी को माल खरीदने वाले ज्वेलर विनोद सोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से दो बाइक, 47 हजार रुपये और सोना पिघलाने का सामान बरामद किया है। सुरेश पर हत्या, हत्या के प्रयास समेत 30 और आकाश पर लूट, झपटमारी के 16 केस दर्ज हैं। जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि प्रीत विहार इलाके में सात जुलाई को 62 साल की बुजुर्ग महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन झपटी थी। एसीपी पवन कुमार के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज जितेंद्र मलिक व अन्य की टीम बनाई गई। टीम ने प्रीत विहार व उसके आसपास के क्षेत्र में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान पता चला कि बाइक पांडव नगर थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित

**बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए15 जुलाई से चलेगा संभव अभियान**



प्रात: किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक

अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण अभियान के अन्तर्गत गठित जिला पोषण समिति बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पोषण अभियान के निर्धारित बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जिसमें 15 जुलाई से शुरू होने वाले संभव अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुपोषित और कम हाइट वाले बच्चों को चिन्हित कर उनकी डाइट में सभी पोषक तत्व देते हुए उनको कुपोषित की श्रेणी से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि यह कार्य देश और प्रदेश के विकास के लिए बहुत जरूरी है। कोई भी बच्चा कुपोषित रहकर पीछे न रह जाए इसलिए ये अभियान शुरू किया गया है। जिससे सभी कुपोषित बच्चे स्वस्थ होकर एक अच्छा जीवन जीते हुए देश की प्रगति में योगदान दे सके। उन्होंने अभियान के अन्तर्गत 100 ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी नामित करते हुये सही से वजन तथा लम्बाई नापने हेतु निर्देशित किया ताकि नाटेपन एवं लो बर्थ वेट रेट में कमी लाई जा सके। श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सैम एवं मैम बच्चों के यहां आशा, ए०एन०एम० के साथ नियमित ग्रह भ्रमण करने के निर्देश दिए। चिन्हित कुपोषित बच्चों को स्वस्थ करने के उद्देश्य से गाय सुपुर्द की जाए तथा गाय के भरण पोषण हेतु शासन से निर्धारित धनराशि उपलब्ध कराई जायें। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाडी कार्यकत्री घर-घर जाकर शत-प्रतिशत होम विजिट सुनिश्चित करें। धनौरा, गजरौला और गंगेश्वरी ब्लॉक में मैम बच्चों की संख्या अधिक होने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सीडीपीओ को निर्देश दिए कि कारणों को चिन्हित कर दूर करते हुए सुधार लाया जाए। जिलाधिकारी द्वारा फोटो कैप्चर, ई०के० वाई०सी० प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, भवन निर्माण तथा शासन से संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा की गयी तथा निर्देशित किया गया कि फैस कैप्चर तथा ई०के० वाई०सी० का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीव सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री, मंत्रियों और मेयर को नाले पर खड़े होकर फोटो खिंचवाना बंद करके जमीन पर काम करना चाहिए :अंकुश नारंग

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में हुए भारी जल भराव को लेकर बीजेपी सरकार को आड़े हाथ लिया है। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि कुछ देर की बारिश में बीजेपी सरकार के सारे दावे , बह गए और पूरी दिल्ली पानी-पानी हो गई। सीएम, पीडब्ल्यूडी मंत्री और मेयर ने दिल्लीवालों से वादा किया था कि कहीं जल भराव नहीं होगा, सारे इंतजाम कर लिए गए हैं और दिल्लीवाले मानसून का आनंद लेंगे, लेकिन बारिश हुई तो उनके सारे दावे खोखले निकले। जल भराव से लोग घंटों परेशान रहे, लेकिन सीएम से लेकर मंत्री तक कोई सड़क पर दिखाई नहीं दिया। मंत्री प्रवेश वर्मा ने तो कहा था कि जलभराव होने पर अफसरों को सस्पेंड कर देंगे। बीजेपी को बताना चाहिए कि अब जब जल भराव हो गया है तो कितनों को सस्पेंड किया गया है? आप के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने प्रेस वार्ता कर कहा कि मानसून शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि इस बार हमने सारे उपाय कर लिए हैं, दिल्ली की जनता को कोई दिक्कत नहीं होगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा था कि 400 से ज्यादा जलभराव वाले पॉइंट्स चिह्नित किए गए हैं और इनके लिए जिम्मेदार अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई है। अगर कहीं पानी भरेगा, तो अफसरों को तुरंत सस्पेंड कर देंगे। एमसीडी मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा था कि दिल्लीवासी इस बार मानसून का आनंद लेंगे। स्टैंडिंग कमेटी की पहली बैठक में कहा गया कि दिल्ली सरकार की तरह एमसीडी भी नोडल अफसर लगाएगी, जो जलभराव रोकेगी और नालों की सफाई सुनिश्चित करेगी। अंकुश नारंग ने पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर हुए जलभराव की तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शालीमार बाग विधानसभा में जलभराव हुआ, धौला कुआं में बारिश रुकने के बाद भी जलभराव रहा। संगम विहार में भाजपा का विधायक है, वहां जलभराव हुआ। नजफगढ़, मुस्तफाबाद में सडक पर भरे पानी में बच्चा कश्ती चलाते हुए दिखा। नारायण गांव, शाहदरा, कश्मीरी गेट समेत पूरी दिल्ली में जगह-जगह जलभराव हुआ। सरिता विहार में भाजपा का बोर्ड लगा है, जिसमें लिखा है कि यह विकास कार्य उनके नेता द्वारा कराया गया, लेकिन वहां भी पानी भरा है। अंकुश नारंग ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार, 30 जून तक पीडब्ल्यूडी के 82 फीसद नालों की सफाई हो चुकी थी। एमसीडी की आधिकारिक रिपोर्ट कहती है कि सभी नालों की सफाई पूरी हो गई है और यह काम पूरे साल चलता है। चार फीट से छोटे और बड़े नालों की सफाई की रिपोर्ट भी जमा की गई। यानी एमसीडी के हिसाब से 100 फीसद और पीडब्ल्यूडी के हिसाब से 82 फीसद काम हो चुका था। फिर भी दिल्ली में जलभराव क्यों हुआ? क्या भाजपा ने जलभराव रोकने के लिए कोई कदम उठाए? दिल्ली सरकार ने जलभराव रोकने के लिए 443 अफसरों की ड्यूटी लगाई गई थी। क्या किसी को सस्पेंड किया गया? मेयर राजा इकबाल सिंह कह रहे थे कि दिल्लीवाले मानसून का आनंद लेंगे, क्या बारिश के दिन वह सड़कों पर थे? मुख्यमंत्री और भाजपा के मंत्री भी सड़कों पर नहीं थे। अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्लीवालों से बड़े-बड़े वादे करके बीजेपी सत्ता में आई, लेकिन दिल्ली की जनता को सिर्फ धोखा दिया। भाजपा ने कहा था कि इस बार जनता को जलभराव से तकलीफ नहीं होगी, लेकिन हल्की बारिश में भी दिल्ली डूब गई। लोगों को 5-6 घंटे बारिश में परेशान होना पड़ा। लोगों का एक जगह से दूसरी जगह पहुंचना मुश्किल था। भाजपा को जमीन पर उतरकर काम करना चाहिए, न कि सिर्फ फोटो सेशन करना चाहिए। एलजी, मुख्यमंत्री, मेयर और मंत्री नाले पर खड़े होकर फोटो खिंचवाते हैं। इससे बेहतर है कि नाले साफ करवाएं। एमसीडी के नाले साफ हों, ताकि जनता को तकलीफ न हो। भाजपा को अपनी कथनी और करनी में समानता लानी होगी और दिल्ली की जनता का हक अदा करना होगा। जनता जलभराव सहन नहीं कर सकती।

## गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन

**प्रात: किरण . मनोज जैन**

रामप्रस्थ, गाजियाबाद। ऋषिप्रज्ञ पूज्य आचार्यश्री शिवांश जी महाराज के पावन सान्निध्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। देश के विभिन्न भागों से पधारे पूज्य महाराजश्री के सैकड़ों मंत्रदीक्षित शिष्यों ने गुरुदर्शन, पूजन और आशीर्वाद प्राप्त कर आत्मिक संतोष अनुभव किया। कार्यक्रम की शुरूआत शास्त्रीय नृत्यांगना अभीप्सा दास द्वारा मंगलाचरण, नवदुर्गा, दशावतार आदि भावनात्मक नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिन्हें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर देखा और सराहा। पूज्य महाराजश्री ने अपने प्रवचन में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर का महत्व बताते हुए भगवान वेदव्यास के जन्म की कथा, गुरु-शिष्य परम्परा की भारतीय परंपरा में भूमिका एवं आत्मा के उत्थान में गुरु के योगदान पर गहन प्रकाश डाला। गुरुपूजन समारोह में रामप्रस्थ क्षेत्र के लोकप्रिय निगम पार्षद श्री भगवान अग्रवाल ने सर्वप्रथम पूज्य महाराजश्री के पावन चरणों में विधिपूर्वक पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात विश्व बन्धु सेवा संस्थान द्वारा उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर विशिष्ट समाज सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया। पूज्य महाराजश्री के करकमलों से यह सम्मान उन विशिष्ट जनों को भी प्रदान किया गया जिन्होंने समाजहित में अनुकरणीय योगदान दिया है। उनमें प्रमुख नाम हैं– समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री भूषण कुमार जैन, संस्कृत संवाद एवं हिन्द प्रहरी समाचार पत्रों के प्रबंध सम्पादक श्री वेदप्रकाश शर्मा, गुरुद्वारा प्रबंध समिति के प्रधान श्री त्रिलोचन सिंह लवली, रघुनाथ मन्दिर समिति के प्रधान श्री राधाकृष्ण गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष श्री जसवन्त सिंह, महाप्रबंधक श्री रमेश बत्रा, श्री राकेश मिश्रा, चंडीगढ़ से साहित्यकारा श्रीमती संध्या शर्मा, समाजसेवी श्रीमती उर्मिला काम्बोज एवं श्रीमती शोभा चन्देल। इस आयोजन को सफल बनाने में विश्व बन्धु सेवा संस्थान के पदाधिकारियों एवं सेवाभावी कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। जिनमें श्री नवीन शर्मा (कोषाध्यक्ष), श्री राजेन्द्र प्रताप, श्री वेदप्रकाश राणा, श्री अविनाश मिश्र, श्री सुनील शर्मा, श्री अरुण चौहान, श्री महेश शर्मा, श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती मिथिलेश गुप्ता, श्रीमती डॉली राणा आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का समापन अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में भण्डारा प्रसाद वितरण और गुरु आरती के साथ हुआ, जिसमें भक्तगणों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया और गुरुचरणों में अपना समर्पण व्यक्त किया।

## दिल्ली-यूपी सीमा पर ऑपरेशन: शाहदरा डीसीपी व एसएचओ आनंद विहार की अगुवाई में बदमाश धराए

### सीसीटीवी ट्रेसिंग और टेक्निकल सर्विलांस से मोबाइल स्नैचिंग गैंग गिरफ्तार

**● तीन शातिर पकड़े गए, चोरी की बाइक और छीने गए मोबाइल बरामद**

**प्रात: किरण .मनोज जैन**




शाहदरा जिले की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नेहा यादव (आईपीएस) के नेतृत्व में और थाना आनंद विहार के एसएचओ मनीष कुमार की सतत निगरानी में पुलिस टीम ने सीमावर्ती अपराधों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। लगातार बढ़ती मोबाइल छिनैती की वारदातों के बीच पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग के एक सक्रिय गिरोह को गिरफ्तार किया है। तीन बदमाशों को यूपी सीमा से गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से एक चोरी की बाइक और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को दिल्ली-यूपी सीमा पर अपराधियों के लिए बड़ा संदेश माना जा रहा है। इस ऑपरेशन के दौरान एसएचओ मनीष कुमार की टीम ने पूरी निष्ठा से काम किया। उनकी तत्परता और गहन अनुशासन से प्रेरित होकर बनी विशेष टीम में हेड कांस्टेबल लोकेश, हेड कांस्टेबल सोनू, हेड कांस्टेबल मनोज और उपनिरीक्षक हरी सिंह ने मिलकर काम किया। टीम ने घटनास्थलों के संभावित रूट खंगाले और दिल्ली-गाजियाबाद की सीमा पर लगे करीब 70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया। जांच में पता चला कि स्नैचिंग के लिए उपयोग की गई बाइक इंदिरापुरम (गाजियाबाद) से चोरी की गई थी। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर बदमाशों की पहचान करते हुए उन्हें मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित (26) और अभिषेक (24) निवासी बृज विहार, तथा मुकेश निवासी साहिबाबाद शामिल हैं। मोहित और अभिषेक पर पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि मुकेश पहली बार पकड़ा गया है। थाना आनंद विहार की पुलिस अब इनसे पूछताछ कर रही है और इनके नेटवर्क में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश जारी है। यह पूरी कार्रवाई दिल्ली पुलिस की सीमावर्ती अपराध नियंत्रण नीति को मजबूत करती है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था की पकड़ को दर्शाती है।

## मुजफ्फरनगर जनपद का साझक धाम: जहां शिव-पार्वती स्वयं प्रकट हुए

### शाहपुर और मुजफ्फरनगर के बीच स्थित चमत्कारी धाम बना लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक

**श्रावण मास में गूंजता है ह्यबोल बम, शिवभक्तों की मन्नतें होती हैं पूर्ण**

**प्रात: किरण .मनोज जैन व डॉ० अनुज अग्रवाल**



मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में शाहपुर और ज़िला मुख्यालय के बीच बसा एक छोटा-सा गांव साझक, इन दिनों श्रद्धालुओं के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं। यहां स्थित शिव-पार्वती मंदिर कथा नहीं, चमत्कार है – जहां देवस्वरूप पिंडियाँ किसी मूर्तिकार की नहीं, धरती के गर्भ से स्वयं प्रकट हुई हैं। यह धाम श्रावण मास में शिवभक्तों की सबसे बड़ी आस बनकर उभरता है, जहां हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर हरिद्वार व गौमुख से गंगाजल लाते हैं। यह ऐतिहासिक मंदिर साझक गांव में स्थित है, जो शाहपुर नगर पालिका से लगभग 13 किलोमीटर और मुजफ्फरनगर शहर से केवल 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह स्थान कभी बरवाला गांव की रठान माना जाता था, जहां केवल कुछ परिवार रहते थे। कहा जाता है कि यहां संजो देवी का प्राचीन मंदिर था। जब गांववालों ने पुराने मंदिर को पुनः निर्माण हेतु खुदवाया, तो वहां बाघ के पंजों जैसे आकार की दो पिंडियाँ प्राप्त हुईं। जब इन पिंडियों को हटाने का प्रयास किया गया, तो उनमें से एक से खून और दूध बहने लगा – जिससे वहां मौजूद लोग अचंभित रह गए। उसी क्षण गांववासियों ने इसे शिव और पार्वती का स्वरूप मानकर पूजन आरंभ कर दिया। सन 1965 में गांव के रघुवीर सिंह पाल ने मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी ली और संकल्प किया कि जब तक निर्माण पूरा नहीं होगा, वे कार सेवा करेंगे। खुदाई करते समय पाल समाज के मांगेराम पाल को पिंडियों का कोई अंत नहीं मिला – वे अनंत गहराई में समाई थीं। फिर पांच फुट मिट्टी भरकर मंदिर का निर्माण हुआ, जो आज श्रद्धा, चमत्कार और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बन चुका है। इस मंदिर की विशेषता है कि जो श्रद्धालु सोलह सोमवार व्रत के साथ पंचामृत से अभिषेक करता है, उसे रोजगार की प्राप्ति अवश्य होती है। वहीं जो भक्त लगातार 40 दिन तक पूजा-अर्चना करता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। विशेषकर श्रावण और फाल्गुन मास में यहां हजारों कांवड़िए आकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। यही नहीं, मंदिर की सेवा और व्यवस्था में हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों की भागीदारी मंदिर को केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सांझी संस्कृति का प्रतीक भी बनाती है। वर्तमान में मंदिर समिति का संचालन जवाहर सिंह व सत्येंद्र बालियान कर रहे हैं, जो अन्य स्थानीय सदस्यों के साथ इस धार्मिक केंद्र की व्यवस्था को समर्पण के साथ निभा रहे हैं। साझक गांव आज केवल एक स्थल नहीं, बल्कि वह धरती है, जहां धर्म, चमत्कार और सौहार्द एक साथ निवास करते हैं – और यही मुजफ्फरनगर की सबसे बड़ी पहचान है।

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में की थी युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, । पश्चिमी जिले के कीर्ति नगर इलाके में हुई हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने पटना से फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गये आरोपित समीर उर्फ लड्डू ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने पड़ोसी युवक नौशाद की हत्या इसलिए की क्योंकि उसे शक था कि नौशाद का उसकी पत्नी से अवैध संबंध था। पुलिस के मुताबिक 5 जुलाई की दोपहर 2:44 बजे सूचना मिली कि कमला नेहरू कैंप, कीर्ति नगर में रेलवे लाइन के पास एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच में मृतक की पहचान नौशाद (19) के रूप में हुई।

घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शियों ने पूछताछ में बताया कि हत्या समीर ने की है जो वारदात के बाद मौके से फरार हो गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने दो टीम का गठन किया। पुलिस ने तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की मदद से टीम को पता चला कि आरोपित बिहार की ओर भागा है। लगातार ट्रैकिंग के बाद पुलिस टीम पटना इलाके में पहुंची। जहां आरोपित अपने मामा के पुराने घर में छिपा हुआ मिला। जैसे ही पुलिस ने दबिश दी, वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित समीर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि उसे शक था कि नौशाद का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध था। जिसके चलते गुस्से में आकर उसने नौशाद पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया।

## दहशत कायम करने को बदमाशों ने युवक को मारी गोली, फिर तलवार से हमला किया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, । भारत नगर की पुलिस चौकी से महज पचास कदम की दूरी पर बीती रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक सवार युवक पर तलवार से जानलेवा हमला किया और छाती में गोली मार दी। वारदात में घायल युवक के दो दोस्त बाल बाल बच गए। पुलिस ने घायल युवक के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया है। तीन बदमाशों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान पीतमपुरा में रहने वाले फिरोज के रूप में हुई है। वह पहले जे जे कॉलोनी वजीरपुर इलाके में ही रहता था। भारत नगर पुलिस को बीती रात शमशान घाट स्थित नहर पर युवक पर गोली व तलवार से जानलेवा हमला होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। फिरोज नामक युवक को पहले ही पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी और उसके दोस्त नजदीक के दीपचंद बंधु अस्पताल ले जा चुके थे। पुलिस ने क्रॉइम और एफएसएल टीम की मदद से सबूत वारदात वाली जगह से सबूत इक्ठ किये। पुलिस को मौके पर से कारतूस के खोल भी बरामद हुए हैं। फिरोज को प्राथमिक उपचार के बाद लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। भारत नगर पुलिस को फिरोज ने बताया कि रात को वह अपने रिश्तेदार से मिलकर दो दोस्तों के साथ बाइक से घर की तरफ जा रहा था। शमशान घाट के पास नहर पुल पर जब वे चढ़े। अचानक से आधा दर्जन बदमाशों ने उनपर फायरिंग शुरू कर दी। वह और उसके साथी किसी तरह से पुल के नीचे की तरफ भागा था। उससे पहले बदमाशों ने उसके हाथ और सिर पर तलवार से हमला करके छाती और कंधे के बीच में गोली मार दी थी। पुलिस चौकी कुछ ही दूरी पर होने के कारण पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। जिनको देखकर बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। जिनमें से वह तीन बदमाशों को जानता है। वह जे जे कॉलोनी में गैरकानूनी धंधों में शामिल रहे हैं और इलाके में वर्चस्व अपने गैंग की दहशत कायम रखने के लिये वारदातें करते रहते हैं।

## पश्चिम उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा तो समूचा प्रदेश और तेजी के साथ समग्र प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा: मदन भैय्या

**प्रात: किरण संवाददाता**



अमरोहा।उत्तर प्रदेश जब विकास पथ पर चलेगा तो भारत प्रगति के नये प्रतिमान स्थापित करेगा। पश्चिम उत्तर की अलग-अलग विधानसभा सीटों से लंबे समय से विधायक रहे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) नेता व खतौली सीट से विधायक मदन भैया ने यह बात शुक्रवार को बिजनौर के हुरनंगला गांव से लौटकर यहां प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ बीएस जिंदल के मंडी धनौरा हाऊस पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। यहां पहुंचने पर समाजसेवी डॉ बीएस जिंदल, भाजपा नेता कैलाश गुर्जर, प्रधान महकपाल सिंह तथा रालोद कार्यकताओं समेत गणमान्य लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मदन भैया शुक्रवार को उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता भाग्यवती देवी (95) का पिछले शनिवार को हुए निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने बिजनौर जिले के नगीना क्षेत्र के गांव हुरनंगला में उनके पैत्रिक आवास लौट रहे थे। उल्लेखनीय है कि भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए भाजपा के शीर्ष नेताओं का तांता लगा हुआ है। शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील बंसल का कलाली मार्ग मंडी धनौरा पहुंचने पर व्यापारी नेता राजीव अग्रवाल, आर्य समाज प्रधान चेतराम आर्य, सभासद अशोक घरोंटिया, कमल अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल समेत तमाम लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। विधायक मदन भैया ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा तो समूचा प्रदेश और तेजी के साथ समग्र प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा उत्तर प्रदेश जब विकास पथ पर चलेगा तो भारत प्रगति के नये प्रतिमान स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है गठबंधन सरकार विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर रही है।अगले साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कयासबाजी को लेकर श्री मदन भैया ने कहा कि पंचायत चुनाव में आरक्षण प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा ग्राम पंचायत का परिसीमन किया जाना बाकी है उसके बाद सीटों की आरक्षण की पुरानी व्यवस्था रहेगी या बदलाव होगा अभी चुनावों पर बात करना जल्दबाजी होगी। दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में पुराने वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध और जब्ती करने जैसे जल्दबाजी में लिए गये फैसले का एनसीआर में विरोध के पीछे किसी भी नीति के कार्यान्वयन से पहले पर्याप्त जन जागरुकता अभियान, वैकल्पिक परिवहन समाधान की व्यवस्था तथा तकनीकी बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता के चलते इसे जन-स्वीकार्यता नहीं मिल सकी। उन्होंने बताया कि ऐसी नीतियों को लागू करने से पहले बेहतर योजना के जरिए पर्यावरण और जनता के हितों के बीच संतुलन जरूरी है।

## प्रवीण अग्रवाल ने राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का किया स्वागत

**प्रात: किरण संवाददाता**



मंडी धनौरा। शुक्रवार को नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल व एम एल सी अशोक कटारिया का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बताते चले कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल व एम एल सी अशोक कटारिया बिजनौर जा रहे थे। जैसे ही गजरौला की दिशा से उनका काफिला नगर के होलीपार्क चौराहे पर पहुंचा तो यहां पहले से सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं के साथ मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल व एम एल सी अशोक कटारिया का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जिस पर राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने सभी भाजपा कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। जिसके बाद उनका काफिला बिजनौर दिशा की और रवाना हो गया। इस मौके पर जिला मंत्री शरद गर्ग, सभासद दुली चंद गिहार, राजू बादशाह, देवेश तंवर, राजेंद्र कुमार, गीतेश अग्रवाल, सतीश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एस पी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण



**प्रात: किरण संवाददाता**

मंडी धनौरा। कांवड़ यात्रा सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिले के अधिकारी कांवड़ियों के आने जाने वाले मार्ग पर व्यवस्थाओं का लगातार जायजा ले रहे हैं। शुक्रवार को एसपी अमित कुमार आनंद नगर के पत्थर कुट्टी शिव मंदिर पर पहुंचे जहां उन्होंने कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद उन्होंने स्टेट हाइवे व अन्य कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया। एस पी ने संबंधितों अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था ऐसी रहे कि कावड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्गों पर बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, लाइटिंग व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण ने गोवंश की सेवा के लिए गौ शाला को किया दान

### गौवंश की सेवा करने से मिलता है पुण्य: शोभित जैन

**प्रात: किरण संवाददाता**




स्योहारा। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष पर रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण द्वारा धामपुर स्थित निराश्रित गौरी गौशाला नामक गौशाला के संरक्षक डॉ दिनेश कुमार शास्त्री को गायों की सेवा के लिए रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण की तरफ से दान किया गया। जिसमें क्लब के संरक्षक डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, अध्यक्ष शौभित जैन क्लब सचिव समीर रस्तोगी, कांता प्रसाद पुष्पक, हरिओम कुमार उपस्थित रहे' रोटरी क्लब सिवारा संपूर्ण के अध्यक्ष शोभित जैन ने कहा बेसहारा गोवंश की सेवा करने से पुण्य मिलता है और मन को बहुत संतुष्टि मिलती है। उन्होंने आगे कहा हमें इसी जे साथ साथ बेसहारा लोगो का भी ख्याल रखना चाहिए। गौशाला के संरक्षक डॉ दिनेश कुमार शास्त्री द्वारा रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि आगे भी मुझे पूरा विश्वास और आशा है कि ऐसे ही रोटरी क्लब स्योहारा निराश्रित गायों की सेवा करते रहेंगे और समय-समय पर गौशाला के लिए खुलकर दान करते रहेंगे।

## पुलिस ने नाबालिग को गोली मारने वाले आरोपित को दबोचा

नई दिल्ली, । उत्तर-पश्चिम जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस )टीम ने आदर्श नगर थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग और हत्या के प्रयास के मामले में 19 वर्षीय आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान जहांगीरपुरी निवासी तनीष उर्फ लाला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। उत्तर-पश्चिम जिलेके डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार सात जुलाई की रात लगभग 10:14 बजे सिविल लाइन्स ट्रॉमा सेंटर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक आर्यन (17) को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। मौके पर मौजूद उसकी मां नीतू देवी ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे आर्यन, रंजीता और निखिल के साथ आजादपुर स्थित फुटओवर ब्रिज के पास खड़ी थी। तभी 3-4 लड़के अचानक पहुंचे और गोलियां चलाने लगे। आर्यन को दो गोलियां लगीं और उसे तुरंत पुलिस की मदद से ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। डीसीपी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दो टीमों को गठन किया। इस बीच टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मजलिस पार्क के पास रोड नंबर 51 पर घेरबंदी कर आरोपित तनीष उर्फ लाला को दबोचा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देसी कटटा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। डीसीपी के अनुसार आरोपित तनीष ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर आर्यन पर हमला किया। हमले की योजना पहले से बदले की भावना से बनाई गई थी। फिलहाल पुलिस अब बाकी के फरार आरोपितों की तलाश कर रही है।

## सीएम जन सेवा सदन में हर बुधवार होगी जन सुनवाई

नई दिल्ली, । सीएम जन सेवा सदन में हर बुधवार को सुबह 8 से 10 बजे तक जन सुनवाई होगी। इसके लिए दो कल्याण अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो सीएम जन सेवा सदन (सीएम पब्लिक सर्विस कैंप ऑफिस) में रोज सुबह 8 से दोपहर 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। दिल्ली सरकार ने आम लोगों की शिकायतों को तेजी से हल करने के लिए यह कदम उठाया है। नोडल अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। इस व्यवस्था को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से लागू कर दिया गया है। दिल्ली सरकार की ओर से कहा गया है कि इस पहल से दिल्लीवासियों को अपनी समस्याओं के लिए सीधे सरकार तक पहुंचने का मौका मिलेगा, जिससे प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम होगी। यह कदम न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देगा, बल्कि लोगों का भरोसा भी मजबूत करेगा।

# श्रावणी मेला का उदघाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया

- हर हर गंगे,बम बम भोले के साथ श्रावणी मेला का हुआ आगाज/ लाखों कांवरियों ने अजगैबीनाथ धाम से बैधनाथ धाम के लिए हुए रवाना
- 21 करोड़ रूपए की लागत से दो सरकारी धर्मशाला, मोबाईल एप, श्रावणी मेला 2025 का एक पुस्तक का हुआ लोकार्पण




प्रात : किरण/ संतोष राज

भागलपुर। सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट में प्रर्यटन विभाग बिहार सरकार के द्वारा विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का उदघाटन क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया/इस कार्यक्रम का नेतृत्व भागलपुर जिले के जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अमृता पल्लव ने किया/ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बिहार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार, राजस्व भूमि सुधार मंत्री संजय श्रावदी , जयनंत राज भवन निर्माण मंत्री सांसद, बिहपुर विधायक शैलेंद्र कुमार, पिरपैती विधायक ललन पासवान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलिप जयसवाल, एमएलसी एन के यादव ,भागलपुर आयुक्त हिमांशु कुमार राय,एस एसपी हृदयकांत, भागलपुर जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव, भागलपुर मेयर डाक्टर वसुन्धरा लाल,नगर सभापति राज कुमार गुड्डू,नगर उपसभापति नीलम देवी, जदयू जिलाध्यक्ष बिपिन बिहारी, गण उपस्थित थे/ कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं अतिथि को अंग वस्त्र,पुष्प वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रावणी मेला का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्रावणी मेला उदघाटन के दौरान बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा ने 21करोड़ की लागत से दो धर्मशाला का शिलान्यास, व मोबाईल एप एवं श्रावणी मेला 2025 का एक पुस्तक का लोकार्पण किया/ इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में तेजी से विकास हो रहा है,और अजगैबीनाथ धाम में मेरिंग ड्राइव सड़क, चार फोर लेन सड़क बनाया जा रहा है, अजगैबीनाथ गंगा घाट से ही किनारे किनारे सड़क बनेगा जो तारापुर सड़क मार्ग मिल जाएगा, सुल्तानगंज अगुवानी पुल भी 18 माह में बनकर तैयार हो जाएगा, 17 सौ एकड़ की रैलवे जमीन पर भी विकास कार्य होगा जो सावन के साथ साथ भादों में भी कांवरिया को कोई परेशानी नहीं होगी सालों भर कांवरिया यहां आकर जल भरकर आराम से अजगैबीनाथ धाम से बैधनाथ धाम देवघर जा सकेंगे, किसानों के लिए भी उत्तरवाहिनी गंगा का पानी हनुमान डेंम में जाकर अलग अलग नहर होकर हजारों किसानों के खेत सिंचाई के लिए भी पानी खोला जाएगा कि बात कही/इस दौरान सीटी एसपी शुभांक मिश्रा, डीएसपी चन्द्र भूषण कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, विडिओ संजीव कुमार,सीओ रवि कुमार, पंचायतीराज पदाधिकारी निलिमा कुमारी, सहित एनडीए के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु गण मौजूद थे।

# उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अशोकधाम मंदिर में श्रावणी मेला -2025 का किया उद्घाटन

- परिवहन मंत्री शीला मंडल,डीएम मिथिलेश मिश्र,एसपी अजय कुमार सहित कई अधिकारी व गण्यमान्य लोग रहे मौजूद







प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय जिले के अशोकधाम स्थित इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्रावणी मेला-2025 का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ जिले की प्रभारी मंत्री-सह-परिवहन मंत्री शीला कुमारी उर्फ शीला मंडल, जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार,तथा अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। श्रावणी मेले के शुभारंभ पर मंदिर परिसर भक्ति और आस्था के रंग में रंगा रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा इंद्रदमनेश्वर महादेव के दर्शन-पूजन हेतु पहुंचे। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा की अशोकधाम का यह पवित्र स्थल श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। श्रावणी मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और एकता का भी संदेश देता है। सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुखद अनुभव के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रभारी मंत्री शीला मंडल ने मेले की समुचित व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। श्रावणी मेला -2025 के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हस्तशिल्प प्रदर्शनियां और स्थानीय व्यंजन स्टॉल्स भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ! जिला प्रशासन द्वारा मेले को सफल और यादगार बनाने के लिए समर्पण भाव से प्रयास किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को सुगमता,सुविधा और सुरक्षा मिले !इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ और सतत निगरानी में है !

# प्रमंडलीय आयुक्त ने नीलाम पत्र वाद एवं राजस्व न्यायालय से संबंधित समीक्षा बैठक कर नीलाम वाद निष्पादन समय पर करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता





मुंगेर । आयुक्त अवनीश कुमार सिंह के द्वारा शुक्रवार को सभी अपर समाहर्ता एवं सभी नोडल पदाधिकारी, जिला नीलाम-पत्र शाखा, मुंगेर प्रमंडल के साथ अपने कार्यालय प्रकोष्ट में नीलाम-पत्र वाद एवं राजस्व न्यायालय से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया ।जाता बैठक में आयुक्त के द्वारा मुंगेर प्रमंडलाधीन सभी जिलों में नीलाम-पत्र वाद का निष्पादन से संबंधित वसूल की गई राशि तथा अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों के राजस्व न्यायालय में वाद की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी नोडल पदाधिकारी, जिला नीलाम-पत्र शाखा, मुंगेर प्रमंडल को निदेशित किया गया कि अपने-अपने जिला अन्तर्गत नीलाम-पत्र वाद के प्रभावी निष्पादन को दृष्टिगत रखते हुए सबसे पुराने वाद का निरंतर रूप से सुनवाई कर एक माह के अन्दर निष्पादन करना सुनिश्चित करें। मुंगेर, लखीसराय, जमुई जिला अन्तर्गत जून माह में नीलाम-पत्र वाद के सुनवाई के क्रम में जारी बॉडी वारंट के निष्पादन की संख्या तथा लखीसराय जिले में नीलाम-पत्र वाद से संबंधित वसूल की गई राशि कम होने पर आयुक्त द्वारा खेद प्रकट किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, बेगूसराय, लखीसराय, शेखपुरा एवं जमुई तथा कार्यपालक पदाधिकारी, खगड़िया के राजस्व न्यायालय में निष्पादित वादों की संख्या कम रहने पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी उपस्थित पदाधिकारियों को सप्ताह में कम-से-कम तीन दिन न्यायालय कार्य अवश्य रूप से करने का निदेश दिया गया। साथ ही मुंगेर, बेगूसराय, लखीसराय जिला अन्तर्गत विभिन्न नीलाम-पत्र पदाधिकारी के न्यायालय में जून, 2025 माह में निष्पादित नीलाम-पत्र वादों की संख्या तथा उससे संबंधित वसूल की गई राशि अपेक्षाकृत कम रहने पर अपर समाहर्ता, बेगूसराय, लखीसराय को निदेशित किया गया कि संबंधित पदाधिकारियों के न्यायालय में लंबित नीलाम-पत्र वादों का अनुश्रवण कर निष्पादित वादों की संख्या में वृद्धि हेतु अपने स्तर से निदेशित करें। अन्त में सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि वे यह लक्ष्य निर्धारित कर लें कि एक माह में औसतन उनके राजस्व न्यायालय में जितने नये वाद दायर हो रहे हैं, उससे दुगने पुराने वाद निष्पादित हों। बैठक में सभी अपर समाहर्ता तथा सभी नोडल पदाधिकारी, जिला नीलाम-पत्र शाखा, मुंगेर प्रमंडल उपस्थित थे।

# यूवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सशक्त और सक्षम बनाएगा बिहार युवा आयोग : जदयू प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । जिला जनता दल यू के जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने प्रेस बयान जारी कर राज्य सरकार द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन के निर्णय का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा की यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और युवाओं के प्रति उनकी प्रतिवर्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण है । प्रवक्ता मनोज रघु ने कहा कि बिहार युवा आयोग राज्य के युवाओं को सशक्त आत्मनिर्भर और रोजगार उन्मुख बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है,यह आयोग शिक्षा रोजगार कौशल विकास एवं युवाओं के समग्र कल्याण से जुड़े विषयों पर सरकार को सुझाव देगा और विभिन्न विभागों के साथ संबंध स्थापित कर नीतियों को प्रभावित क्रियान्वयन में सहयोग करेगा। प्रवक्ता रघु ने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष तयकी गई है , यह आयोग राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरियों में प्राथमिकता दिलाने, राज्य से बाहर कार्य या अध्यनरत युवाओं के हितों की रक्षा करने ,तथा नशा मुक्ति जैसे सामाजिक सरोकारों पर भी कार्य करेगा, ।प्रवक्ता रघु ने कहा कि यह निर्णय बिहार की युवा शक्ति को सही दिशा अवसर और मंच प्रदान करेगा जिससे वे राज्य के विकास में अग्नि भूमिका निभा सके ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का यह कदम उनके नेतृत्व की संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है जनता दल यूनाइटेड इस निर्णय का अभिनंदन एवं स्वागत करता है और इसे बिहार के सुनहरे भविष्य की आधारशिला मानता है ।

# कमराय में विधायक एवं जिला प्रशासन में सामूहिक रूप से किया श्रावणी मेला का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता





तारापुर( मुंगेर) । विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के पहले दिन मुंगेर जिला के अंतर्गत असरगंज प्रखंड के कमरांय मुख्य द्वार पर शुक्रवार की संध्या तारापुर के कुशल प्रशासक के रूप में माने जाने वाले अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार , के अगुवाई में मेला का उद्घाटन विधायक राजीव कुमार सिंह, जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा , एसपी सैयद इमरान मसूद द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इसके पूर्व विधायक एवं जिला प्रशासन ने मुंगेर जिला के अंतर्गत पड़ने वाले 26 किलोमीटर कमरांय से कुमरसार के बीच उत्तर वाहिनी गंगा सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल जा रहे श्रद्धालुओं के लिए राज्य सरकार के द्वारा किए गए बेहतर व्यवस्था का निरीक्षण भी किया । गौरतलब है कि जिला प्रशासन के द्वारा कमरांय में किए गए शौचालय , स्नानागार , बिजली , के साथ-साथ कच्ची पथ पर बिछाए गए गंगा का उजला बालू, मेडिकल कैंप, पुलिस कैंप ,जैसी व्यवस्था का भी जायजा लिया ।उद्घाटन मौके पर विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बोलबंम कांवरियों को मेला के दौरान किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो इसका पूरा ख्याल रखते हुए मुंगेर जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराया है ।कई वर्ष पहले सुल्तानगंज तारापुर मुख्य मार्ग से ही कांवरिया का पैदल एवं वाहनों के साथ चलना होता था । जिसके पैरलर राज्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करोड़ों की राशि से कच्ची कांवरिया पथ का निर्माण कराया । प्रत्येक वर्ष की भांति राज्य सरकार ने इस वर्ष भी बेहतर व्यवस्था बहाल किया है ।जिला पदाधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि श्रावणी मेला को सफल बनाने में सिर्फ जिला प्रशासन ही नहीं आसपास के लोगों सहित मीडिया कर्मियों का भी सहयोग अपेक्षित है । इन्होंने गोगाचक, मनिया, एवं कुमरसार धर्मशाला के ऊपरी तल्ये पर भी इस वर्ष बरसात का ध्यान रखते हुए पहली बार पंडाल लगाया है । मुख्य रूप से मनिया धर्मशाला में कूलर के साथ-साथ एसी एवं गोगाचक धर्मशाला पर आरो जैसी व्यवस्था भी बहाल किया है । श्रावणी मेला के पहले ही दिन संपूर्ण कच्ची कावंरिया पथ बोलबंम के नारो से गूंजायमान हो उठा । गेरुआ रंग में रंगे कांवरिया भोलेनाथ की भक्ति में लिन बाबा भोलेनाथ का जयकारा लगाते बोलबंम के रास्ते अग्रसर हैं । प्रथम दिन ही कच्ची कावंरिया पथ पर पैदल बोलबंम जा रहे श्रद्धालुओं का विहंगम दृश्य हमेशा देखने को मिल रहा है । पूरे मार्ग में हजारों से अधिक की संख्या में दुकानदारों ने बड़ा-बड़ा भोजनालय ,जलपान,फल , की दुकानें लगाया है ।

# पर्यावरण संरक्षण को ले आयोजित की गई वृक्षारोपण कार्यक्रम, लगाए आम, लीची सहित छायादार पौधा

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संघ के सचिव सह सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार सुमन के नेतृत्व में शुक्रवार को उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के चौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित व्यवसायी सुनील जायसवाल की निजी जमीन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है।कार्यक्रम में आम, लीची, नारियल, अमरूद जैसे छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार सुमन ने कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। वे न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु को संतुलित रखने, भूमि कटाव रोकने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी सहायक है। पिछले कई सालों से मै वृक्षारोपण कार्यक्रम चला रहा हूँ। अब तक हजारों पौधे लगाए चुका हूं जो अब फल दे रहे हैं। पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि हम सभी को किसी भी महत्वपूर्ण तिथियों के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही पौधों की देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ पर्यावरण एवं जलवायु प्राप्त हो सके। व्यवसायी सुनील जायसवाल ने सामाजिक संस्था द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम की बहुत प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ लगातार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है जो काबिलेतारीफ है। उन्होंने कहा कि पेंड अवश्य लगाना चाहिए। इससे वातावरण शुद्ध होता है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने बताया कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

# आगामी दस्त रोकथाम अभियान हेतु अंतर्विभागीय जिला स्तरीय स्टेयरिंग कमिटी की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा 15 जुलाई से 14 सितंबर 2025 तक संचालित होने वाले दस्त रोकथाम अभियान की तैयारी एवं सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय जिला स्तरीय स्टेयरिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी (एस सी & एस टी कल्याण), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जीविका जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएचईडी, सचिव आई एम ए एवं जिला प्रतिनिधि पिरामल फाउंडेशन, डब्लू एच ओ तथा यूनिसेफ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन से डॉ. विकास तथा चंदन कुमार द्वारा दस्त रोकथाम अभियान से जुड़ी विस्तृत जानकारियाँ साझा की गईं। बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों की सभी पंचायतों में आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 14 जिंक टैबलेट तथा एक ओ आर एस पैकेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही, सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ह्लजिंक कॉर्नरह्व स्थापित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में भी बच्चों के बीच दस्त के प्रति जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि दस्त से बचाव, रोकथाम एवं समय पर उपचार विषयों पर विशेष बल दिया जाए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि पंचायत, वी एच एस एन सी, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकताओं की भूमिका इस अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। अंत में, जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों एवं लाभान्वित हो सके।

## श्रावणी मेला का ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला मुख्यालय के सिंहेश्वर में लगने वाले श्रावणी मेला का ग्रामीण विकास विभाग -सह- प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, सुपौल सांसद दिलेश्वर कामत, मधेपुरा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर यादव, सिंहेश्वर विधायक चन्द्रहास चौपाल, जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सिंहेश्वर मंदिर परिसर में श्रावणी मेला, 2025 का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मेला कमिटी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मेला परिसर में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का सुविधा की कमी नहीं रहे इस पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जगह जगह पुलिस की व्यवस्था की गई है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में बढ़ोतरी को लेकर आयोजित की कार्यक्रम, माला पहनाकर किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र के नयानगर पंचायत के सिंगारपुर पंचायत में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में बढ़ोतरी को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा ने विस्तृत रुप से जानकारी दी। वहीं पंचायत कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को पंचायत सचिव मुरारी कुमार व कार्यपालक खुशबू कुमारी ने पटना में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट करके सभी लाभार्थियों को दिखाया। मालूम हो कि मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने सभी लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में बढ़ोतरी की है। मालूम हो कि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को 400 से बढ़ाकर 1100 कर दिया है।इसको लेकर लाभार्थियों में खुशी है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा ने वृद्धजन पेंशन योजना के लाभुक भूषण मुखिया पिता स्वर्गीय जागेश्वर मुखिया को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं राशि बढ़ोतरी को लेकर नयानगर पंचायत के लाभुक शनीचरी शर्मा, जनक मुखिया, सुधाकांत झा, मो0 रहीम उद्दीन, सकुनतला देवी, रामलेख शर्मा एवं अन्य लाभार्थियों ने बिहार सरकार को इसके लिए धन्यवाद दिया है। सभी लाभार्थियों ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में बढ़ोतरी करके बिहार सरकार सराहनीय कदम उठाए हैं इससे हमलोगों में काफी खुशी है। इसके लिए सरकार को धन्यवाद देते हैं। मौके पर पंचायत सचिव भागो देवी, मुकेश झा, नरेश दास, शिवजी मंडल, अरविंद मंडल, कैलाश मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

# सहरसा हवाई अड्डे पर रिल बनाने के चक्कर में स्कॉर्पियो गाड़ी पलटी, तीन युवक गंभीर रूप से घायल



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले में रिल्स बनाने की सनक एक बार फिर हादसे की वजह बन गई। सहरसा एयरपोर्ट परिसर में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर कई बार पलटी मार गई। गाड़ी में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब युवक चलती गाड़ी पर स्टंट कर रहे थे। घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे की है। सहरसा हवाई अड्डे परिसर में एक ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो गाड़ी (नंबर बी आर 01 एच एन 8932) तेज रफ्तार में दौड़ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि गाड़ी ने करीब 5 से 10 बार पलटी मारी। हैरानी की बात यह रही कि हादसे के वक्त तीन युवक गाड़ी के अंदर नहीं थे—एक छत पर बैठा था, दूसरा बोनट पर और तीसरा ड्राइविंग सीट के बाहर लटका हुआ था। बताया जा रहा है कि ये सभी युवक सहरसा के बाहर के रहने वाले हैं और सोशल मीडिया पर रिल्स बनाने के लिए इस खतरनाक स्टंट को अंजाम दे रहे थे। घटना के समय गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि जैसे ही ड्राइविंग सीट पर लटका युवक गाड़ी के अंदर घुसने की कोशिश करने लगा, उसका पैर ब्रेक पर लग गया, जिससे गाड़ी अचानक असंतुलित हो गई और तीनों युवक उछलकर दूर जा गिरे। गाड़ी अनियंत्रित होकर आधा किलोमीटर दूर तक पलटी मारते हुए चली गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कहीं और गोपनीय स्थान पर बेहतर इलाज के लिए ले जाया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि सहरसा एयरपोर्ट एक प्रतिबंधित क्षेत्र है, फिर भी वहां रोजाना बाइक और कार रेस जैसे स्टंट होते हैं। सुरक्षा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है, और प्रशासन की लापरवाही के चलते ये क्षेत्र युवाओं के लिए खतरनाक स्टंट जोन बनता जा रहा है।

# मुरादपुर पंचायत में विकास की बयार, मुखिया राहुल झा ने गिनाए चार वर्षों के कार्यकाल

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिले के मुरादपुर पंचायत के वर्तमान मुखिया राहुल झा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीते चार वर्षों के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया और बताया कि किस प्रकार पंचायत को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। मुखिया राहुल झा ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता रही है कि पंचायत के हर व्यक्ति तक विकास पहुँचे और किसी भी योजना का लाभ पात्र व्यक्ति से वंचित न हो। इसी सोच के साथ हमने ईमानदारीपूर्वक कार्य किया है। उन्होंने बताया कि पंचायत में पक्की सड़कों का निर्माण कर आवागमन को सुगम बनाया गया है। पंचायत भवन का जीर्णोद्धार कर उसे कार्यात्मक बनाया गया, वहीं नया पंचायत सरकार भवन भी निर्मित कराया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ घाट का निर्माण कराया गया है, ताकि पर्व के समय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त पंचायत में कचरा संग्रहण केंद्र की स्थापना, जगह-जगह स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्रों का सशक्तिकरण, बस स्टॉप और पारंपरिक जल स्रोत के संरक्षण हेतु कुआँ निर्माण जैसे कार्य भी कराए गए हैं।

मुखिया ने वृक्षारोपण, पशु शेड निर्माण जैसी पर्यावरण और पशुधन हितैषी योजनाओं की भी चर्चा की और कहा कि इन सभी कार्यों को पूरी पारदर्शिता और जनता के हित में क्रियान्वित किया गया है। मुखिया राहुल झा ने संदेश दिया कि हमारा लक्ष्य सिर्फ विकास करना नहीं, बल्कि ऐसा विकास करना है जिसमें हर वर्ग की भागीदारी और सुविधा हो। आने वाले समय में पंचायत के जो कार्य अभी शेष हैं, उन्हें भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। मुरादपुर पंचायत को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में हमारा प्रयास लगातार जारी रहेगा। पंचायत की जनता ने जो भरोसा दिखाया है, उस पर खरा उतरना ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# मुरादपुर पंचायत उपचुनाव में सुनील पासवान ने 414 वोटों से की जीत दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता





सहरसा नौहट्टा प्रखंड के मुरादपुर पंचायत में हुए सरपंच पद के उपचुनाव में सुनील पासवान ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने कुल 1599 वोट प्राप्त किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हरिश्चंद सादा को 414 मतों के अंतर से हराया।इस जीत के साथ ही सुनील पासवान पंचायत में न्यायिक प्रक्रिया और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने के अपने वादों को पूरा करने की ओर अग्रसर होंगे। उपचुनाव में ग्रामीणों की भागीदारी उल्लेखनीय रही और शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सराहा गया। उनके जीत पर पूर्व सरपंच प्रमोद शंकर चौधरी, पूर्व मुखिया मनोज पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक नाथ पासवान, वार्ड सदस्य, पूर्व पंच अमरेंद्र कामत, उदय पासवान, ने खुशी जताई। सीटानाबाद उतरी पंचायत में मुखिया पद पर शमसिदा खातून की हुई ऐतिहासिक जीत प्रातः किरण संवाददाता । सहरसा सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत सीटानाबाद उतरी पंचायत में हुए मुखिया पद के उपचुनाव में पूर्व मुखिया मो. मसीर की पत्न ी समसीदा खातून ने धमाकेदार जीत दर्ज की है। उन्होंने कुल 2325 वोट हासिल किए और मो. मतीन को मात्र 1745, वोट मिले हैं, व बिट्टू भगत को 271, मोहम्मद अफसर आलम 115, अंजार आलम 46, पूर्व मुखिया स्वर्गीय मोहम्मद मसीर की पत्नी संमसीदा खातून ने अपने निकट प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद मतीन को बहुत ही बड़े अंतर से पराजित किया।है, ग्राम पंचायत में इस परिणाम को महिला सशक्तिकरण और पुराने कार्यकाल की विश्वसनीयता का प्रमाण माना जा रहा है। पंचायत के विकास और जनकल्याण के मुद्दों को लेकर समसीदा खातून ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। समसीदा खातून के जीत पर पूर्व मुखिया एनामुल हक, सरपंच हैदर खान, मंसूर खान, जावेद शेख, मो. दानिश, अंसारी, अंजार, चंद किशोर यादव, भावेश पासवान, मोहम्मद साजिद हुसैन, मोहम्मद नेहाल, हाफिज जियाउल रहमान, फिरोज अंसारी सहित पंचायत के तमाम लोगों ने एक दूसरे को माला पहनाकर रंग अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर गले से गले लगाकर खुशी जाहिर किया है।

## भारतीय संस्कारों की सरिता, महान परंपरा

वैश्विक स्तरपर आज भारतीय संस्कारों की सरिता, महान परंपरा, भारतीय सभ्यता, वैचारिक अधिष्ठान रूपी आवाज अब केवल भारत की सीमाओं तक ही सीमित नहीं है, यह विश्व भर में फैल रहे हैं और पूरे विश्व को जोड़ रहे हैं इसका एहसास हमें अब होने लगा है, क्योंकि जब हमने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चैनलों पर भारत के पीएम के अनेक विदेश दौरों में देखा कि किस तरह वहां पीढ़ियों से बसें भारतीय मूल के लोगों के दिल में उनके पुरखों द्वारा भारत से लाए लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों से संस्कारों की सरिता का प्रत्यक्ष प्रमाण दिखा जब वे भारतीय पीएम के प्रति इतनी उत्सुकता और अपनी पुरखों की मिट्टी से कोई उनके देश आता है तो उनके दिल के कोने से करोड़ों खुशियों के फव्वारे होते हैं यह हम देखते आ रहे हैं। साथियों बात अगर हम भारतीय मूल के व्यक्ति की परिभाषा की करें तो यह ऐसा व्यक्ति जिसका कोई पूर्वज भारतीय नागरिक था और जो वर्तमान में अन्य देश की नागरिकता या राष्ट्रीयता धारण करता है/करती है। इन लोगों के पास उसी देश का पासपोर्ट होता है। चूंकि इन लोगों के पास विदेशी पासपोर्ट होता है। साथियों बात अगर हम भारतीय मूल के व्यक्तियों की गाथा की करें तो कल्पना चावला कमला हैरिस के काम और नाम तो हम जानते ही हैं इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ और नासा के वैज्ञानिक कमलेश लुल्ला अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस से पहले एक प्रतिष्ठित अमेरिकी फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित किए गए उन 34 अप्रवासियों में से हैं, जिन्होंने अपने योगदान और कार्यों के माध्यम से अमेरिकी समाज और लोकतंत्र को समृद्ध और मजबूत किया है। गोपीनाथ और लुल्ला न्यूयॉर्क के कानेर्गी कॉरपोरेशन की तरफ से नामित ह्य2021 ग्रेट इमिग्रेंट्स (महान प्रवासी) की लिस्ट में शामिल हैं। ये एक गैर सरकारी संगठन है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारतीय समुदाय का दबदबा कायम रखते हुए भारतीय मूल के छह किशोरों ने अमेरिका का प्रतिष्ठित डेविडसन फेलो स्कॉलरशिप हासिल कर ली है। सिंगापुर में भारतीय मूल के सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव शक्तिबालन बालथंडौथम को अपने लीवर का एक हिस्सा एक साल की बच्ची को दान करने के लिए द स्ट्रेट्स टाइम्स सिंगापुरियन ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार मिला है, जिससे वह पहले कभी नहीं मिले थे। अमेरिका में मिडिल स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित होने वाली एक प्रमुख विज्ञान और इंजीनियरिंग प्रतियोगिता में भारतीय मूल के बच्चों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के पांच विजेताओं में भारतीय मूल के चार बच्चे शामिल हैं, जिसमें 14 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के ने प्रतियोगिता में शीर्ष पुरस्कार प्राप्त किया है। साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति की करें तो भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। इसे विश्व की सभी संस्कृतियों की जननी माना जाता है। जीने की कला हो, विज्ञान हो या राजनीति का क्षेत्र भारतीय संस्कृति का सदैव विशेष स्थान रहा है। अन्य देशों की संस्कृतियाँ तो समय की धारा के साथ-साथ नष्ट होती रही हैं किंतु भारत की संस्कृति व सभ्यता आदिकाल से ही अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है। पूरे विश्व में भारत अपनी संस्कृति और परंपरा के लिये प्रसिद्ध देश है। ये विभिन्न संस्कृति और परंपरा की भूमि है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता का देश है। भारतीय संस्कृति का महत्त्वपूर्ण तत्व अच्छे शिष्टाचार, तहजीब, सभ्य संवाद, धार्मिक संस्कार, मान्यताएँ और मूल्य आदि हैं। अब जबकि हरेक की जीवन शैली आधुनिक हो रही है, भारतीय लोग आज भी अपनी परंपरा और मूल्यों को बनाए हुए हैं। विभिन्न संस्कृति और परंपरा के लोगों के बीच की घनिष्ठता ने एक अनोखा देश, भारत बनाया है। अपनी खुद की संस्कृति और परंपरा का अनुसरण करने के द्वारा भारत में लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं। साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति के प्रमुख विशेषताओं की करें तो, (1)आध्यात्मिकता एवं भौतिकता का समन्वय, (2)- सम्मानता- सम्भाव का होना, (3)- अनेकता में एकता की शक्ति, (4)- भारत माता का हित एवं उन्नति-तरक्की की सोच (5)- ग्रहणशीलता- उत्सवों की प्रांगणता (6)- शास्त्रों की महानता, व उपयोगिता, (7)- विविधता- प्राचीनता (8)-भावनाएँ-विश्वास-सम्प्रदाय, (9)- गतिशीलता- निरंतरता, (10)- लचीलापन एवं सहिष्णुता, (11)- वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना, (12)- जीवों का संरक्षण, सभी प्राणियों के हितैषी, (13)- लोकहित और विश्व-कल्याण, (14)- पर्यावरण संरक्षण, (15)- नारियों का सम्मान व उत्थान।

## सूफी संत की आड़ में - समाज और राष्ट्र के विरुद्ध साजिश

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरा देश को चौंका दिया है। एक सूफी संत के वेश में छुपा छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन जमालुद्दीन न केवल मासूम लड़कियों को धर्मांतरण के जाल में फंसा रहा था, बल्कि इसके पीछे करोड़ों की विदेशी फंडिंग और एक संगठित अंतरराष्ट्रीय गिरोह का संचालन भी कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी और आलीशान बंगले पर बुलडोजर की कार्रवाई ने न केवल राज्य को, बल्कि पूरे देश को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि धर्म के नाम पर कितनी गहरी साजिशें रची जा रही हैं। छांगुर बाबा का असली नाम जलालुद्दीन जमालुद्दीन है, जो खुद को हजरत जलालुद्दीन पीर बाबा के रूप में प्रस्तुत करता था। वह कथित रूप से बलरामपुर के उत्तरौला क्षेत्र में स्थित अपने 40 कमरों वाले बंगले से एक धर्मांतरण का बड़ा नेटवर्क चला रहा था। उसके बंगले में मजार पर चढ़ाई जाने वाली चादर, इत्र, माला, धार्मिक किताबें और कई ऐसे प्रतीक मिले जो एक धार्मिक स्थल की छवि प्रस्तुत करता था। लेकिन पर्दे के पीछे उसकी असलियत कुछ और ही थी वह धर्म का सहारा लेकर भोले-भाले लोगों को बरगला रहा था। यूपी एटीएस की रिपोर्ट के अनुसार, छांगुर बाबा को पिछले कुछ वर्षों में करीब 100 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग मिली। यह धनराशि विभिन्न देशों से हवाला चैनल्स के जरिए भेजी गई थी, जिसका उपयोग उसने प्रॉपर्टी खरीदने, दरगाह के प्रचार और धर्मांतरण में किया। बलरामपुर में आलीशान 40 कमरों का बंगला, उतरौला बाजार में दो बड़े शोरूम, सहयोगी नीतू रोहरा के नाम से फ्लैट और दुकानें, बहराइच, लखनऊ और दिल्ली में प्लॉट और मकान। इन सभी संपत्तियों पर अब प्रशासन की निगाहें हैं और उन्हें अवैध घोषित कर जब्त किया जा रहा है। छांगुर गिरोह का तरीका बेहद शातिराना था। इसके सदस्य हिन्दू नाम रखकर लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाता था। उदाहरण के लिए, लखनऊ की गुंजा गुप्ता को ह्यअमितह्व नामधारी अबू अंसारी ने फंसाया और छांगुर के पास दरगाह ले गया। वहां उसका ब्रेनवाश किया गया और उसका नाम बदलकर अलीना अंसारी रखा गया। नीतू उर्फ नसरीन और नवीन उर्फ जमालुद्दीन की भूमिका ऐसा था कि यह दोनों छांगुर बाबा के खास सहयोगी थे। नीतू, जो खुद पहले हिन्दू थी, अब नसरीन बन चुकी थी और महिलाओं को ब्रेनवॉश करने में अहम भूमिका निभाती थी। वहीं नवीन उर्फ जमालुद्दीन पुरुषों को इस्लाम अपनाने के लिए प्रलोभन देता था। छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के लिए जाति के आधार पर फिक्स रेट तय कर रखा था। अगड़ी जाति की लड़की का धर्म परिवर्तन पर 1516 लाख, पिछड़ी जाति की लड़की पर 1012 लाख और अन्य जातियों की लड़की पर 810 लाख। यह पूरी व्यवस्था व्यापारिक और अमानवीय सोच का घिनौना उदाहरण है, जिसमें इंसानों को वस्तु की तरह बेचा और खरीदा जा रहा था। छांगुर बाबा इस गिरोह का मुखिया था। उसके निर्देशन में पूरा धर्मांतरण तंत्र चलता था। वह स्वयं हर केस की निगरानी करता था और ह्यइस्लाह की छवि में रहकर सामाजिक स्वीकार्यता अर्जित करता था। छांगुर बाबा के स्थानीय सहयोगी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन, नवीन उर्फ जमालुद्दीन, अबू अंसारी उर्फ अमित यह सभी देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर प्रेमजाल, आर्थिक सहायता, और सामाजिक कल्याण का लालच देकर धर्मांतरण करवाते थे। यूपी एटीएस की जांच में पाकिस्तान, खाड़ी देशों और ब्रिटेन में बैठे कई संदिग्ध लोगों के साथ संपर्क मिला है। उन्हें शक है कि यह गिरोह भारत में सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने और अस्थिरता पैदा करने की बड़ी साजिश का हिस्सा था। उत्तर प्रदेश सरकार ने छांगुर बाबा की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई की शुरुआत की है। मंगलवार को बलरामपुर के उत्तरौला में स्थित उसके आलीशान बंगले पर बुलडोजर चला दिया गया।

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ

**गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।**





ललित गर्ग

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे। सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे ह्लमहिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधानह्व बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरूआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन ह्यमाई-बहिन मान योजनाह्ल के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2, 500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी। हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव का कहना है कि ह्लमहिला आरक्षण सही है, लेकिन रोजगार के अवसर कब हैं? सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया वर्षों से लटकी रहती है, परीक्षा की तारीखें टलती हैं, नियुक्ति पत्र देर से आते हैं, ऐसे में आरक्षण का लाभ कब और किसे मिलेगा?ह्व उनकी बातों में सच्चाई भी है, क्योंकि प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी आरक्षण की नीति। यह महिला आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों अर्थात डोमिसाइल महिलाओं के लिए ही होगा। यानी जो महिलाएं राज्य की स्थायी निवासी नहीं हैं, उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा-उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा।

# जब छात्र हत्यारे बन जाएं: चेतावनी का वक्त

**जब एक छात्र ही अपने शिक्षक का हत्यारा बन जाए, तो यह केवल व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज का पतन है। आज विद्यालय शिक्षा का मंदिर नहीं, बल्कि हिंसा, डर और असुरक्षा का केंद्र बनते जा रहे हैं। शिक्षक, जो कभी मयार्दा, संयम और अनुशासन के प्रतीक माने जाते थे, अब अपने ही छात्रों से भयभीत रहने लगे हैं। क्या यही है आधुनिक शिक्षा की सफलता? क्या इसी दिन के लिए हमने विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं और डिजिटल पठन-पाठन का विस्तार किया था? इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि हमारे बच्चे इतने क्रूर कैसे हो गए? उनके भीतर सहनशीलता, करुणा और विवेक की जगह गुस्सा, हिंसा और प्रतिशोध ने क्यों ले ली है? इसका उत्तर हमें विद्यालयों या सरकार से नहीं, बल्कि अपने घरों और आत्मचिंतन में खोजना होगा। आज का बच्चा मोबाइल की स्क्रीन में दुनिया ढूंढ रहा है।**






प्रियंका सौरभ

**लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार**

हिसार में शिक्षक जसवीर पातू की निर्मम हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना कोई साधारण आपराधिक कृत्य नहीं है, बल्कि यह हमारे गिरते नैतिक मूल्यों, संवादहीन परिवार व्यवस्था, और संवेदनहीन शिक्षा प्रणाली का कठोर दर्पण है। जब एक छात्र ही अपने शिक्षक का हत्यारा बन जाए, तो यह केवल व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज का पतन है। आज विद्यालय शिक्षा का मंदिर नहीं, बल्कि हिंसा, डर और असुरक्षा का केंद्र बनते जा रहे हैं। शिक्षक, जो कभी मयार्दा, संयम और अनुशासन के प्रतीक माने जाते थे, अब अपने ही छात्रों से भयभीत रहने लगे हैं। क्या यही है आधुनिक शिक्षा की सफलता? क्या इसी दिन के लिए हमने विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं और डिजिटल पठन-पाठन का विस्तार किया था? इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि हमारे बच्चे इतने क्रूर कैसे हो गए? उनके भीतर सहनशीलता, करुणा और विवेक की जगह गुस्सा, हिंसा और प्रतिशोध ने क्यों ले ली है? इसका उत्तर हमें विद्यालयों या सरकार से नहीं, बल्कि अपने घरों और आत्मचिंतन में खोजना होगा। आज का बच्चा मोबाइल की स्क्रीन में दुनिया ढूंढ रहा है। माता-पिता उसके पास होते हुए भी उसकी दुनिया से दूर हैं। भोजन करते समय, यात्रा करते समय या घर पर बैठते समय भी वह किसी वीडियो, खेल या आभासी मित्र के साथ जुड़ा होता है। उसका वास्तविक जीवन धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है और वह एक कृत्रिम आक्रोशपूर्ण दुनिया में जी रहा है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा अब केवल पुस्तकों तक सीमित रह गई है। ह्यसत्यह्ल, ह्यअहिंसाह्ल, ह्यक्षमाह्ल जैसे शब्द अब पाठ्यपुस्तकों की शोभा बनकर रह गए हैं। न शिक्षक के पास समय है, न पालकों के पास धैर्य, और न समाज के पास कोई दिशा। बच्चों के भीतर जो आक्रोश पनप रहा है, वह इसी उपेक्षा और संवादहीनता की उपज है। मन के भीतर जब दर्द, कुंठा और अस्वीकार का जहर भरता है, तो वह या तो आत्मघात की ओर ले जाता है या फिर हत्या की ओर। और जब यह जहर एक किशोर के भीतर भर जाए, तो परिणाम वही होता है जो हमने जसवीर पातू की हत्या के रूप में देखा। मनोरोग विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है कि किशोरों में बढ़ती हिंसा का कारण संवाद की कमी है। वे अपनी बात कहने, गलतियों को साझा करने, और मदद मांगने में संकोच करते हैं। माता-पिता अक्सर बच्चों को डांटते हैं या नकारते हैं, जिससे बच्चा आंतरिक रूप से विद्रोही बनता चला जाता है। विद्यालय में भी उसे एक अंक, एक परीक्षा, एक प्रदर्शन से ही मापा जाता है। उसके मनोभावों, उसकी मानसिक स्थिति और उसके व्यवहार पर कोई ध्यान नहीं देता। क्या हम यह भूल गए हैं कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री दिलवाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी है? और चरित्र निर्माण तब तक संभव नहीं जब तक शिक्षक और विद्यार्थी के बीच विश्वास न हो, माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद न हो, और समाज के भीतर मूल्य आधारित सोच का विस्तार न हो। प्रशासन की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं। जब तक कोई घटना नहीं होती, तब तक सब कुछ सामान्य माना जाता है। लेकिन जब कोई शिक्षक मारा जाता है, तब ज्ञापन दिए जाते हैं, धरने होते हैं, और कुछ समय बाद फिर सब भुला दिया जाता है। यही चक्र लगातार दोहराया जा रहा है। शिक्षक अब अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रशासन से गुहार कर रहे हैं। विद्यालय संचालक बोर्ड अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन क्या केवल कार्रवाई से यह समस्या सुलझ जाएगी? हमें मूल में जाकर देखना होगा कि बच्चों के मन में यह हिंसा कैसे जन्म लेती है। हमारे विद्यालयों में मानसिक परामर्शदाता होना चाहिए, प्रत्येक छात्र की मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, परिवारों को बच्चों के साथ संवाद का प्रशिक्षण देना चाहिए। विद्यालयों में केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं, जीवन के लिए तैयार करने की भी आवश्यकता है। आज आवश्यकता है एक ह्लसंवाद पुनरुद्धार अभियानह्व की, जो घर-घर तक पहुंचे। हमें माता-पिता, शिक्षक और छात्र – इन तीनों के बीच विश्वास और सहअस्तित्व की भावना को पुनः जागृत करना होगा। अगर हम बच्चों से सुनना नहीं चाहेंगे, तो वे हिंसा से बोलना सीख जाएंगे। शिक्षक अब अपने अधिकारों और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह स्थिति शर्मनाक है। एक समाज जो अपने गुरु को सम्मान नहीं दे सकता, वह कभी समृद्ध नहीं हो सकता। अगर हमने अब भी नहीं समझा कि यह शिक्षक की नहीं, बल्कि पूरी पीढ़ी की हत्या है, तो वह दिन दूर नहीं जब हर विद्यालय एक युद्धभूमि बन जाएगा। हमें यह समझना होगा कि बच्चे गलत नहीं होते, वे केवल अनसुने होते हैं। अगर वे प्यार, समझ और सही दिशा पाएँ तो वही बच्चा दुनिया बदल सकता है। परंतु अगर वह उपेक्षा, अस्वीकार और हिंसा का शिकार बने तो वही बच्चा एक शिक्षक का हत्यारा भी बन सकता है। सरकार को चाहिए कि वह विद्यालयों में नियमित रूप से मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, संवाद सत्र, और अभिभावक-शिक्षक सम्मेलनों का आयोजन करवाए। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को केवल आज्ञा न दें, बल्कि उनकी बातें भी सुनें। और समाज को चाहिए कि वह शिक्षा को केवल नौकरी पाने का माध्यम न माने, बल्कि एक संवेदनशील, जिम्मेदार नागरिक बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखे। यह घटना हमें नींद से जगाने आई है। यह कोई समाचार पत्र की एक खबर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक चेतावनी है। अगर हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाले वर्षों में हमारे विद्यालयों में पुस्तकों से अधिक हथियार मिलेंगे, और शिक्षकों से अधिक सुरक्षा कर्मी। आज भी समय है कि हम इस चेतावनी को गंभीरता से लें। हम संवाद को पुनर्जीवित करें, शिक्षा को पुनरर्थित करें, और अपने बच्चों को हिंसा से नहीं, समझ से जीतना सिखाएं। तभी हम एक सुरक्षित, संवेदनशील और सशक्त भारत की कल्पना कर सकेंगे।

# भारत की तिलहन क्रांति: आत्मनिर्भरता और पोषण सुरक्षा की दिशा में प्रगति का एक दशक

पूर्ण चंद्र किशन, ऋषि कांत

पिछले दशक में भारत ने तिलहन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी यात्रा का आगाज किया। 2014-15 से 2024-25 के बीच, तिलहन का उत्पादन 5 प्रतिशत से अधिक की मजबूत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 275 लाख टन से 55 प्रतिशत बढ़कर 426 लाख टन हो गया है। तिलहन की खेती के तहत आने वाले क्षेत्र में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 25.60 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 30.27 मिलियन हेक्टेयर हो गया, जबकि उत्पादकता 1,075 किलोग्राम/हेक्टेयर से 31 प्रतिशत बढ़कर 1,408 किलोग्राम/हेक्टेयर हो गई। खाद्य तेल उत्पादन में भी 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 87 लाख टन से बढ़कर 123 लाख टन हो गया, जो खाद्य सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। तालिकाः भारत के तिलहन क्षेत्र के 2014-2024 तक के महत्वपूर्ण मानदंड मानदंड 2014-15 2024-25* परिवर्तन का प्रतिशत क्षेत्रफल (लाख हेक्टेयर) 256.0 302.7 +18 प्रतिशत उत्पादन (लाख टन) 275.1 426.1 +55 प्रतिशत उपज (किलो/हेक्टेयर) 1075 1408 +31 प्रतिशत खाद्य तेल उत्पादन (लाख टन) 87 125.2 +44 प्रतिशत स्रोतः तीसरा अग्रिम अनुमान, डीए एंड एफडब्ल्यू कृषि क्षेत्र में सफलताओं का दशकः भारत के तिलहन क्षेत्र ने 2014-15 से सभी प्रमुख मापदंडों में उल्लेखनीय परिवर्तन का अनुभव किया है। इसके उत्पादन में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 275.1 लाख टन से बढ़कर 426.1 लाख टन हो गया। ऐसा उच्च उपज देने वाले बीजों की किस्मों को व्यापक रूप से अपनाने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और सरकार से निरंतर मिलने वाले नीतिगत समर्थन के कारण हुआ। इसके परिणामस्वरूप खाद्य तेल उत्पादन में भी 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 87 लाख टन से बढ़कर 125 लाख टन हो गया। खेती का रकबा 256 लाख हेक्टेयर से 18 प्रतिशत बढ़कर 302.7 लाख हेक्टेयर हो गया, जो किसानों के बढ़ते आत्मविश्वास तथा परती और कम उपयोग में लाई जाने वाली भूमि को तिलहन की खेती में लाने के रणनीतिक प्रयासों को दशार्ता है। उत्पादकता में सुधार और भी अधिक उल्लेखनीय रहा, जो तकनीकी प्रगति और बेहतर कृषि पद्धतियों के कारण 1,075 किग्रा/हेक्टेयर से 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,408 किग्रा/हेक्टेयर तक पहुँच गयी। रेपसीड-सरसों, सोयाबीन और मूंगफली जैसी प्रमुख तिलहन फसलों ने उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाई, जबकि नारियल, बिनौला और चावल की भूसी जैसे द्वितीयक स्रोतों ने उत्पादन को बढ़ावा दिया। किसानों को सशक्त बनानाः न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद क्रांति कृषि के क्षेत्र में इस परिवर्तन का आधार तिलहन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में पर्याप्त वृद्धि होना रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य मिलना सुनिश्चित हुआ है। तिलहन के लिए एमएसपी में नाटकीय वृद्धि देखी गई, जिसमें नाइजर बीज 142.14 प्रतिशत (3,600 रुपये प्रति क्विंटल से 8,717 रुपये प्रति क्विंटल), तिल 101.46 प्रतिशत (9,267 रुपये प्रति क्विंटल) और रेपसीड-सरसों (91.94 प्रतिशत ) और मूंगफली (69.58 प्रतिशत ) जैसे अन्य 2014-15 के मुकाबले बढ़े, जिससे किसानों की आय में पर्याप्त वृद्धि हुई, जिससे तिलहन की खेती लाभदायक बन गई। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) विवरण तिलहन का न्यूनतम समर्थन मूल्य रु./क्विंटल फसल 2014-15 2024-25 पूर्ण परिवर्तन परिवर्तन का प्रतिशत 1 मूंगफली 4000.00 6783.00 2783.00 69.58 2 नाइजर बीज 3600.00 8717.00 5117.00 142.14 3 रेपसीड/ सरसों 3100.00 5950.00 2850.00 91.94 4 कुसुम 3050.00 5940.00 2890.00 94.75 5 तिल 4600.00 9267.00 4667.00 101.46 6 सोयाबीन पीला 2560.00 4892.00 2332.00 91.09 7 सूरजमुखी के बीज 3750.00 7280.00 3530.00 94.13स्रोतः डीएएंडएफडब्ल्यू ग्राफ तिलहनों के एमएसपी की तुलना (2014-15 बनाम 2024-25) मूंगफली नाइजर बीज रेपसीड/ सरसों कुसुम तिल सोयाबीन पीला सूरजमुखी के बीज एमएसपी में इस जबरदस्त वृद्धि के साथ-साथ सरकारी खरीद कार्यों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। 2014-15 में तिलहन की सरकारी खरीद न्यूनतम थी, जो कि मात्र 4,200 मीट्रिक टन थी और एक या दो फसलों तक सीमित थी। 2024-25 तक, यह खरीद बढ़कर 41.8 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गई है, जिसमें मूंगफली (17.7 लाख मीट्रिक टन), सोयाबीन (20 लाख मीट्रिक टन) और रेपसीड/सरसों (4 लाख मीट्रिक टन) जैसी प्रमुख फसलें शामिल हैं। यह उल्लेखनीय वृद्धि, विशेष रूप से पीएम-आशा जैसी योजनाओं के माध्यम से हुई है। यह एमएसपी हस्तक्षेपों के सार्थक पैमाने पर संचालन को दशार्ती है, जो बाजार की अस्थिरता के बीच किसानों के लिए आय सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

# सारण डीआईजी, एसएसपी ने पुलिस केंद्र का किया निरीक्षण



छपरा कार्यालय। सारण पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को पुलिस केंद्र का निरीक्षक किया। डीआईजी व एसएसपी के पुलिस केंद्र पहुंचने के बाद पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया। पुलिस केंद्र में पुलिस जवानों ने डीआईजी व एसएसपी को गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद डीआईजी एवं एसएसपी ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी एवं एसएसपी ने विभिन्न शाखाओ, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, मेस, बैरक, अस्पताल मोटर आदि का निरीक्षण करते हुए वहां साफ सफाई, समुचित सुविधाओं और जवानों के आवासन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजुद रहें। निरीक्षण के दौरान, वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों से सीधे मुखातिब हुए और उनकी समस्याओं तथा सुझावों को सुने। उन्होंने पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने तथा जनता के प्रति विनम्र और संवेदनशील रहने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सारण जिला में नव नियुक्त सिपाहियों के लिए कक्षाओं, मेस किचन शेड, वाहन पार्किंग एवं खेल सुविधाओं के लिए मैदान निर्माण हेतु उपयुक्त स्थान चिह्नित कर प्रस्ताव अविलंब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया, जिससे नए रंगरूट सिपाहियों को बेहतर प्रशिक्षण और रहने की सुविधाएँ मिल सकें। पुलिस केंद्र में मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# सीएम के बटन दबाते हीं लाभार्थियों के खाते में राशि अंतरित हुई, मिला मोबाइल पर मैसेज

**●मैसेज मिलते ही लाभुके को के खिले चेहरे, मुख्यमंत्री के प्रति आभार**

**प्रात: किरण संवाददाता**

छपरा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सौजन्य से डीबीटी के माध्यम से राशि ट्रांसफर कर सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के 1.11 करोड़ पेंशनधारियों के बैंक खातों में 1227.27 करोड़ की बढ़ी हुई पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। सारण जिले के 4,19,168 लाभार्थियों को इस अवसर पर 46.17 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। राजधानी पटना से आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया। सारण जिले में 4600 स्थानों–जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जबकि जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह, छपरा में हुआ मुख्य कार्यक्रम में माननीय प्रभारी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह (विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग) सहित जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष, उपविकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपमहापौर समेत कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। लगभग 800 लाभार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बना दिया। मुख्यमंत्री द्वारा बटन दबाते ही सभी लाभार्थियों के खातों में पेंशन राशि की प्रत्यक्ष अंतरित हुई और सूचना मोबाइल मैसेज के माध्यम से प्राप्त हुई, जिससे लाभार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी। अब प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाभार्थियों के खाते में पेंशन की राशि नियमित रूप से जमा की जाएगी। पेंशन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी पूर्व में 400 प्रतिमाह मिलने वाली पेंशन अब बढ़कर 1100 प्रतिमाह हो गई है, जिससे पेंशनधारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। सारण जिले के पेंशन लाभार्थियों की संख्या मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना 1,83,839, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना झ 1,29,696, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना झ 37,639, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना झ 42,184, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना झ7,731 तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना झ 18,079 है। लाभार्थियों की प्रतिक्रिया उपस्थित पेंशनधारियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनके जीवनयापन में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल पर्यटन बोर्ड ने कार्यक्रम के दौरान सुस्ता के अनोमा घाट को धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया

बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित जिला नवलपरासी के ( ठाढ़ी घाट )अनोमा घाट को नेपाल पर्यटन बोर्ड ने एक समारोह के दौरान धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता देते हुए घोषणा की है। कार्यक्रम के आयोजक सर्व धर्म शांति समाज मिशन सुस्ता गविस ने अनोमा घाट में बुध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर घोषणा की।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।बतादें की बुधपूर्णिमा को एक अवसर के रूप में लेते हुए अनोमा घाट को एक नए धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में नेपाल पर्यटन बोर्ड ने मान्यता देते हुए घोषणा की कि अनोमा घाट को नए धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हीरालाल प्रसाद,प्रभुनाथ यादव,अनोमा मिशन अशोक मंघर,सुग्रीव यादव,ज्ञान बी राणा,मुंसी कुमार हरिजन,राम किशुन गौतम,मीना क्षेत्री,वाल्मीकि हरिजन,रामु बी के संतों हरिजन,इंद्रजीत हरिजन,राजकुमार, गोपी लोनिया समेत कई बौद्ध धर्मावलंबी शामिल हुए।

### महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे भारतवर्ष में पूरे हर्षोल्लास के साथ अपना 77 वा स्थापना दिवस मना रहा है। स्थापना दिवस के इस महापर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छपरा इकाई द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में 11 जुलाई को राजेंद्र महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में जहां-जहां गंदगी मौजूद थी उसको साफ किया गया। स्वक्षता अभियान में मुख्य रूप से जिला प्रमुख डॉ अनुपम सिंह, डॉ विकाश कुमार सिंह, नगर मंत्री आशीष कुमार, नगर सह मंत्री शिवम मिश्रा, कॉलेज अध्यक्ष अभिषेक सोनी, नगर शा सह संयोजक शिवानी शर्मा, विभाग संगठन मंत्री सूयानंद जी, कला मंच सह संयोजक सोनू कुमार, प्रभात कुमार, नगर रत्न प्रमुख अर्पित शारदा, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य राजन कुमार सिंह इत्यादि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश महिला महाविद्यालय छपरा, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सेहत केन्द्र समन्वयक डॉ बिंदी कुमारी के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ किरण कुमारी की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा उपस्थित छात्राओं को जागरुक करते हुए यह जानकारी दी गई की महिलाओं के लिए शिक्षा और आर्थिक अवसर को बढ़ावा देने से छोटे स्वस्थ परिवार और अधिक सशक्त समाज का निर्माण होता है। डॉक्टर रेखा सिंह, डॉक्टर मनीषा कुमारी, डॉक्टर सोनाली सिंह, डॉक्टर प्रियंका मिश्रा ,डॉक्टर प्रतिभा रिछारिया, डॉक्टर शबाना मालिक, डॉक्टर रिंकी कुमारी, डॉ एकता अग्रवाल,डॉक्टर चंचल कुमारी आदि ने उपस्थित छात्राओं को परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकारों पर विशेष चर्चा की।ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व जनसंख्या दिवस की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के जरिए हुई।1989 में संयुक्त राष्ट्र संघ की गवर्निंग काउंसलिंग के फैसले को लेकर हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है ।इस आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नदी में डूबने से छात्र की हुई मौत,मची चीख-पुकार

भेल्दी। डबरा नदी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई।मृतक पीयूष कुमार (10) भेल्दी थाने के हकमा पूरब टोला गांव के रामपाल राय का पुत्र बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के हकमा गांव के रामपाल राय के पुत्र पीयूष कुमार शुक्रवार को पढ़ने के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय हकमा में गया था।वह सातवीं कक्षा का छात्र था।आधे समय के बाद वह कुछ बच्चों के साथ डबरा नदी में स्नान करने के लिए चला गया और स्नान करते समय वह डूब गया।

# इंडो नेपाल सीमा पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नारायणी महाआरती का आयोजन



बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकिनगर के नारायणी तट पर स्थित काली मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा पर भजन कीर्तन व महाआरती का किया गया आयोजन।बतादें,प्रबुद्ध मंच के तत्वावधान में गुरुवार की संध्या गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भजन कीर्तन के साथ नारायणी गंडक महाआरती का आयोजन किया गया।इस मौके पर शिक्षक जेपी सागर द्वारा गाये गए भजन व कीर्तन को सुन मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भावना से ओतप्रोत में होते रहे। वहीं प्रबुद्ध मंच के संचालक व विधायक प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली जहां माता जानकी ने दो वीर योद्धाओं को जन्म दिया था। उनके पराक्रम के कारण भगवान श्री राम को स्वयं यहां आना पड़ा। गुरु पूर्णिमा प्रत्येक साल आता है,गुरु का अर्थ होता है जो अंधकार से प्रकाश में परिणत कर दे। गुरु की कृपा बिना कोई भी इंसान सफल नहीं हुआ है।महाआरती आयोजन में भजन कीर्तन व नारायणी गंडक महाआरती में शिक्षक समुदाय से जुड़े प्रधानाचार्य संजय कुमार, प्रधानाचार्य सुनीता कुमारी, धनंजय कुमार,सतीश कुमार सिंह,संतोष शर्मा,विक्रम कुमार, चंदन कुमार व प्रबुद्ध जन के तरफ से प्रेम कुमार,कुंदन कुमार, बाबा भोला दास सहित अन्य

# न्यायालय ने पत्नी की हत्या मामले में आर्मी जवान को सुनाई उम्र कैद की सजा

**प्रात: किरण संवाददाता**



बगहा। बगहा में पत्नी की हत्या मामले में आर्मी जवान को उम्र कैद की सजा समेत एक लाख जुर्माना देने का आदेश न्यायालय ने दिया है। दरअसल 28 जून 2024 को 20 वर्षीय निकहत प्रवीण का शव घर के भीतर फंदे से लटका हुआ मिला था। जिसके बाद मृतका निकहत के पिता हफिजुल्लाह अंसारी ने अपने दामाद और उसके परिजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के मद्देनजर वाल्मीकिनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के महज एक वर्ष बाद स्पीडी ट्रायल कराकर आरोपी पति इस्माइल अंसारी को दोषी करार दिया गया है। बगहा एडीजे 4 मानवेन्द्र मिश्र की अदालत ने 16 गवाहों का बयान और दलील सुनने के उपरांत आर्मी जवान को आजीवन कारावास समेत एक लाख आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। साथ हीं मृतका के दो वर्षीय मासूम को 18 वर्ष की उम्र तक समाज कल्याण विभाग से 4 हजार रुपया प्रति माह भरण पोषण का आदेश दिया है। बतादें कि सीआरपीएफ के जम्मू कश्मीर में तैनात इस्माइल अंसारी छुट्टियों में अपने घर वाल्मीकिनगर के लक्ष्मीपुर रमपुरवा गांव आया था। इसी दौरान पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक मृतका के सीने की 7 हड्डियां टूट गई थीं। इसके बाद उसके गले में फंदा डालकर लटकाया गया था। एपीपी जितेन्द्र भारती ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसका पति और ससुराल वाले हमेशा मृतका को प्रताड़ित करते थे। 28 जून 2024 को सजायाफ्ता पति ने पत्नी की निर्ममता से हत्या कर दी।

# विशालकाय मगरमच्छ का वनकर्मियों ने एसएसबी कैम्प से रेस्क्यू किया

## सुरक्षित छोड़ा गया गंडक नदी में

**प्रात: किरण संवाददाता**



बगहा। वीटीआर परिक्षेत्रों में बरसात के गिरते ही जंगली जीवजंतुओं के चहलकदमी रिहायशी इलाके में बढ़ गई है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र स्थित रामपुरवा के एसएसबी कैम्प से करीब 8 फिट लंबे मगरमच्छ का वनकर्मियों द्वारा रेस्क्यू किया गया है। फॉरेस्टर आशीष कुमार ने बताया की शुक्रवार को रामपुरवा स्थित एसएसबी कैम्प परिसर में विशालकाय मगरमच्छ के देखे जाने की सूचना मिली,तुरंत एक रेस्क्यू टीम को उक्त स्थल पर भेजा गया।रेस्क्यू टीम में शामिल वनकर्मी शंकर यादव,मणिभूषण कुमार,शशि रंजन,विजय कुमार ने मगरमच्छ का रेस्क्यू काफी मशक्कत के बाद करने में कामयाब रहे। फॉरेस्टर आशीष ने आगे बताया कि मगरमच्छ को सुरक्षित वीटीआर जंगल चुलभट्टा के करीब गंडक नदी में छोड़ दिया गया है।सूत्रों के मुताबिक मगरमच्छ का वजन काफी होने कारण उसे वन विभाग के गाड़ी में लादकर रिलीज स्थल तक लाया गया और उसके बाद उसे गंडक नदी में छोड़ दिया गया है।

# शहर में चला अतिक्रमण हटाव अभियान, लगभग 100 दुकानदारों को हटाया गया

**●साहिबगंज से मौना चौक तक चला नगर निगम का डंडा**

**प्रात: किरण संवाददाता**



छपरा। शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहतनगर निगम द्वारा साहिबगंज पोस्ट ऑफिस मोड़ से लेकर मौना चौक तक अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बता दें कि इससे पूर्व नगर आयुक्त 8 जुलाई को पत्र द्वारा सूचित कर नाले पर किया गतिक्रमण को हटाने का अनुरोध किया गया था। नगर निगम अंतर्गत आम जनों द्वारा नाले पर अस्थाई अतिक्रमण किए जाने के कारण लोगों को आने -जाने एवं नाले की सफाई करने में कठिनाई तथा जल -जमाव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। शुक्रवार को नगर निगम द्वारा नगर पालिका अधिनियम की धारा 435 (3) के तहत अतिक्रमित नाले से अतिक्रमण हटाव अभियान के तहत साहिबगंज पोस्ट ऑफिस से सब्जी मंडी होते हुए मौना चौक तक लगभग 100 दुकानों को हटाकर नाला को अतिक्रमण मुक्त करा या गया। मालूम हो कि दुकानदारों द्वारा नाले पर अस्थाई अतिक्रमण कर लिया गया था। अतिक्रमण हटाव अभियान में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अरविंद कुमार, नगर प्रबंधक वेद प्रकाश बरनवाल एवं सुधीर कुमार हिमांशु नगर मिशन प्रबंधक के द्वारा अतिक्रमण हटाया गयाकविदित हो कि साहिबगंज पोस्ट ऑफिस से मौना चौक तक सड़क की चौड़ाई लगभग 60 से 70 फिट है, जिस पर सब्जी वालों के द्वारा सब्जी का दुकान लगाकर सड़क को जाम कर दिया जाता है, जिसके कारण आवागमन में आम- जनों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। और नाले की साफ- सफाई करने में भी दिक्कते हो रही थी। आगामी 16 जुलाई को भी शहर में अतिक्रमण अभियान के अंतर्गत जेल के दक्षिण पच्छिम कोना से कोट देवी तक अतिक्रमण हटाया जाएगा कइसके लिए नगर निगम से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी नगर प्रबंधक अरविन्द कुमार, वेद प्रकाश वर्णवाल, नगर मिशन प्रबंधक सुधीर कुमार हिमांशु, नगर निगम के अमीन प्रवीण कुमार, सामुदायिक सगठक नितेश चौहान, सफाई निरीक्षक संजय कुमार, सफाई कर्मी,नगर थाना से पुलिस पदाधिकारी देव कुमार तिवारी एवं पुलिस बल आदि शामिल रहेंगे

# जिले भर के स्वास्थ्य केंद्रों में हुई परिवार नियोजन मेला की शुरूआत

**●परिवार नियोजन के नए साधन डर्मल इम्प्लांट का हुआ शुभारम्भ**

**●परिवार नियोजन के अस्थायी संसाधन कंडोम, माला, छाया, अंतरा, गर्भनिरोधक दवाएं कैंप में की जा रहीं है वितरित**

**प्रात: किरण संवाददाता**

बेतिया। विश्व जनसंख्या दिवस पर जिले भर के स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन मेला की शुरूआत की गई। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्र द्वारा बेतिया मेडिकल कॉलेज में परिवार नियोजन के नए साधन ह्लडर्मल इम्प्लांटह्व लगाए जाने के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस सम्बन्ध में एसीएमओ ने बताया की परिवार नियोजन पर जन समुदाय में जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा की बिना जागरूकता के जनसंख्या पर रोक संभव नहीं है।लोगों कों समझना होगा की विवाह के बाद बच्चे दो ही अच्छे है। पीएसआई के डीसी राकेश कुमार ने बताया की जगह जगह कैंप लगाकर परिवार नियोजन के अस्थायी संसाधन कंडोम, माला, छाया, अंतरा, गर्भनिरोधक दवाएं वितरित की गईं है। 31जुलाई तक परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया जा रहा हैः सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया की जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थानों में 31जुलाई तक परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने कहा की परिवार नियोजन के प्रति योग्य दंपतियों को जागरूक करना, परामर्श उपलब्ध करना बढ़ती जनसंख्या पर रोक हेतु बेहद जरूरी है। अनचाहे गर्भ को रोकना चाहिए। युवक युवतियों का सही समय पर विवाह होना चाहिए एवं दो बच्चों के बीच तीन साल का अंतर होना जरूरी है। सभी स्वास्थ्य केंद्र पर परिवार नियोजन सेवाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवा यथा- कॉपर-टी, गर्भनिरोधक सूई/एमपीए बंध्याकरण एवं नसबंदी की सेवा निःशुल्क उपलब्ध है। मौके पर एसीएमओ डॉ रमेश चंद्र, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ डीके मिश्रा, डॉ शिवानी गुप्ता, डॉ आकांक्षा, डॉ शबनम सुलेमान, हेल्थ मैनेजर शाहनवाज, पीएसआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार एवं प्रताप कोश्यारी उपस्थित रहे

# लगातार 8वें वर्ष रसूलपुर से अमरनाथ यात्रा पर भक्तों का जत्था रवाना

**प्रात: किरण संवाददाता**



रसूलपुर। स्थानीय चट्टी से शुक्रवार की सुबह लगातार आठवें वर्ष अमरनाथ बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए भक्तों का जत्था रवाना हुआ। लगातार आठवें साल अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे रसूलपुर से चप्पू चौरसिया ,पंकज सोनी,सरजुग प्रसाद ,नवादा गांव के राजेश प्रसाद , (सिससवन) के लवकुश आदि ने बाबा दुर्गेश्वर नाथ ,बाबा दूधनाथ शिवालय के साथ रसूलपुर एन एच 531 पर अवस्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और बफार्नी बाबा का जयकारा लगाया।श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा के दौरान बफार्नी बाबा ,वैष्णो देवी ,खाटू श्याम का दर्शन कर देश दुनिया सहित अपने बिहार राज्य व ,जिला जवार के जन कल्याण की कामना करेंगे।श्रद्धालुओं को रवाना करने के दौरान मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश प्रसाद, उपमुखिया मनोज सोनी, महावीर मंदिर के पुजारी मनोज मिश्रा एवं चन्दन बाबा आदि उपस्थित रहे और यात्रियों के लिए मंगल कामना की।

# आईपीएस जय प्रकाश सिंह ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

**प्रात: किरण संवाददाता**



छपरा कार्यालय। सारण जिला के मांझी प्रखंड के ग्राम टेघरा के रहने वाले और हिमाचल कैडर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, जय प्रकाश सिंह ने भारतीय पुलिस सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। हिमाचल प्रदेश सरकार के गृह-विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार श्री जय प्रकाश सिंह 10 जुलाई की शाम को अपने कार्य-भार से मुक्त हो गये हैं। श्री जय प्रकाश सिंह ने दूरभाष पर इस खबर की पुष्टि की है। पिछले तीन-चार वर्षों से वे सारण में सामाजिक रूप से सक्रिय थे और समाज-सेवा के क्षेत्र में अपने गृह-जिला ह्यसारणह्ण की सेवा करना चाहते थे। राजनीति भी समाज-सेवा का एक सशक्त माध्यम है। आगामी बिहार विधान-सभा चुनाव के मद्देनजर उनकी संभावित उम्मीदवारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। पिछले दो-तीन दशकों का इतिहास देखा जाय तो राजनीति में परिवारवाद बढ़ता जा रहा है। संसद या विधान-मंडल में बाहुबलियों, धनपशुओं और अपराधियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। आज बहुत कम अच्छे लोग राजनीति में आ रहे हैं क्योंकि अच्छे लोगों के पास न धनबल होता है और न बाहुबल। श्री सिंह ने 90 के दशक में एक सैनिक अधिकारी के रूप में भारतमाता की सेवा की है। एक आईपीएस अधिकारी के रूप में भी उनकी छवि बेदाग रही है। बिहार में इसी साल विधान-सभा का चुनाव है। ऐसे में देखना होगा कि श्री जय प्रकाश सिंह किस पार्टी और क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहेंगे तथा कौन सी पार्टी उन्हें चुनाव लड़ाना चाहेगी।

# सीआरसी पर मुख्यमंत्री नीतीश को सुनने के लिए भारी संख्या में जूटे वृद्ध पेंशनधारी , की नीतीश की बड़ाई

## भाषण सुने चलबू तबे 1100 पेंशन मिली

**●पानी पीने तक की व्यवस्था नहीं होने से नाराजगी**

**प्रात: किरण संवाददाता**

रसूलपुर।थाना क्षेत्र की विभिन्न पंचायत के संकूल संसाधन केंद्रों के विद्यालय स्थित सैकड़ों की संख्या में पेंशनधारी वृद्ध ग्रामीण पुरूष महिलायें पहुंचे।माधोपुर ,योगिया लाकठछपरा आदि हाईस्कूलों के स्मार्ट क्लास में टीवी पर संबोधन सुन सभी ने मुख्यमंत्री नीतीश की बड़ाई की और 400 रुपए से 11 सौ रुपए वृद्धा पेंशन करने पर खुशी जताई।सुबह से ही गांवों से 80 वर्ष से ऊपर तक के वृद्ध महिला पुरूष पहुंचने लगे थे।पेंशनधारियों ने बताया कि उनसबों को बताया गया था कि टीवी पर भाषण सुनने चलेंगी तब ही बढ़ा हुआ 1100 रुपए मिलेंगे।उधर कई सीआरसी पर भारी संख्या में जूटे पेंशनर वृद्धों के लिए गर्मी में पानी पीने तक की व्यवसथा नहीं होने से उनमें क्षोभ देखा गया।विद्यालय प्रशासन के अनुसार पानी आदि की व्यवस्था विद्यालय प्रशासन के जिम्में आदेशित नहीं था।

# विभिन्न विवाद व अन्य मामले निपटाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेहतर माध्यम

**●1 जुलाई से 90 दिवसीय चल रहा है मध्यस्थता अभियान**

**प्रात: किरण संवाददाता**

छपरा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त निदेश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छपरा के तत्वाधान में ह्लराष्ट्र के लिए 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियानह्व का आयोजन 1 जुलाई 2025 से किया जा रहा है। इस अभियान में दुर्घटना दावा वाद , घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, कमर्शियल विवाद, सेवा विवाद, अपराधिक सुलहनीय मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, बटवारा वाद, निष्कासन वाद , भू-अर्जन एवं अन्य योग्य मामलों को मध्यस्थता के द्वारा पक्षकारों की सहमति से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष आधुनिक प्रक्रिया है। इसके द्वारा मध्यस्थ अधिकारी शांतिपूर्ण वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निबटारा करते हैं।

सभी पक्ष अपनी इच्छा से विवाद का समाधान निकालते हैं। इस पद्धति के द्वारा विवादों का जल्द-से-जल्द निबटारा होता है, जो कि खर्च रहित है। यह मुकदमों के झंझटों से मुक्त है। साथ-ही-साथ न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों का बोझ भी कम होता है। बता दें कि मध्यस्थता में मध्यस्थ अधिकारी निष्पक्ष मध्यस्थता के लिए पूर्णतः प्रशिक्षित होता है। सभी पक्ष को उनके विवादों का हल निकालने में मदद करता है।

मध्यस्थता ढांचागत प्रक्रिया है। मध्यस्थ अधिकारी, मध्यस्थता की प्रक्रिया से सभी पक्षों को अवगत करवाते हैं। उन्हें प्रक्रिया के नियमों एवं गोपनीयता की भी जानकारी दी जाती है। मध्यस्थ अधिकारी,पक्षों से उनके विवाद के प्रति जानकारी प्राप्त करता है तथा विवाद के निपटारे के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करता है। मध्यस्थता-प्रक्रिया के लाभों की जानकारी देते हुए बताया गया कि मध्यस्थता प्रक्रिया में विवाद का अविलम्ब व शीघ्र समाधान किया जाता है। इस प्रक्रिया में समय और खर्च की बचत होती है। न्यायालयों में चक्कर लगाने से राहत मिलती है।

अत्यधिक सरल व सुविधाजनक प्रक्रिया होने के कारण विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान हो जाता है। अनौपचारिक, निजी तथा पूर्णतः गोपनीय प्रक्रिया सामाजिक सद्भाव कायम करने में सहायक मध्यस्थता में विवाद निपटने पर, वादी कोर्ट फीस एक्ट-1870 की धारा 16 के तहत पूरा न्यायालय शुल्क वापिस लेने का हकदार होता है। इस संबंध में विशेष जानकारी जिला विधि सेवा प्राधिकार, सारण छपरा के कार्यालय अथवा दूरभाष संख्या 06152- 233322 से भी प्राप्त किया जा सकता है।

### विगत 24 घंटे में विशेष अभियान चलाकर 35 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 59 वारंट एवं 64 कुर्की का किया गया निष्पादन



छपरा कार्यालय। वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण/निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक-10.07.2025 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 35 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें कारोबार में-02, शराब सेवन में-15, हत्या का प्रयास में-02, वारंट में 12, आर्म्स एक्ट में-01, अपहरण-01, हत्या में-01 एवं अन्य में-01 अभियुक्त शामिल हैं। जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-89 वाहनों से 1,55,500 रू० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-85 ली०, विदेशी शराब-509.25 ली०, मोटरसाइकिल-02, थार-01 बरामद किया गया है।

# सशक्त होती महिलाएं: सारण के नगरा प्रखंड में दो सिलाई सह प्रशिक्षण केंद्रों का हुआ उद्घाटन

**प्रात: किरण संवाददाता**



नगरा । स्थानीय प्रखंड के तुजारपुर एवं धूपनगर गांवों में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ा, जब सहयोग जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ कार्यालय एवं उम्मीद जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ कार्यालय अंतर्गत सिलाई सह प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। यह आयोजन जीविका की महिलाओं, प्रखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारियों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी से सम्पन्न हुआ। तुजारपुर और धूपनगर में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन जीविका दीदियों के साथ-साथ जिला परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुष्मिता चौरसिया, गैर कृषि प्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, प्रबंधक अधिप्राप्ति संगीता कुमारी एवं प्रबंधक संचार दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार ने कहा, यह केवल एक केंद्र का उद्घाटन नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक सशक्त कदम है। जीविका दीदियों ने यह साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफलता की नई इबारत लिख सकती हैं। ये केंद्र उन्हें न केवल प्रशिक्षण देंगे, बल्कि उन्हें स्थानीय और सरकारी संस्थाओं से जोड़कर आमदनी के नए स्रोत भी प्रदान करेंगे। वर्तमान में इन दोनों केंद्रों से 62 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो प्रशिक्षण लेकर सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने वाले बच्चों के लिए ड्रेस सिलाई का कार्य करेंगी। आने वाले दिनों में इन केंद्रों से और भी महिलाएं जुड़ेंगी, जिससे रोजगार और आय सृजन के अवसर और अधिक बढ़ेंगे। प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुष्मिता चौरसिया ने इसे ह्लग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थरह्व बताया। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि गांव की नई पीढ़ी को यह सिखाएगी कि प्रगति का रास्ता घर के दरवाजे से भी शुरू हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसंख्या नियंत्रण को लेकर विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

आरा। विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन मेला का होगा आयोजन विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आरा सदर अस्पताल सहित सभी पीएचसी-सीएचसी एवं एचडब्लूसीमें परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया । आरा सदर हॉस्पिटल में डॉक्टर शिवेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया इस मौके पर डॉक्टर विकास सिंह और अस्पताल के कई डाक्टर मौजूद रहे।इस मौके पर योग्य दंपतियों को स्थायी (पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण) एवं अस्थायी (कॉपर-टी, अंतरा सुई, गर्भनिरोधक गोली) गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी एवं सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जिला भर में जनसंख्या स्थिरता माह का आयोजन किया जा रहा है, जो 31 जुलाई तक चलेगा।इसमें 10 जुलाई तक दंपति संपर्क पखवाड़ा चलाया गया, वहीं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के गअंतर्गत सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### बालू व्यवसायी रमाकांत यादव की हत्या पर राजद नेता ने जतायी नाराजगी, कार्रवाई की मांग



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी गुरुवार के शाम स्थानीय एक बड़े बालू व्यवसायी रमाकांत यादव की अपराधियों द्वारा गोली मारकर नृशंस हत्या कर दिए जाने पर राजद नेता सह समाजसेवी ई राघवेंद्र कुमार ने नाराजगी जताती है' राजद नेता ई राघवेंद्र ने इस जघन्य हत्याकांड की घटना की तीव्र शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पूरे बिहार में अपराधियों के हौसला बुलन्द हैं, यह घटना बिहार के सरकार के कानून-व्यवस्था के खोखले दावे पर सीधा तमाचा है। उन्होंने कहा कि आखिर बिहार में कब तक अपराधियों का राज चलता रहेगा? बिहार की निकम्मी व दलित विरोधी सरकार बताए आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? प्रदेश में रोजाना दर्जनों व्यवसायी व ओबीसी, एससी, एसटी समाज के लोगों की नृशंस हत्याएं हो रहीं हैं ! राजद नेता ई राघवेंद्र ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी सम्वेदना व्यक्त करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक से इस घटना में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र ही पहचान कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार प्रदेश के ओबीसी व दलितों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाये' प्रदेश में रोजाना हो रहीं हत्याएं आमलोगों की चिंता बढ़ा दी है

### बिहटा पब्लिक स्कूल के निदेशक सोनी सिंह को डॉक्टरेट की उपाधि, विद्यालय में खुशी की लहर



प्रात: किरण संवाददाता

बिहटा । गोपाल विद्यार्थी । विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग द्वारा बिहटा पब्लिक स्कूल के निदेशक सोनी सिंह को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई है। सोनी सिंह को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। विदित हो कि डॉ सोनी सिंह दो विषयों एमए और राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर हैं। यह उपाधि उन्हें कम पैसे में सर्वांगीण विकास सह शिक्षा और उत्कृष्ट सामाजिक कार्य हेतु दिया गया है। गौरतलब है की बिहटा पब्लिक स्कूल की निदेशक सोनी सिंह पिछले कई वर्षों से पटना जिले के ग्रामीण इलाके में काफी कम खर्चे में गरीब बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रही है। उनकी इस सेवा का लाभ लेने वाले बच्चों में उनका गजब का क्रेज रहा है।लोगों का कहना है की वो इस उपाधि की हकदार है।बधाई देने वालों में सिद्धनाथ सिंह,सियाराम सिंह,नागेंद्र सिंह,अंजू कुमारी,करिश्मा सिंह,यशोदा सिंह,सुषमा शर्मा,जानवी तिवारी,समीरा रजा,अरुण,अभय ,मनोज कुमार,जे पी सहित कई अन्य शिक्षक प्रमुख थे।

# मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की बड़ी उपलब्धि स्कॉर्पियो से भरी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



जिलापदाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध श्री रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर के रास्ते नालंदा की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर पटना फोर लेन पर दौलतपुर ओवर ब्रिज के पास, (थाना-आर नगर, जिला-भोजपुर) में एक उजाले रंग के स्कॉर्पियो की जाँच करने पर स्कॉर्पियो के अंदर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। स्कॉर्पियो पर निबंधन संख्या इफ्2 1ढ-3336 अंकित पाया गया। स्कॉर्पियो के चालक अंकित सौरभ, पे०- सुधांशु कुमार, सा०- हरनौत, थाना- हरनौत, जिला-नालंदा, बिहार, को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से का 2400 पीस यानि 432.000 लीटर जप्त किया गया है। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 07 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से नालंदा ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, सहायक अवर निरीक्षक श्री राजकुमार राजा, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विपक्ष को झटका, मतदाता पुनरीक्षण जारी रहेगा: राजीव प्रताप रूडी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा अमनौर : भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शुक्रवार को दिल्ली से अपने संसदीय क्षेत्र छपरा पहुंचने के बाद अमनौर स्थित अपने आवासीय परिसर में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने उच्चतम न्यायालय के हालिया निर्णय पर बात करते हुए कहा कि बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। उन्होंने इस फैसले को विपक्ष के लिए बड़ा झटका बताया। रूडी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कुछ सुझाव दिए हैं, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने कहा,विपक्ष को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि वे जिन मुद्दों के साथ चुनाव आयोग में गए थे, उन पर उन्हें सफलता नहीं मिली। सांसद ने जोर दिया कि यह मतदाताओं को जोड़ने, गलत मतदाताओं को हटाने और राजनीतिक अभियान को आगे बढ़ाने का समय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय का निर्देश सभी को मानना होगा और पुनरीक्षण का कार्य जारी रहेगा, क्योंकि यह संविधान में दी गई एक बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। इससे पहले, रूडी ने अपने आवासीय परिसर में वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक और भाजपा कार्यकताओं के साथ एक बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद गहनता से चर्चा की है। रूडी ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया को अत्यंत पारदर्शी बताया और कहा कि पूरे राज्य में चुनाव आयोग इस कार्य को पहली बार इतनी कुशलता से कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि बीएलओ 1 और बीएलओ 2 के पास आपत्ति दर्ज करने और मतदाताओं को जोड़ने का अधिकार है।

# बिक्रम में कॉग्रेस प्रवक्ता डॉ अशोक गगन के नेतृत्व में जनसरोकार पदयात्रा निकाली



बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी स्थानीय बाजार में शुक्रवार को कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अशोक गगन के नेतृत्व में जनसरोकार पदयात्रा निकाली। इस दौरान शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।पदयात्रा की शुरूआत बिक्रम के शहीद चौके पर माल्यार्पण कर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और बाजारों से गुजरते हुए गांधी आश्रम पहुंची। वहां महात्मा गांधी एवं बाबू खदेरन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।वही खोरैठा में महिला सशक्तिकरण ,शिक्षा,महंगाई और बेरोजगारी को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पदयात्रा पंहुच सभा मे तब्दील हो गयी इस पदयात्रा में हजारों की संख्या में महिला,युवा, छात्र-छात्राएं और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान लोगों ने सरकार से रोजगार के अवसर ,बेहतर शिक्षा व्यवस्था, निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, महंगाई पर नियंत्रण एवं महिला सशक्तिकरण एवं भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की मांग की इस मौके पर डॉ अशोक गगन ने कहा, राज्य और देश का युवा आज हताश है।रोजगार का कोई ठोस इंतजाम नहीं है, शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है। स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं। भाजपा सरकार सिर्फ जुमलों की सरकार बनकर रह गई है उन्होंने जातीय जनगणना के आधार पर सामाजिक न्याय, सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुधार,स्वरोजगार के अवसर,और गरीब-पिछड़े- अल्पसंख्यक वर्ग को समान अवसर व सम्मान देने की मांग की। वही जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित कुमार सन्नी ने सरकार पर आरक्षण नीति को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने गरीबों को शिक्षा और इलाज से वंचित करने और अमीरों के हित में काम करने का आरोप लगाया।वही प्रभारी शेख मिनाज ने कहा कि कांग्रेस अब सड़क पर उतरकर जनता की आवाज बनेगी।डॉ दिव्य ज्योति ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और सम्मान वही है कांग्रेस की पहचान है।कांग्रेस ने ही देश को पहली महिला राष्ट्रपति,पहली महिला प्रधानमंत्री,पहली महिला मुख्यमंत्री और पहली महिला राज्यपाल दी। कांग्रेस हम महिला सशक्तिकरण के संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध है।भारत की बेटियों की कल्पना का दायरा बढ़ाना और नए विकल्प प्रस्तुत करना हमारी जिम्मेदारी और उनका अधिकार है।

# पेंशन महोत्सव का भव्य आयोजन सामाजिक सुरक्षा की ओर एक सशक्त कदम

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 1 करोड़ 11 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1227.27 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई राशि डीबीटी माध्यम से हस्तांतरित की।इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भोजपुर जिले के नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा में किया गया। भोजपुर जिले में छह प्रमुख सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत जून 2025 माह के लिए 2,81,043 लाभुकों को प्रति लाभार्थी 1100 की दर से कुल 30.96 करोड़ की राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई कार्यक्रम के दौरान कोइलवर प्रखंड के लोदीपुर गांव की लाभुक श्रीमती प्रभावती देवी ने मुख्यमंत्री की इस जनहितकारी पहल की प्रशंसा की और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से मिले लाभों को साझा किया।माननीय पंचायती राज मंत्री सह प्रभारी मंत्री श्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा पहले लाभार्थियों को 400 मासिक पेंशन मिलती थी, जो महंगाई के इस दौर में अपर्याप्त थी। जनता और जनप्रतिनिधियों की मांग को मानते हुए मुख्यमंत्री जी ने इसे बढ़ाकर 1100 कर दिया,यह राज्य सरकार की संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया ने कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और लाभुकों से फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई पेंशन राशि से वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजनों के जीवन यापन में अब अधिक सहूलियत होगी।जिले के सभी राजस्व ग्रामों, पंचायतों, प्रखंडों एवं जीविका ग्राम संगठनों में पेंशन महोत्सव उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया, जिससे पूरे जिले में जनजागरूकता और सहभागिता का सकारात्मक वातावरण बना। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रीमती गुंजन सिंह,अपर समाहर्ता,नगर आयुक्त,नगर निगम सामाजिक सुरक्षा उप निदेशक,सहायक निदेशक,दिव्यांगजन,सहायक निदेशक ,सामाजिक सुरक्षा,डीपीओ आईसीडीएस, प्रभारी पदाधिकारी,विकास शाखा,उप निदेशक, आत्मा एवं बड़ी संख्या में पेंशनधारी उपस्थित रहे।

# ककीला पंचायत के सरपंच निर्वाचित हुए गिरधारी सिंह



आराः त्रि स्तरीय पंचायत उपचुनाव में जगदीशपुर प्रखंड के ककीला पंचायत में सरपंच पद पर हुए उपचुनाव में हम सेकुलर के प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु कुमार सिंह उर्फ गिरधारी सिंह ने शानदार जीत दर्ज की है। इसके पहले अभिमन्यु कुमार सिंह उर्फ गिरधारी सिंह के पिता हरिवंश सिंह यहां से सरपंच निर्वाचित हुए थे इन्होंने अपने प्रतिद्वंदी व्यासमुनि यादव को 309 वोट के भारी अंतर से हराया। निकटतम प्रतिद्वंदी व्यासमुनि यादव को 748 मत जबकि अभिमन्यु सिंह उर्फ गिरधारी सिंह को 1057 मत प्राप्त हुआ।चुनाव को लेकर कई दिनों से पंचायत में गहमा गहमी चल रहा था।चुनाव को लेकर अभिमन्यु कुमार सिंह उर्फ गिरधारी सिंह विगत कई दिनों से गाँव मे ही कैम्प कर चुनाव प्रचार में लगे थे।विरोधी पक्ष के गलत बयानबाजी और लोगो के बीच गलतफहमी फैलाना भी काम नही आया और अभिमन्यु कुमार सिंह उर्फ गिरधारी सिंह ने शानदार जीत दर्ज कर लिया। चुनाव जीतने पर गिरधारी सिंह को बधाई देने वालो में जदयू के नोखा विधानसभा प्रभारी अभय विश्वास भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता यशवन्त नारायण, रालोमो नेता सुनील पाठक, सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट के संजय राय, जदयू नेता अंशु सिंह सिकरिवाल, क्रिकेट एकेडमी ऑफ भोजपुर के सचिव कुमार विजय समेत स्थानीय धर्मेंद्र सिंह,बैद्यनाथ पाण्डेय,मुकुल पांडेय,अजय पांडेय,शेषनाथ पांडेय,वेंकटेश पांडेय,सीताराम सिंह,राजेंद्र यादव, सुरीथ सिंह यादव,महेश यादव,जंगबहादुर सिंह,गंगासागर पांडेय,दिनेश्वर पांडेय,दुर्गेश कुमार,संजय यादव,गुड्डू यादव,जगदीश चौधरी,कैमुद्दीन मंसूरी,चुन्नू कुमार,जय सियाराम जी,लखन सेठ समेत कई लोगो ने बधाई दिया है

# 85820 पेंशनधारियों को 9 करोड़ 44 लाख 02 हजार रुपए अंतरित किया: मंत्री हरि साहनी

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष में प्रभारी मंत्री अरवल हरि साहनी की अध्यक्षता में अरवल जिला अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा के कुल 85820 पेंशनधारियों को कुल 09 करोड़ 44 लाख 02 हजार रुपये बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से माह जुन 2025 की पेंशन राशि अंतरित किया गया। इस वृहद कार्यक्रम का वर्चुअल मोड में माननीय मुख्यमंत्री बिहार के द्वारा सम्बोधित किया गया। जिसको टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, अथवा अन्य स्क्रीन के माध्यम से इस जिला के शत-प्रतिशत लाभुकों को ने सुना व देखा। इस अवसर पर अरवल जिले के कुल 405 स्थलों पर प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी व कर्मी शत-प्रतिशत उपस्थित होकर कार्यक्रम में सभी बिन्दुओं पर ससमय सम्पन्न करवाया। अरवल के सभी लाभार्थियों में पेंशन की राशि 1100/- रुपए बढ़ने पर अप्रत्यासित प्रसन्नता देखी गई। सभागार में आयोजित जिलास्तरीय समारोह में माननीय मंत्री ने कहा कि हम जब भी क्षेत्र या कही भी कार्यक्रम में जाते थे, तो वृद्धजनों का मांग रहता था कि वृद्धपेंशन को बढ़ाई जाए। माननीय मुख्यमंत्री ने निर्णय लिया और इसकी राशि को लगभग तीन गुणा करने का काम किया गया। वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, विधवाओं और अन्य पेंशनधारियों में खुशी देखकर आज सरकार भी संतुष्ट है। बिहार एक ऐसा राज्य है, जिस राज्य में बी.पी.एल. के साथ ए.पी.एल. के लोगों को भी राज्य योजना से वृद्धपेंशन का लाभ मिलता है। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव ने कहा कि बिहार सरकार की नीति न्याय के साथ विकास पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को न्यायसंगत और समान अवसर प्रदान करना है। इस योजना का भी मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। सरकार की प्रतिबद्धता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। राज्य सरकार आपके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य भी है। इसी क्रम में सरकार ने वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून, 2025 से 400 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रतिमाह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है और आज राज्य के सभी पेंशनधारियों को बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। इसका लाभ जिले के कुल 85820 (पच्चासी हजार आठ सौ बीस) पेंशनधारियों को होगा। जिला पदाधिकारी द्वारा इस अवसर पर सभी पेंशनधारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उम्मीद है कि इससे आप सभी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 85820 लाभार्थियों में से राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों की संख्या 29004, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों की संख्या 4780, राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों की संख्या 2499, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों की संख्या 5510, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों की संख्या 8859 एवं मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों की संख्या 35168 है। मौके पर अपर समाहर्ता अनुमंडल पदाधिकारी, 20 सूत्री के उपाध्यक्ष, विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष / प्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# अंधारी ग्राम पंचायत के वार्ड 3 के उपचुनाव में अंजली विजयी

प्रात : किरण संवाददाता



आरा।अंधारी ग्राम पंचायत के वार्ड 3 के उपचुनाव में अंजली देवी विजयी रही।इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पुष्पाश्री को हराया। लोकल पॉलिटिक्स के तहत इस वार्ड में एकतरफ विजयी प्रत्याशी अंजली देवी के देवर रामकिशोर राम तो दूसरी ओर पुष्पाश्री के पति श्रीराम शर्मा उर्फ पहलवान निवर्तमान वार्ड सदस्य थे। कुल दो उम्मीदवार ही यहां चुनाव लड़ रही थी। जीतने के बाद नई वार्ड सदस्या अंजली के देवर सह प्रतिनिधि और समाजसेवक रामकिशोर राम ने बताया कि मैं दलित समाज से आता हूँ और दलितों पिछड़ों के हक और सेवा के लिए अब पूरी जवाबदेही के साथ काम करुंगा। रामकिशोर ने यह भी बताया कि गरीब गुरबा लोगों से ब्लॉक से जुड़े या सरकारी योजनाओं के काम कराने के नाम पर ठगना सामाजिक अपराध है और वार्ड नम्बर 3 की जनता ने इसे बर्दास्त नही किया है। वे अब आगे के दिनों में लोगों की निष्पक्ष और निःशुल्क सेवा करेंगे। विजयी अंजली और रामकिशोर को जीत की बधाई अंधारी गांव के वार्ड 3 सहित पूरे गांव और जवार के लोगों से लगातार मिल रही है। जीत की बधाई देते हुए समाजसेवी राकेश कुमार ने कहा है कि पूरे अंधारी पंचायत से भय और भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों को जगाने और सही उम्मीदवार को जिताने का काम रामकिशोर राम की जीत से शुरू हो गई है और 2026 के चुनाव में अंधारी पंचायत में भयभीत करके या भ्रष्टाचार के सहारे पंचायत चुनाव लड़ने वालों का सफाया करना उनका लक्ष्य है ताकि अंधारी पंचायत में उचित को अपनाने और अनुचित को उसकी बीमारी की दवाई देने का काम जनता के माध्यम से हो। रामकिशोर और अंजली अंधारी गांव के दलित टोले के निवासी नव युवा हैं जिनसे अब लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# श्रावणी मेला उदघाटन का आमंत्रण पत्र एनडीए घटक दल के लोगों को नहीं मिलने पर नाराजगी



भागलपुर सुल्तानगंज*श्रावणी मेला का उदघाटन सम्राट चौधरी के द्वारा होने पर जिला प्रशासन के द्वारा सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के एनडीए घटक दल के भाजपा नगर अध्यक्षा अलका चौधरी, हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष भूटो मांझी, रालोसपा के प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुमार, भाजपा पुर्वी मंडल अध्यक्ष पियूष कुमार, भाजपा अजगैबीनाथ पक्ष्मी मंडल अध्यक्ष प्रविण कुमार, भाजपा नगर उपाध्यक्ष चंदन कुमार, भाजपा शाह कुण्ड मंडल अध्यक्ष अमरजीत कुमार, भाजपा नगर प्रवक्ता अभीषेक कुमार उर्फ विक्की कुमार, भाजपा सजौर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष पप्पू साह ने आमंत्रण पत्र नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी शिकायत प्रदेश तक पहुंचाने की बात कही/ साथ ही सभी एकजुट होकर सामुहिक इस्तीफा देने की बात कही/इस दौरान क्या कहा देखें पुरी रिपोर्ट

# श्री मंशापूर्ण महावीर विधान का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भगवान महावीर मार्ग (जेल रोड) स्थित श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में चातुर्मास के निमित्त पधारे क्रांतिकारी विचारक मुनि श्री 108 विशल्य सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में श्री मंशापूर्ण महावीर विधान का आयोजन हुआ। प्रातः समय में जिनेन्द्र प्रभु की भक्तिपूर्वक अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा हुआ। तत्पश्चात मुनिसंघ का विधिपूर्वक आहारचर्या सम्पन्न हुआ। अपराह्न समय में वीर शासन जयंती के पावन अवसर पर आरा में प्रथम बार श्री मंशापूर्ण महावीर विधान का आयोजन हुआ। रायपुर छत्तीसगढ़ से पधारे विधानाचार्य पंडित अजीत जैन शास्त्री के निर्देशन में इंद्र-इंद्राणियो ने विधान मंडल में बड़े ही भक्तिपूर्वक अर्घ्य सहित श्रीफल समर्पित किए। गुरुदेव ने उपस्थित



श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बोले कि भगवान महावीर ने बिहार के राजगृह स्थित विपुलाचल पर्वत पर 66 दिनों तक मौन के उपरांत, श्रावण कृष्ण प्रतिपदा को प्रथम बार धर्मा उपदेश दिया था। अतः इसी तिथि को वीर शासन जयंती के रूप में मनाया जाता है तथा इसी दिन से भगवान महावीर का शासन स्थापित हुआ था। आज का दिन बहुत ही विशेष है तथा आज ही श्री मंशापूर्ण महावीर विधान हो रहा है ये विधान बहुत ही फलदायी है। जैन समाज के अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन ने बताया कि धर्मनगरी आरा में जैन संत का प्रवास का लाभ हमलोगों को प्रतिवर्ष मिल ही जाता है लेकिन विगत 12-13 वर्षों से निग्रंथ मुनि के चातुर्मास का लाभ नहीं मिल रहा था इस वर्ष हमलोगों का पुण्य जागृत हुआ जिससे इतने बड़े महान संत के चातुर्मास करने का अवसर मिला। गुरुदेव के चातुर्मास समय तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहेंगे जिसका लाभ हम सभी को मिल सकेगा। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि विधान पुण्यार्जक शशि-शैलेंद्र कुमार जैन एवं रीना-अतुल चंद जैन परिवार थे। बाहर से पधारे मुनिभक्तों का चातुर्मास समिति द्वारा सम्मान किया गया। संध्यासमय में गुरुभक्ति, आरती, भजन, व्यावृत्ति इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# गड़हनी में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को मिली बड़ी सौगात

गडहनी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रहे लोगों के लिए शुक्रवार का दिन किसी उत्सव से कम नहीं रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पेंशन की राशि 400 रु से बढ़ाकर 1100 रु किए जाने की घोषणा का पहला लाभ जब सीधे खाते में पहुँचा, तो गडहनी प्रखंड के समस्त लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस ऐतिहासिक क्षण को देखने-सुनने के लिए गडहनी प्रखंड सभागार अन्य विभागीय निदेशालोक मे बनाये गये नोडल केन्द्र विशेष रूप से समस्त विद्यालयों में सैकड़ों लाभार्थी एकत्रित हुए। प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी ने मुख्यमंत्री का पटना से किया गया लाइव संबोधन देखा। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर बिहार भर के लाभार्थियों के खातों में 1100 रु की राशि ट्रांसफर की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी के रूप मे सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक भी लाभुकों के बीच पहुंचे और उनके साथ बैठकर संबोधन सुना। उन्होंने कहा कि यह राशि सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की पूंजी है। सरकार की यह पहल लाभार्थियों के जीवन में स्थायीत्व और खुशहाली लाएगी।मौके पर लाभार्थियों में कुछ पेंशन धारियों ने कहा कि अब हम दवा के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाएंगे। किसी ने कहा सरकार का धन्यवाद है कि हमें हर महीने 1100 रु मिलेंगे। इससे दवा, राशन और चश्मा भी ले सकेंगे। कुछ लोगों ने कहा कि पहले 400 रु में कुछ नहीं होता था। अब 1100 रु से महीने की छोटी-मोटी जरूरतें पूरी हो जायेंगी। यह बढ़ोतरी हमारे लिए बहुत बड़ा सहारा है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने पेंशन की प्रक्रिया को और पारदर्शी और सुचारु बनाने का भरोसा दिलाया।

# ग्रामीण चिकित्सकों को कालाजार और फाइलेरिया पर मिला प्रशिक्षण



जगदीशपुर (भोजपुर)ः अनुमंडल अस्पताल, दुलौर जगदीशपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन भोजपुर एवं जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण चिकित्सकों को कालाजार और फाइलेरिया जैसी गंभीर एवं संचारी बीमारियों की रोकथाम, पहचान और उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान चिकित्सकों को इन बीमारियों के लक्षण, संक्रमण के तरीके, बचाव के उपाय और प्राथमिक इलाज से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में इन रोगों के नियंत्रण में चिकित्सकों की भूमिका पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। पिरामल फाउंडेशन की ओर से हिमांशु शेखर और रितेश राज ने एमएमडीपी किट, दिव्यांग प्रमाणपत्र की प्रक्रिया और हाइड्रोसील ऑपरेशन से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वे फील्ड में सक्रिय रहकर पंचायत प्रतिनिधियों, मुखिया, वार्ड सदस्यों, जीविका दीदियों, स्कूलों और चौपालों के माध्यम से समुदाय को फाइलेरिया के प्रति लगातार जागरूक कर रहे हैं। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुत की गई और फील्ड से संबंधित तस्वीरें भी प्रदर्शित की गईं। उपस्थित चिकित्सकों के बीच क्ढउ कार्ड और हैंडबिल का वितरण भी किया गया, ताकि वे समुदाय तक सही संदेश पहुँचा सकें। इस अवसर पर अनुमंडल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रशिक्षक, अन्य स्वास्थ्यकर्मी, अस्पताल प्रबंधक समेत कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास पर बल दिया।

# हम है तेजस्वी के लोग उनके हर सोच - संकल्प को हर घर तक पहुंचाना मेरा धर्म - कर्तव्य और दाइत्व है:भाई दिनेश

राजद नेता पूर्व विधायक जगदीशपुर भोजपुर भाई दिनेश ने दिन- रात एक मिशन में लगे हुए 1 जनवरी 2025 से आज तक ,उनका एक ही मिशन है कि अपने नेता बिहार के भावी मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के सोच संकल्प माई बहिन मान योजना के तहत प्रति माह प्रत्येक मां बहन को 2500 रुपए मिलेंगे ,,हर घर को 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगा ,1200 का गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा,400 से बढ़ा कर 1500 रुपए मिलेगा बूढ़ा, बूढ़ी, विधवा, दिब्यांग पेंशन,युवा आयोग का गठन होगा, डोमोसाइल नीति लागू होगा,वर्ल्ड क्लास का विश्वविद्यालय का निर्माण होगा, एजुकेशन सीटी का निर्माण होगा,अपराध अपराधी पर लगाम लगेगा, भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी को समाप्त किया जाएगा, पलायन रोकने के लिए उद्योग का जाल बिछेगा जब 2025 में बिहार का मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी बनेंगे ये सभी बाते हैंडबिल वितरण कर, स्टीकर, कलेंडर देकर संवाद स्थापित कर बता रहे हैं। भाई दिनेश जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के आम जनता के बीच जा कर बता रहे हैं कि माननीय श्री तेजस्वी यादव जी 17 महीने बिहार का उप मुख्यमंत्री रहते हुए 5 लाख बिहार वासियों को सरकारी नौकरी दिए,3.50 लाख सरकारी नौकरी को प्रक्रियाधीन करवाए,1 लाख सरकारी नौकरी के लिए गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग में पद सृजित करवाए ,खेल नीति, पर्यटन नीति, और भाई दिनेश ने आम जनता को बता रहे हैं कि बिहार के प्रगति ,विकास के लिए पूरी रोड मैप और ब्लूप्रिंट तैयार कर लिए श्री तेजस्वी यादव जी इस लिए 2025 में श्री तेजस्वी यादव जी का सरकार बनाए। भाई दिनेश ने गांव- गांव घूम कर आम जनता से संवाद स्थापित कर मालूम कर रहे हैं कि किसी का मतदाता सूची में नाम न कटे। भाई दिनेश ने कहा बिहार के अंदर जिस तरह अपराध ,भ्रष्टाचार , अव्यभिचारी बढ़ता जा रहा है इसे रोकने का एक मात्र उपाय है कि 2025 में होने वाला बिहार विधान सभा का चुनाव में श्री तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री बनाया जाए। भाई दिनेश के साथ बिरेंद्र सिंह,लाल बहादुर सिंह,सुबास यादव,नरेंद्र सिंह,भगत यादव,गुप्तेश्वर सिंह,धनजी जी सिंह,सुरेश सिंह,सुरेंद्र सिंह,नायक सिंह, बीरबल पासवान, सुखदेव राम, विंध्याचल सिंह,नन्हकू सिह, टूलू सिंह, जय राम शर्मा, बबन पांडे , करण यादव,दिलीप कुशवाहा सहित दर्जनों लोग थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 12 जुलाई, 2025






# पत्नी पायल संग तलाक की खबरों पर संग्राम सिंह ने तोड़ी चुप्पी

पहलवान और मोटिवेशनल स्पीकर संग्राम सिंह इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। एक ओर जहां उनके और पायल रोहतगी की शादी को तीन साल पूरे हो चुके हैं, वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर दोनों के रिश्ते को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। दोनों के बीच तलाक होने की खबर फैल रही हैं। लेकिन अब संग्राम ने खुद सामने आकर इन अफवाहों पर विराम लगाया है और अपने रिश्ते को लेकर बेबाकी से बात की है। हाल ही में जब पायल रोहतगी ने संग्राम सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दिया, तो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा तेज हो गई कि क्या दोनों के रिश्ते में दरार आ गई है। इस पर संग्राम ने साफ-साफ कहा, हमारे रिश्ते में तलाक जैसी कोई बात नहीं है। हम 14 साल से साथ हैं और एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। ऐसे झूठे दावे करना सही नहीं है।

## पायल के फैसले का करता हूं सम्मान

संग्राम ने बताया कि पायल के फाउंडेशन से इस्तीफा देने का फैसला उनका व्यक्तिगत था और वो इसका पूरा सम्मान करते हैं। उन्होंने ये भी साफ किया कि दोनों की काम करने की शैली अलग है और इसलिए पायल ने जो सोचा, वो उनके लिए सही होगा। संग्राम का कहना है कि किसी एक की गलती कहकर रिश्तों को तोलना ठीक नहीं है। बता दें पायल के पद छोड़ने के बाद अब संग्राम की बहन सुनीता कुमारी सिंह को फाउंडेशन का नया डायरेक्टर बनाया गया है। सुनीता अब संग्राम के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाएंगी। संग्राम का सपना है कि यह फाउंडेशन और भी अधिक जरूरतमंदों की मदद करे और शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाए।





# एंड्रयू लाउ के साथ जल्द ही एक इंटरनेशनल फिल्म में दिखेंगी डोनल बिष्ट

एक्ट्रेस डोनल बिष्ट जल्द ही एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। फिल्म के अपने अनुभवों को लेकर डोनल ने खास बातचीत की।

## 2022 में आप आखिरी बार टीवी पर नजर आईं थीं, इतना गैप क्यों?

2022 में बिग बॉस के बाद मैंने तू जख्म है वेब शो किया, जो टीवी का ही प्रोडक्शन था। टीवी पर काफी काम करने के बाद मुझे लगा कि अब कुछ नया और चैलेंजिंग काम करना चाहिए। इसी सोच के साथ मैं फिल्मों की ओर बढ़ी, कुछ फिल्में की हैं और फरवरी में एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट भी किया। अब मैं बॉलीवुड के किसी सही प्रोजेक्ट का इंतजार कर रही हूं रही हूं और उम्मीद है कि वो जल्द मिलेगा।

## नए प्रोजेक्ट के बारे में बताइए

यह एक इंटरनेशनल फिल्म है, जिसकी शूटिंग मैंने जनवरी-फरवरी में की थी। मैं इसके बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं कर सकती, क्योंकि मैं एग्रीमेंट के अंडर हूं। इस फिल्म के डायरेक्टर एंड्रयू लाउ हैं। इन्होंने इन्फर्नल अफेयर्स के अलावा काफी हॉलिवुड प्रोजेक्ट्स को भी डायरेक्ट किया है। ये एक बड़े लेवल की फिल्म है। यह बेहद खूबसूरत और लाइफटाइम एक्सपीरियंस रहा है। इसकी जानकारी जल्दी ही सामने आएगी।

## फिल्म की शूटिंग कहां-कहां हुई?

हमने इसकी शूटिंग चाइना के फुशान शहर में की थी। मैंने अपने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां भी शेयर की हैं। शूटिंग वैलेंटाइन वीक के आस-पास हुई थी। मुझे वहां की सबसे अच्छी बात ये लगी कि वहां हर चीज में एक प्यारा-सा टच था। मेरी मान्यता है कि अगर आपको खुश रहना है तो अपने आसपास की छोटी-छोटी चीजो में खूबसूरती और खुशी ढूंढनी चाहिए।

## क्या टीवी का यह डाउनफॉल है?

मुझे लगता है कि लॉकडाउन के बाद लोगों ने बहुत सारा कंटेंट देखना शुरू किया, जिससे दर्शकों की पसंद बदल गई है। अब लोग क्वालिटी कंटेंट देखना चाहते हैं। पहले टीवी सीरियल्स लंबे चलते थे। वेब शोज अब ज्यादा इन्वॉल्विंग और क्रिएटिव हो गए हैं।

# निधि अग्रवाल ने फिल्म सिंगल को बताया एक मजेदार यात्रा

तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण की अपकमिंग फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने मई में रिलीज हुई तेलुगू फिल्म सिंगल की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म को एक मजेदार यात्रा बताया और कहा कि निर्देशक कार्तिक राजू ने इसे शानदार तरीके से बनाया है। अभिनेत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, अभी-अभी सिंगल (तेलुगु) देखी!! कार्थिक राजू द्वारा शानदार तरीके से बनाई गई यह फिल्म एक शानदार यात्रा है। श्री विष्णु और विनेला किशोर ने हमें शुरू से लेकर आखिरी तक खूब हंसाया। इवाना और केतिका शर्मा और दोनों बहुत अच्छे थे। अल्लू अरविंद सर, गीता आर्ट्स और पूरी कास्ट और क्रू को बधाई। यह फिल्म इस साल मई में रिलीज हुई थी, जो कि बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं, फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद इस फिल्म में अभिनेता श्री विष्णु के अभिनय से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अभिनेता को फोन किया और अपने बैनर द्वारा निर्मित दो और फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया। फिल्म सिंगल में श्री विष्णु, इवाना और केतिका मुख्य भूमिका में थे। इसे गीता आर्ट्स, अल्लू अरविंद ने कल्याण फिल्म्स के साथ मिलकर प्रस्तुत किया था।





# इमरान हाशमी की नई फिल्म की हुई घोषणा



इमरान हाशमी और हिमेश रेशमिया की जोड़ी एक बार फिर सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रही है। जी हां, इमरान हाशमी की नई फिल्म की घोषणा हुई है, जिसमें हिमेश रेशमिया का संगीत फिर से सुनाई देगा। आदित्य दत्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'गनमास्टर जी 9' का अनाउंसमेंट वीडियो सामने आया है। जिसमें इमरान हाशमी के साथ जेनेलिया डीसूजा और अपारशक्ति खुराना भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## बारूद वाले दूधिया बने इमरान

मेकर्स ने फिल्म से जुड़े तीन अलग-अलग क्लिप्स शेयर किए हैं। इनमें फिल्म के तीनों मुख्य कलाकारों इमरान हाशमी, जेनेलिया डिसूजा और अपारशक्ति खुराना के वॉइस ओवर सुनाई देते हैं। पहली क्लिप में एक बाल्टी रखी दिखती है, जिसपर जी9 लिखा हुआ है। इसके साथ इमरान हाशमी की आवाज में वॉइस ओवर आता है 'मुझसे मच-मच किया चलेगा, गलती से फैमिली को टच किया, तो याद रखना धंधे से दूधवाला हूं, बंदा बारूद वाला हूं।' इसके साथ ही एक हाथ दिखाई देता है जिस पर टैटू बने हुए हैं और हाथों में बंदूक है।


## गुंडे-बदमाशों को काटने को तैयार जेनेलिया

इसी तरह की एक अगली क्लिप शेयर हुई है, जिसमें जी9 लिखी हुई बाल्टी रखी हुई है। इसमें जेनेलिया का वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहती हैं, 'घर की बहू हूं, इसका ये मतलब नहीं कि सिर्फ निर्मल और शीतल। घर की सब्जी आएगी, तो सब्जी काटूंगी। लेकिन अगर घर पर गुंडे बदमाश आए तो, सब्जी थोड़े न काटूंगी।' इस क्लिप के साथ ही कई सारी चूड़ियां पहने एक हाथ बाल्टी में से निकलता है, जिसमें हाथों में धारदार हथियार है।



## गुड़गांव में भौकाल जमाएंगे अपारशक्ति

इसी तरह जो तीसरी क्लिप है उसमें अपारशक्ति खुराना का वॉइस ओवर और उनका एंट्रो है। इस बार जी9 लिखी बाल्टी से एक हाथ निकलता है, जो बम पकड़े हुए है। इसमें अपारशक्ति का वॉइस ओवर कहता है, 'लोहे की काठी दे सूराटी। हाथ में है बम और गुड़गांव में लोग हमसे 70 फिट दूर रहते हैं। क्योंकि बम और हम कभी भी फट सकते हैं।'



इन तीनों एक्टर्स के इंट्रो के साथ ही लास्ट में रेशमिया का म्यूजिक और उनकी आवाज भी सुनाई देती है।

## 2026 में रिलीज होगी फिल्म

मेकर्स ने इसे नए जमाने का एक्शन बताया है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित और हिमेश रेशमिया के संगीत से सजी 'गनमास्टर जी 9' की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।

# पहली बार विजय ने कबूला रिलेशनशिप, रश्मिका संग हैं डेटिंग रूमर्स



साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता विजय देवरकोंडा एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। लंबे समय से रश्मिका मंदाना के साथ उनके रिश्ते की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अभिनेता ने अब खुद सामने आकर अपने रिलेशनशिप स्टेटस पर बात की है। एक इंटरव्यू में विजय ने खुलकर बताया कि वो सिंगल नहीं हैं और इस बयान के बाद फैंस के बीच हलचल और भी तेज हो गई है। इंटरव्यू में जब विजय देवरकोंडा से पूछा गया कि क्या वो अब भी सिंगल हैं, तो उन्होंने सीधा जवाब दिया- मैं 35 साल का हूं और मैं सिंगल नहीं हूं। विजय के इस जवाब से साफ है कि उनके और रश्मिका मंदाना के रिलेशनशिप को वो अब छुपाना नहीं चाहते। दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ स्पॉट किए जाते हैं, लेकिन कभी भी वो खुलकर एक दूसरे के बारे में कुछ बोले नहीं हैं।


## रिश्तों को सीक्रेट रखने की वजह बताई

विजय ने आगे बताया कि वो अपनी पर्सनल लाइफ को पब्लिक के सामने क्यों नहीं लाना चाहते। उन्होंने कहा, जब आप किसी से प्यार करते हैं, तो आप उन्हें मीडिया की नजरों और गॉसिप से दूर रखना चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि मेरी जिंदगी का वो हिस्सा सुरक्षित रहे और गैरजरूरी चर्चाओं का शिकार न बने। अपने काम और निजी जिंदगी के संतुलन पर बात करते हुए विजय ने कहा कि एक अभिनेता के तौर पर वो चाहते हैं कि लोग उनके काम को पहचानें, लेकिन वो खुद भीड़ से दूर रहना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, कई बार मैं सोचता हूं कि काश मैं विजय देवरकोंडा स्टार को किसी और में ट्रांसफर कर पाता और खुद सिर्फ एक आम इंसान की तरह जीवन जीता।

## रश्मिका मंदाना का रिएक्शन



विजय की अगली फिल्म किंगडम जुलाई में रिलीज होने जा रही है और इसके प्रोमो में उनका दमदार एक्शन अवतार देखने को मिला है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म के प्रोमो पर रश्मिका मंदाना ने भी प्रतिक्रिया दी है और विजय की तारीफ करते हुए फिल्म को लेकर उत्साह जताया है।



# उदयपुर फाइल्स कहानी मुझे अच्छी लगी, इसलिए फिल्म से जुड़ा

मिस्टर इंडिया और सुपर मॉडल रहे रजनीश दुग्गल के लिए भले एक्टर बनने की राह आसान रही हो, मगर हीरो बनने के बाद अभिनेता के रूप में सर्वाइव करना आसान नहीं था, मगर इसके बावजूद 1920, एक पहेली लीला, डेंजरस इश्क, वजह तुम हो जैसी कई फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी और टीवी शोज में नजर आने वाले रजनीश इंडस्ट्री में लगभग 20 साल बिता चुके हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं, उदयपुर फाइल्स, कन्हैयालाल टेलर मर्डर केस से।

**आम तौर पर जब इस तरह के विवादास्पद विषय पर फिल्में बनती हैं, तो उन्हें एजेंडा बेस्ड फिल्म कहा जाता है। आपकी हालिया फिल्म उदयपुर फाइल्स, कन्हैयालाल टेलर मर्डर केस पर भी यही आरोप लग रहा है कि बहती गंगा में हाथ धोने की कोशिश है?**

जब मुझे इस भूमिका का प्रस्ताव मिला और रोल को लेकर कॉल आया, तो मुझे भी यही लगा। मैंने डायरेक्टर और लेखक से पूछा कि कहीं ये फिल्म प्रोपेगेंडा वाले जोन में तो नहीं जा रही है? आप अगर उस रीजन से मुझे फिल्म की कहानी सुना रहे हैं, तो मत सुनाइए। उन्होंने बताया कि वे सच बताना चाहते हैं और इस फिल्म में कन्हैयालाल का परिवार भी शामिल है। वो लोग भी इस फिल्म से जुड़े हुए हैं। उनका बेटा आज भी केस लड़ रहा है और तब मैं इस फिल्म की कहानी को सुनने को राजी हुआ। जब मैंने इस कहानी को सुना तो मुझे अच्छी लगी। मैं इस फिल्म में इंटेलिजेंस ब्यूरो चीफ की भूमिका निभा रहा हूं। मेरे किरदार का नाम ईश्वर सिंह है। यह एक काइयां और बहुत ही चतुर पुलिस वाला है, जो सच के पक्ष में लड़ाई लड़ रहा है। मैंने कहानी पर रिसर्च रिसर्च की, क्योंकि मैं जानता था कि ये विवादस्पद स्पेस में जा सकती है। 2022 में हुए इस हादसे ने हर किसी को हिला कर रख दिया था। मेरा कंसर्न यही था कि फिल्म सच्चाई की तरफ हो। फिल्म तीन भागों में शूट हुई है। मेरे पास जब ये रोल आया फिल्म का पहला भाग शूट हो चुका था।

**फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस फिल्म से धार्मिक सौहार्द को चोट पहुंचने की आशंका है?**

इस मुद्दे पर मैं यही कहना चाहूंगा कि मैंने एक एक्टर के रूप में अपना पार्ट अदा किया है। फिल्म के जरिए सच्चाई को सामने रखने की कोशिश है। अब जब इस तरह के विषय पर फिल्म बनती है, तो कुछ लोगों के हर्ट होने की संभावना तो रहती ही है, ख़ास तौर पर उन लोगों के, जो सुनी-सुनाई बात पर यकीन करते हैं। मगर फिल्म का मकसद किसी की भावनाओं को आहत करना नहीं है।

**आपने करियर की शुरुआत सुपर मॉडल के रूप में की, 1920 जैसी सुपर हिट फिल्म दी, टीवी और ओटीटी पर भी बहुत सारा काम किया, मगर आपके फैंस को लगता है कि आपका बेस्ट आना अभी बाकी है? आपको ड्यू नहीं मिला?**

मुझे ये नहीं लगता कि मुझे ड्यू नहीं मिला, मगर हां, मेरा बेस्ट आना अभी बाकी है। अगर मैं ये सोचूं कि मुझे ड्यू नहीं मिला, तो मैं डिप्रेस हो जाऊंगा। मुझे दुख होगा, तो मैं यही सोचता हूं कि मेरे अंदर बहुत कुछ ऐसा है, जो अभी तक बाहर नहीं आया है। ये सोच मुझे खुशी देती है। जब मैं कोई प्रोजेक्ट साइन करता हूं, तो एक बच्चे और नौसिखिए की तरह उस में जुट जाता हूं। जब तक आप में वो एनर्जी रहती है, तब तक आपको लगता है कि आप बहुत कुछ कर सकते हैं। जिस दिन वो एनर्जी खत्म हो गई, समझो आप चुक गए। जब भी मैं कुछ उस तरह के प्रतिभावान निर्देशकों के साथ काम करूंगा, मेरा बेस्ट बाहर आएगा।

**क्या कभी ये खलिश होती है कि काश मैं इंडस्ट्री से ताल्लुक रखता होता, तो किस्मत कुछ और होती?**

मानता हूं कि जब आप इनसाइडर होते हैं, तो फायदा तो होता है। आपके दादा और पापा ने जो नाम बनाया है, वो तो चाहेंगे ही कि उसका लाभ उनकी आगे की जनरेशन को मिले, मगर उससे बड़ा फायदा ये होता है कि आपको डिनर और ब्रेकफास्ट टेबल पर टिप्स मिलते हैं। इनसाइडर को फ़िल्मी दुनिया के आदाब-अदब का पता होता है। उन्हें महीने का रेंट भरने की टेंशन नहीं होती। उनको ये टेंसन नहीं होती कि मैनेजर लें या न लें। पीआर किस्से कराएं। आम तौर पर जिन बेसिक चीजों से एक एक्टर को संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना पड़ता है, वो काफी हद तक आउटसाइडर्स को तोड़ देती है। मगर वो सारी जानकारी और सहूलियत इंडस्ट्री चाइल्ड को मिलती है। मगर फिर मेहनत तो आपको भी करनी पड़ती है और उन्हें भी। हां उन्हें अगर दस चांस में मिलते हैं, तो आपको एक।






## अडानी की ऊंची बोली से बढ़ा जेपी पावर का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेपी ग्रुप की कंपनी जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपी पावर) के शेयर शुक्रवार को 52 हफ्ते की नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। जेपी पावर के शेयर शुक्रवार को बीएसइ में करीब 8 पर्सेंट के उछाल के साथ 24.86 रुपये पर जा पहुंचे



हैं। पिछले पांच दिन में कंपनी के शेयरों में 23 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। जेपी पावर के शेयरों को उन रिपोर्ट्स से तगड़ा बूस्ट मिला है, जिनमें कहा गया है कि इनसॉल्वेंसी रेजॉलूशन प्रोसेस (दिवालिया समाधान प्रक्रिया) के तहत जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेपी एसोसिएट्स) को खरीदने के लिए अडानी ग्रुप सबसे बड़ी बोली लगाने वाले ग्रुप के रूप में उभरा है।

**दो महीने में 85 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं कंपनी के शेयर-** जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपी पावर) के शेयर पिछले दो महीने में 85 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। जेपी पावर के शेयर 9 मई 2025 को 13.28 रुपये पर थे। पावर कंपनी के शेयर 11 जुलाई 2025 को 24.86 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले एक महीने की बात करें तो जेपी पावर के शेयरों में 35 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। पिछले 6 महीने में पावर कंपनी के शेयर 55 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। जेपी पावर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 24.86 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 12.35 रुपये है।

## टीसीएसकर्मचारियों के इंक्रीमेंट का फैसला टला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने अपने कर्मचारियों के वे इंक्रीमेंट को एक और क्वार्टर के लिए टाल दिया है। कंपनी के मुख्य एचआर अधिकारी मिलिंद लक्कड़ ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हम अभी तक वेतन वृद्धि चक्र पर कोई निर्णय नहीं ले पाए हैं। पहले टीसीस हर साल 1 अप्रैल (वित्तीय वर्ष की शुरुआत) पर वेतन वृद्धि लागू करती थी।

**कर्मचारियों की संख्या बढ़ी-** टीसीएसने पहली तिमाही में 5,090 नए कर्मचारी भर्ती किए। इसके साथ ही कंपनी में कुल कर्मचारियों की संख्या 6,13,000 से अधिक हो गई है। हालांकि, लक्कड़ ने स्पष्ट किया कि भर्ती को तिमाही वृद्धि से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। यह साल भर की योजना के तहत होती है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के मुताबिक उन्होंने यह भी माना कि पिछली तिमाहियों में अधिक भर्ती के बाद व्यावसायिक चुनौतियों के कारण कुछ असंतुलन पैदा हुआ, जिसे आगे के काम में इस्तेमाल करने की योजना है।

**रेवेन्यू में मामूली वृद्धि-** टीसीएस ने पहली तिमाही में पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले केवल 1.3 प्रतिशत की मामूली वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जिससे राजस्व 63,437 करोड़ हुआ। पिछली तिमाही की तुलना में राजस्व में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

**मुनाफा बढ़ा-** हालांकि, नेट प्रॉफिट पिछले साल की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत और पिछली तिमाही की तुलना में 4.4 प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ हो गया। यह बढ़त एक बड़े प्रोजेक्ट को बंद करने से हुई बचत और टैक्स लाभ के कारण संभव हुई।

**सीईओ ने ग्लोबल अनिश्चितता को जिम्मेदार ठहराया-** टीसीएसके सीईओ के कृति कृष्णन ने मंद वृद्धि का कारण वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से कमजोर हुई मांग को बताया। उन्होंने कहा, हमने पहले भी विवेकाधीन निवेश वाले प्रोजेक्ट्स में निर्णय लेने में देरी की बात कही थी। यह प्रवृत्ति इस तिमाही भी जारी रही और संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता व सप्लाई चेन की समस्याओं के कारण और तेज हुई।

# प्रमोटर वारंट के लिए 75 प्रतिशत वोट जुटाने में जी एंटरटेनमेंट फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी एंटरटेनमेंट के शेयरों में शुक्रवार सुबह के कारोबार में भारी दबाव देखा गया। शेयर की कीमत 6.7 प्रतिशत गिरकर 133.05 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गई। सुबह 9ः45 बजे तक शेयर 3.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 137.45 पर कारोबार कर रहा था, जबकि इसी दौरान बीएसई सेंसेक्स सिर्फ 0.21 प्रतिशत नीचे था। कंपनी का मार्केट कैप 13,202.34 करोड़ रह गया। यह शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्च स्तर 163.90 से काफी नीचे है, हालांकि मार्च में यह 89.29 के निचले स्तर पर भी गया था।




**वोटिंग में क्यों हुआ असफल-** शेयरों में गिरावट की मुख्य वजह कंपनी द्वारा शेयरधारकों से वारंट जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी न मिलना है। जी ने प्रमोटर ग्रुप (गोयनका परिवार) को 2,237.44 करोड़ की राशि जुटाने के लिए वारंट जारी करने की योजना बनाई थी, ताकि उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 18.4 प्रतिशत हो जाए। मगर इस प्रस्ताव को सिर्फ 59.51 प्रतिशत वोट ही मिले, जबकि जरूरी थे 75 प्रतिशत।

**विरोध करने वालों में कौन थे-** सार्वजनिक संस्थागत निवेशकों में से 52.2 प्रतिशत और सार्वजनिक गैर-संस्थागत निवेशकों में से 20.2 प्रतिशत ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। ध्यान देने वाली बात यह है कि जी में 96 प्रतिशत शेयर सार्वजनिक निवेशकों के पास हैं, जिनमें एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एलआईसी और नॉर्वे का गवर्नमेंट पेंशन फंड जैसे बड़े संस्थान शामिल हैं।

### कंपनी का जवाब और भविष्य की चिंताएं

जी ने एक बयान में कहा कि वह 60 प्रतिशत समर्थन का आभारी है, मगर शेष शेयरधारकों के फैसले का भी सम्मान करती है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे बढ़ने के लिए उसे वार चेस्ट की जरूरत है ताकि वह बदलते बाजार और प्रतिस्पर्धा का मुकाबला कर सके।

### मालिकाना हक का गणित

इस वोटिंग के असफल होने से प्रमोटर की हिस्सेदारी अभी सिर्फ 94 प्रतिशत ही रहेगी। जी के प्रमोटर्स ने जून में ही 132 प्रति वारंट की कीमत पर 16.95 करोड़ वारंट खरीदने का प्रस्ताव रखा था। अब यह योजना रुक गई है, जिससे कंपनी के विकास और प्रतिस्पर्धी रणनीतियों पर असर पड़ सकता है।

### क्या करें निवेशक

इस घटना के बाद शेयर की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। तकनीकी विश्लेषण के अनुसार, अगले सप्ताह शेयर के लिए महत्वपूर्ण सहारा 133-134 के आसपास है, जबकि प्रतिरोध 152-158 के बीच मौजूद है।

## भारत में खुदरा ऋण का नया दौर, आवास ऋण से मिलेगी रफ्तार

**मुंबई।** भारत में खुदरा ऋण वृद्धि का अगला चरण आवास ऋण से प्रेरित होगा। साथ ही प्रति उधारकर्ता ऋण में भी उल्लेखनीय वृद्धि आने की उम्मीद है। यह जानकारी वैश्विक फर्म बर्नस्टीन की एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इस वृद्धि का बड़ा हिस्सा किफायती आवास क्षेत्र से आने की संभावना है। लगभग 3 प्रतिशत रिटर्न ऑन एसेट (आरओए) देने वाले किफायती आवास ऋण क्षेत्र में 500 अरब डॉलर तक की कर्ज देने की संभावना है। हालांकि, इसमें सफलता उन ऋणदाताओं को ही मिलेगी, जो अपने ऑपरेटिंग मॉडल को देश के विभिन्न राज्यों में लगातार और बड़े स्तर पर लागू कर सकें।




### 200 मिलियन से अधिक नए उपभोक्ता जुड़े

पिछले एक दशक में क्रेडिट सेक्टर में सबसे बड़ी वैल्यू क्रिएशन उन संस्थाओं द्वारा की गई जो औपचारिक वित्तीय प्रणाली तक नए ग्राहकों की पहुंच बढ़ाने में सफल रहीं। इस दौरान ऋण प्रणाली में 200 मिलियन से अधिक नए उपभोक्ता जुड़े और उधारकर्ताओं की संख्या कुल कर्ज की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ी। इसमें कहा गया कि लगभग 60 प्रतिशत भारतीय श्रम शक्ति के पास ऋण तक पहुंच है, विशेष रूप से मॉर्गेज यानी होम लोन के रूप में। मॉर्गेज एक प्रकार का ऋण है जिसका उपयोग घर, जमीन या अन्य अचल संपत्ति खरीदने या उस पर पैसे उधार लेने के लिए किया जाता है।

भारत में फिलहाल मॉर्गेज का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 11 प्रतिशत है। यह चीन के 30 प्रतिशत और विकसित देशों के 50 प्रतिशत से अधिक के आंकड़े की तुलना में काफी कम है। वहीं, गैर-मॉर्गेज खुदरा ऋण भारत में पहले ही जीडीपी के 30 फीसदी से अधिक तक पहुंच चुका है । यह कई अन्य उभरते और विकसित देशों से अधिक है। रिपोर्ट का अनुमान है कि अगर आने वाले वर्षों में बंधक ऋण में लगातार वृद्धि होती रही, तो वित्त वर्ष 2035 तक देश में 1.5 ट्रिलियन डॉलर का आवास ऋण बाजार बन सकता है।



## बिटकॉइन 117000 डॉलर को पार कर ऑल टाइम हाई पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टोकरेंसी अपने नए शिखर को पर पहुंच गया है। गुरुवार को एक क्रिप्टोकरेंसी 118062.60 डॉलर के भाव पर कारोबार करता दिखा और अपने पिछले हाई 117000 डॉलर को पार कर गया। भारतीय रुपये में एक बिटकॉइन की कीमत करोड़ से अधिक करीब 10136974.07 रुपये हो गई है। दुनिया की सबसे प्रचलित क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमतों में उछाल निवेशकों के निरंतर आशावाद और बढ़ती संस्थागत रुचि के कारण आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों ने भी क्रिप्टोकरेंसी की मजबूती में योगदान दिया है। जैसे-जैसे क्रिप्टो बाजार 2025 की दूसरी छमाही में प्रवेश कर रहा है, निवेशकों का ध्यान प्रमुख मैक्रो संकेतकों पर केंद्रित हो रहा है। आगामी अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और फेड के फैसले क्रिप्टोकरेंसी बाजार में रुझानों को नई दिशा देंगे। फिलहाल, निवेशकों के बीच आशावाद का माहौल है।

## ग्रेट लर्निंग ने छात्रों और कामकाजी पेशेवरों के कौशल को बढ़ाने के लिए द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज शुरू किया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एडटेक की जानी-मानी कंपनी ग्रेट लर्निंग ने 'द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज' की शुरुआत की है। यह एक फ्री और ऑनलाइन अपस्किलिंग प्रतियोगिता है, जो खास तौर पर जनरेटिव एआई में स्किल बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 13 से 15 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिन के कार्यक्रम में छात्र और प्रोफेशनल्स 40,000 रूपए मूल्य के 30 से ज़्यादा कोर्स ग्रेट लर्निंग अकाडमी पर बिल्कुल मुफ्त में कर सकेंगे। यह पहल विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शुरू की जा रही है, जिसका मकसद है देशभर के छात्रों तक एआई की जानकारी और ट्रेनिंग को पहुंचाना, ताकि भारत जनरेटिव एआई के क्षेत्र में और तेज़ी से आगे बढ़ सके। जो छात्र ये कोर्स पूरे करेंगे, वे अपने कॉलेज की एआई चैंपियन राष्ट्रीय रैंकिंग को भी ऊपर ले जा सकेंगे।

इस अभियान की टैगलाइन है ङ्क 'जेन ज़ी गोज़ जेनएआई ('त्दद्ठ ' त्शद्गह्य त्दद्ध्रढ्ढ) - क्योंकि करियर की शुरूआत सिर्फ नौकरी से नहीं, बल्कि स्किल्स से होती है'। यह संदेश युवाओं को जनरेटिव एआई की अहमियत समझाने और उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आज के डिजिटल जमाने में सिर्फ डिग्री काफी नहीं, एआई जैसी नई तकनीकों की समझ और स्किल्स भी ज़रूरी हैं।




द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज न सिर्फ छात्रों को जनरेटिव एआई सीखने का आसान और किफायती मौका देता है, बल्कि उन्हें अपने कौशल को दिखाने और खास इनाम जीतने का मौका भी देता है। इस चुनौती के ज़रिए युवा खुद को भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं और एक ऐसे क्षेत्र में मज़बूत बुनियाद रख सकते हैं, जो आने वाले समय में हर क्षेत्र को बदलने वाली है।

## काइनेटिक ग्रीन बॉर्न इलेक्ट्रिक स्कूटरों की रेंज के साथ अपने इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बिजनेस का विस्तार करेगा

**पुणे, एजेंसी।** भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर एवं थ्री-व्हीलर बनाने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने अपने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बिजनेस को बढ़ाने की एक बड़ी योजना की घोषणा की है। पिछले साल लॉन्च हुए उनके मशहूर ई-लूना की शानदार सफलता से उत्साहित होकर, कंपनी अब अगले 18 महीनों में तीन उच्च प्रदर्शन वाले बॉर्न-इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने जा रही है, जो विश्वस्तरीय डिज़ाइन और मजबूत भारतीय इंजीनियरिंग का मिश्रण होंगे।

इस विस्तार का पहला मॉडल एक प्रीमियम, स्टाइलिश और तकनीकी रूप से उन्नत फैमिली स्कूटर होगा, जिसे 2025 के त्योहारी सीज़न से पहले लॉन्च किया जाएगा। यह स्कूटर रेट्रो लुक और यूजर की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिसमें कई अत्याधुनिक खूबियां होंगी। इसमें रंगीन टीएफटी(ञ्जस्नञ्ज) डिस्प्ले, उन्नत आईओटी (ढ्ढशञ्ज) सुविधाएँ और जियो थिंग्स के साथ मिलकर विकसित एक स्मार्ट डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं जोकि गाड़ी चलाने के



अनुभव को बेहतर बनाएंगे। यह स्कूटर कई बैटरी विकल्पों और फास्ट-चार्जिंग तकनीक के साथ आएगा, और विभिन्न ग्राहकों की ज़रूरतों और बजट को पूरा करेगा।

काइनेटिक ग्रीन ने अपने डिज़ाइन को और बेहतर बनाने के लिए इटली की प्रसिद्ध डिज़ाइन कंपनी टोरिनो डिज़ाइन के साथ साझेदारी की है, ताकि अत्याधुनिक स्कूटर की नई रेंज को साथ मिलकर बनाया जा सके। ये अगली पीढ़ी के स्कूटर बॉर्न-इलेक्ट्रिक डिज़ाइन दर्शन पर आधारित होंगे, जो आकर्षक और युवा स्टाइल के साथ नई दिशा दिखाएंगे। नई डिजाइन लैंग्वेज खूबसूरत एवं ट्रेंड सेटिंग होगी और युवाओं को पसंद आएगी।

इस घोषणा के बारे में, काइनेटिक ग्रीन की फाउंडर और सीईओ डॉ. सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, हम अपने नए बॉर्न-इलेक्ट्रिक स्कूटरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में 10 साल से ज्यादा के अनुभव के साथ, हमने डिज़ाइन और इंजीनियरिंग में गहरी समझ हासिल की है। हमारी ई-लूना और हाल ही में लॉन्च स्कूटरों की सफलता हमें और प्रेरित करती है। हमने अब तक 80,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स बेचे हैं, मज़बूत उत्पादन सुविधाएँ बनाई हैं और देशभर में 400 डीलरों का नेटवर्क तैयार किया है। अब इटली की टोरिनो डिज़ाइन के साथ मिलकर हम इलेक्ट्रिक स्कूटरों को नया और आकर्षक रूप देंगे। थॉटफुल इंजीनियरिंग के आधार पर, हमारे नए स्कूटर स्टाइलिश और भविष्य के लिए तैयार होंगे, और ये ग्राहकों को शानदार अनुभव देंगे।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 का आगाज - 19 नवंबर से 13 दिसंबर

**नई दिल्ली एजेंसी।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) - एक ग्लोबल क्रिकेट प्रॉपर्टी ने एक बार फिर शानदार आयोजन का आगाज कर दिया है। खेल के इस महाकुंभ में कुछ सबसे बड़े दिग्गज आएंगे! फ्रैंचाइज़ी फ़ॉर्मेट में आयोजित सीज़न 4 का बेसब्री से इंतजार था और आगामी 19 नवंबर से 13 दिसंबर, 2025 तक पूरे भारत के 7 शहरों में इस आयोजन की घोषणा के साथ क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पिछला सीज़न बेहद सफल रहा। सीज़न 4 उससे भी अधिक दमदार, बड़ा और शानदार होने वाला है। पहले से कहीं अधिक मैच, अधिक स्टार खिलाड़ी और अधिक शहरों की भागीदारी होगी। खेल के दीवानों के लिए मैदान में एक्शन का रोमांच रहेगा। गर्मजोशी के माहौल में क्रिकेट के दिग्गजों के शानदार खेल प्रदर्शन की कल्पना मात्र से रोमांच बढ़ रहा है। ''हम बड़े हर्षोल्लास से लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 की घोषणा कर रहे हैं। इस साल हम नए कीर्तिमान करने वाले हैं - अधिक मैच, अधिक जगह आयोजन और दिग्गज खिलाड़ियों का बड़ा जमावड़ा होगा।

## ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक और लेज़रफाई आईटी सॉल्यूशन्स के बीच ज़ांज़ीबार सरकार की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए 8.90 मिलियन डॉलर का समझौता

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशन्स लिमिटेड जो साइबर सुरक्षा और तकनीकी समाधानों में वैश्विक अग्रणी है, ने यूएई-इंडिया आधारित लेज़रफाई आईटी सॉल्यूशन्स के साथ 8.90 मिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता ज्ञापन किया है। यह साझेदारी ज़ांज़ीबार सरकार के महत्वाकांक्षी ईडीयूए यूनिफाइड डिजिटल गवर्नमेंट प्लेटफॉर्म (यूडीजीपी) को सशक्त बनाने के लिए की गई है, जिसका उद्देश्य एक प्रभावी, पूर्णतः डिजिटल और सुरक्षित सार्वजनिक सेवा प्रणाली विकसित करना है।



समझौते के तहत, ब्लू क्लाउड को इस डिजिटल प्लेटफॉर्म की डिज़ाइन, विकास और पूर्ण रूप से कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह परियोजना ई-गवर्नमेंट अथॉरिटी ऑफ ज़ांज़ीबार (ईजीएजेड) द्वारा संचालित है और इसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी मंत्रालयों, विभागों, एजेंसियों और प्रमुख निजी क्षेत्रों के लिए सेवाओं को केंद्रीकृत और स्वचालित बनाना है। इससे आम नागरिकों, व्यवसायों, और सामाजिक संगठनों को पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल सेवाएं प्राप्त होंगी। इस ऐतिहासिक समझौते के हस्ताक्षर के दौरान ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक, लेज़रफाई और ज़ांज़ीबार सरकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिसने मिलकर डिजिटल नवाचार और परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। ब्लू क्लाउड इस परियोजना की आर्किटेक्चरल डिज़ाइन, मुख्य सॉफ़्टवेयर विकास और आधुनिक डिजिटल तकनीकों के एकीकरण का नेतृत्व करेगा।

जबकि लेज़रफाई इसके क्रियान्वयन, संचालन और प्रशिक्षण का कार्य संभालेगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्लेटफॉर्म अपने उद्देश्य में सफल हो।

8.90 मिलियन डॉलर की इस परियोजना में किया गया निवेश इस बात का प्रमाण है कि दोनों पक्ष ज़ांज़ीबार के ई-गवर्नेंस को आत्मनिर्भर और राजस्व-उत्पादक मॉडल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य ज़ांज़ीबार को अफ्रीका और उससे आगे डिजिटल गवर्नेंस में एक उदाहरण के रूप में स्थापित करना है।

## भारतीय आंत्रप्रेन्योर्स ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने के लिए बेहतर टूल चाहते हैं: गोडैडी सर्वे

**मुंबई एजेंसी।** गोडैडी 2025 ग्लोबल आंत्रप्रेन्योरशिप सर्वे के अनुसार, भारत में लगभग आधे छोटे कारोबारी अब प्रमुख तौर पर ऑनलाइन काम करते हैं। वे आज बिक्री बढ़ाने के लिए वेबसाइट, मार्केटप्लेस या सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। यह एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है क्योंकि आंत्रप्रेन्योर्स ग्राहकों तक पहुंचने, बिक्री बढ़ाने और आज के बाजार में अन्य के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल चैनलों को काफी तेजी से अपना रहे हैं। अपूर्व पलनीटकर, सीनियर डायरेक्टर, मार्केटिंग, गोडैडी इंडिया ने कहा कि भारतीय आंत्रप्रेन्योर्स डिजिटल-फर्स्ट और तेज़ी से तकनीक-प्रेमी होते जा रहे हैं। हालांकि वे ग्राहकों से जुड़ने के लिए पहले से ही सोशल मीडिया का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन ग्रोथ में अगली छलांग स्मार्ट एआई टूल्स को अपनाने से आएगी जो मार्केटिंग को सरल बनाते हैं और दायरा एवं एक्सेस बढ़ाते हैं। उन्होंने आगे कहा, गोडैडी में, हम शो इन बायो जैसे आसान, एआई-पॉवर्ड सॉल्यूशंस प्रदान करने पर केंद्रित हैं जो छोटे कारोबारों को कम संसाधनों में अधिक करने, समय बचाने और सार्थक परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं।

## पेश करते हैं रेंज रोवर एसवी ब्लैक: लक्ज़री लीडर के लिए अग्रणी सेंसरी ऑडियो और शानदार नया डिज़ाइन

**गेडन, यूके, एजेंसी।** रेंज रोवर एसवी, जो लक्ज़री एवं पर्सनलाइज़ेशन की शानदार अभिव्यक्ति करती है, ने दुनिया में सबसे विवेकपूर्ण क्लाइंट्स के लिए रिफाइनमेन्ट को नए स्तर तक पहुंचा दिया है। अब 2025 में रेंज रोवर शानदार आकर्षक रेंज रोवर एसवी ब्लैक के एडीशन के साथ अपनी श्रृंखला का विस्तार करने जा रही है जो रेंज रोवर एसवी सेरेनिटी और रेंज रोवर एसवी इंट्रेपिड के साथ उपलब्ध होगी। इनमें से हर मॉडल बेहतरीन फिनिश और बारीकियों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आधुनिक लक्ज़री का प्रतिनिधित्व करता हैः इसमें एसवी ब्लैक की 'डिप्ड इन ब्लैक' थीम सेलेकर एसवी इंट्रेपिड की बोल्ड डायनामिक थीम और एसवी सेरेनिटी की एलीवेटेड लक्ज़री शामिल है।

रेंज रोवर ने एक्सक्लुज़िव रूप से फ्लैगशिप एसवी मॉडल्स में रियर बॉडी-एंड-सॉल- सीट और सेंसरी फ्लोर टेक्नोलॉजी के साथ लक्ज़री ऑडियो एवं सेंसरी टेक्नोलॉजी के प्रति अपने अग्रणी दृष्टिकोण का विस्तार भी किया है।

रेंज रोवर पहली बार, रेंज रोवर एसवी रेंज में बॉडी एण्ड सॉल सीट्स को स्टैण्डर्ड के रूप में लेकर आई है। दुनिया की पहली इमर्सिव सेंसरी फ्लोर टेक्नोलॉजी अपडेटेड रेंज रोवर एसवी लाईन-अप में उपलब्ध है। इसके साथ फ्रंट और रियर में बॉडी एण्ड सॉल सीट (बीएएसएस) टेक्नोलॉजी कार के भीतर ऑडियो और वैलनैस को नए स्तर तक ले जाती है। यह टेक्नोलॉजी सुनिश्चित करती है कि कार में बैठा व्यक्ति हर धुन को महसूस कर सके, साथ ही सिस्टम के छह वैलनैस प्रोग्राम कार के भीतर रिलेक्सेशन को बढ़ाते हैं।

# जसप्रीत बुमराह ने दो गेंदों में तोड़ दी इंग्लैंड की कमर

● फ्रंटफुट से बैकफुट पर पहुंच गया मेजबान

● जो रूट को टेस्ट में 11वीं बार आउट किया बुमराह ने



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी देने को मिली। बुमराह ने बैक-टू-बैक विकेट लेकर इंग्लैंड टीम की कमर तोड़ दी। बुमराह ने बैजबॉल की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। इंग्लैंड फ्रंटफुट से बैकफुट पर मेजबान टीम पहुंच गई। 317 रन पर 7 विकेट खो चुके थे। लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 251 रन से आगे खेलना शुरु किया। जो रूट ने जसप्रीत बुमराह की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। इसके बाद बुमराह का आतंक देखने को मिला। बुमराह ने दूसरे दिन के खेल के तीसरे ओवर में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को क्लीन बोल्ड कर विकेट का खाता खोला।

**बुमराह ने किया इंग्लिश बल्लेबाजों को गुमराह** – अब बुमराह की गेंद को विकेट का स्वाद लग चुका था। फिर आता है ओवर नंबर 88वां। दूसरे दिन के खेल का पांचवां ओवर। पहली ही गेंद पर सेट बल्लेबाज जो रूट का स्टंप उड़ा दिया। बुमराह ने छठे स्टंप की लेंथ गेंद की। निपबैक होकर गेंद अंदर की तरफ आई। गेंद जो रूट के बल्ले अंदरूनी किनारा लेते हुए मिडिल स्टंप ले उड़ी।

**क्रिस वोक्स को दिया गच्चा** – ओवर की अगली ही गेंद पर क्रिस वोक्स गच्चा खा गए। उछाल लेती ऑफ स्टंप के काफी बाहर की बैक ऑफ लेंथ गेंद थी। उस पर क्रिस वोक्स बीट हुए। कैच की अपील की गई तो अंपायर ने मना कर दिया। आखिरी समय पर रिव्यू लिया गया। थर्ड अंपायर ने आउट दिया और भारत फील्डर उछल पड़े।

**चार विकेट ले चुके हैं बुमराह** – बुमराह ने ओवर का अंत डबल विकेट मेडन किया। बुमराह को पहले दिन एक विकेट मिला था। दूसरे दिन विकेट ने तीन विकेट चटकाए। खबर लिखे जाने तक बुमराह के नाम चार विकेट हो चुके थे। एक मजेदार आंकड़ा बताते हैं। बुमराह ने जो रूट को टेस्ट में 11वीं बार आउट किया। बुमराह ने पैट कमिंस की बराबरी कर ली है।

# तेंदुलकर ने घंटी बजाकर मैच शुरू किया

● जुरेल ने चोटिल पंत की जगह विकेटकीपिंग की ● रेड्डी को 1 ओवर में 2 विकेट, रूट के भारत के खिलाफ 3000 टेस्ट रन पूरे

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल हो गए। उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की। नीतीश रेड्डी ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं जो रूट ने भारत के खिलाफ 3 हजार टेस्ट रन पूरे कर लिए।

**तेंदुलकर ने घंटी बजाकर मैच शुरू किया** – क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स स्टेडियम में लगी घंटी बजाकर मैच शुरू कराया। घंटी बजते ही दोनों देशों का राष्ट्रगान हुआ और कुछ देर बाद ही मैच की पहली गेंद फेंकी गई।

**एमसीसी म्यूजियम में सचिन की पेंटिंग लगी** – लंदन में बने क्रिकेट के एमसीसी म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग लगाई गई। मुकाबला शुरू होने से पहले तेंदुलकर की पेंटिंग का उद्घाटन किया गया। सचिन की 2007 में ली गई फोटो की पेंटिंग आर्टिस्ट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाई। फोटो साल खत्म होने तक ख्रष्ट म्यूजियम में रहेगी, जिसे 2026 में लॉर्ड्स के पवेलियन में लगाया जाएगा।



**रेड्?डी को पहले ओवर में 2 विकेट** – नीतीश कुमार रेड्डी 14वें ओवर में पहली बार बॉलिंग करने आए। उन्होंने इस ओवर में इंग्लैंड के दोनों ओपनर को पवेलियन भेज दिया। रेड्डी ने ओवर की तीसरी गेंद बेन डकेट को बाउंसर फेंकी और उन्हें विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। फिर ओवर की आखिरी बॉल पर जैक क्रॉली को भी कॉट बिहाइंड करा दिया। इसी ओवर की चौथी बॉल पर कप्तान शुभमन गिल से गली पोजिशन में ओली पोप का कैच छूट गया। रेड्डी ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। पोप ड्राइव करने गए, लेकिन गेंद गिल की ओर चली गई। उन्होंने डाइव लगाकर कैच लेने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से छूट गई।

**पंत चोटिल हुए, जुरेल ने विकेटकीपिंग की** – 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की बॉलिंग पर विकेटकीपिंग करने के दौरान विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल हो गए। बुमराह ने लेग स्टंप के बाहर बॉल फेंकी, पंत ने डाइव लगाकर गेंद पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से टकराकर बाउंड्री की ओर चली गई। पंत की उंगली चोटिल हो गई, टीम फिजियो उन्हें चेक करने के लिए आया और पंत को अपने साथ ले गया। 35वें ओवर से फिर 12वें खिलाड़ी ध्रुव जुरेल ने पंत की जगह विकेटकीपिंग की। उन्होंने ओली पोप का कैच भी पकड़ा।

**रूट के भारत के खिलाफ 3 हजार टेस्ट रन पूरे** – इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर बैटर जो रूट ने भारत के खिलाफ टेस्ट में 3 हजार रन पूरे कर लिए। वे भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी हैं। रूट ने अपनी पारी में 45वां रन बनाते ही 3 हजार टेस्ट रन पूरे किए। रूट एक टीम के खिलाफ 3 हजार प्लस टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के 9वें ही प्लेयर बने। रूट ने मुकाबले के पहले दिन फिफ्टी भी लगाई। यह टेस्ट करियर में उनकी 67वीं हाफ सेंचुरी है। वे टेस्ट में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने के रिकॉर्ड में अब सचिन तेंदुलकर से महज 2 फिफ्टी दूर हैं। सचिन के नाम 68 टेस्ट फिफ्टी हैं।

## ओली पोप ने रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव किया, भारतीय गेंदबाजों ने रन बनाना मुश्किल कर दिया

**लाड्र्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 320 रन बना लिए थे।



पोप ने कहा, 'यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया। उनका इशारा भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी की ओर था, जिसे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर एक विकेट) की वापसी से मजबूती मिली है। नितीश कुमार रेड्डी ने 46 रन देकर दो विकेट लिए हैं और वह पहले दिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज को पहले दिन विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। पोप ने रविन्द्र जडेजा की गेंद पर आउट होने से पहले 104 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, 'जरूरी नहीं कि हम जिस तरह से पहली पारी में बल्लेबाजी करते रहे हैं, वैसे ही करें। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलना होगा। हमने पिच की प्रकृति को देखते हुए बल्लेबाजी की। इसके अलावा भारतीय गेंदबाजों ने भी अच्छी गेंदबाजी की।

# ब्रायन लारा बोले- मुल्डर को 400 रन बनाना चाहिए था

रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं; मुल्डर ने नाबाद 367 रन बनाए थे



**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** पूर्व वेस्टइंडीज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि वियान मुल्डर को उनके टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर (400 रन) का रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करनी चाहिए थी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में 367 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन उन्होंने लारा के रिकॉर्ड को पार करने का प्रयास नहीं किया। यह मैच दक्षिण अफ्रीका ने 3 दिन के अंदर ही जीत लिया था।

**लारा ने कहा- रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं** – मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से बातचीत में बताया कि उन्होंने हाल ही में लारा से बात की। उन्होंने कहा, अब जब सब शांत हो गया है, तो मेरी थोड़ी बहुत बात हुई है ब्रायन लारा से। उन्होंने कहा कि मुझे 400 रन के लिए जाना चाहिए था। लारा ने मुल्डर से कहा, रिकॉर्ड तोड़े जाने के लिए ही होते हैं और अगर तुम दोबारा कभी ऐसे मौके में रहो, तो जरूर 400 रन से ज्यादा बनाना।

### मैंने जो किया, उस पर मुझे गर्व है - मुल्डर

हालांकि, लारा की राय जानने के बावजूद मुल्डर का मानना है कि उन्होंने जो फैसला लिया, वो उनके लिए सही था। उन्होंने कहा, यह उनकी तरफ से दिलचस्प नजरिया था, लेकिन मैं अब भी मानता हूं कि मैंने जो किया वह सही था। मेरे लिए खेल का सम्मान सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच शुक्री कॉनराड ने मजाक में कहा, सुनो, बड़े-बड़े स्कोर को दिग्गजों के पास ही रहने दो।

### मुल्डर की पारी-

- मुल्डर का स्कोर- 367 रन- टेस्ट क्रिकेट में पांचवां सबसे बड़ा स्कोर
- लारा का रिकॉर्ड- 400* रन (2004, इंग्लैंड के खिलाफ)

# तमिल और तेलुगु भाषा में उठा सकेंगे क्रिकेट और अन्य खेलों का लुत्फ

● सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने शुरू की सर्विस

**मुंबई (एजेंसी)।** सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने दो नए क्षेत्रीय चैनलों को लांच किया है जो तमिल और तेलुगु में खेलों का प्रसारण करेंगे। इसका उद्देश्य पूरे भारत में अपने दर्शकों के लिए एक अधिक भाषा-विशिष्ट चैनल बनाना है।

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 तमिल लॉन्च किया गया जो विशेष रूप से तमिल भाषी दर्शकों के लिए होगा। सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 तेलुगु पूरी तरह से तेलुगु भाषा की खेल सामग्री पर केंद्रित होगा। इससे यह सुनिश्चित होता है कि दर्शकों को अपनी पसंदीदा भाषा में सामग्री के साथ-साथ लक्षित और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक प्रोग्रामिंग प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट चैनल मिलेगा।

इसके अतिरिक्त नेटवर्क के लोकप्रिय हिंदी स्पोर्ट्स चैनल की भी एक नई पहचान होगी। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 (एसडी) का नाम बदलकर सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 हिंदी और सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 (एचडी) का नाम बदलकर सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 हिंदी एचडी होगा। यह रीब्रांडिंग हिंदी भाषी दर्शकों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली खेल सामग्री प्रदान करने की सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

यह बदलाव एक ब्लॉकबस्टर स्पोर्ट्स कैलेंडर से पहले आया है जिसमें दो सबसे बड़ी क्रिकेट श्रृंखलाएं, भारत का इंग्लैंड दौरा, एशिया कप के साथ-साथ अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (एफसी), यूईएफए चैंपियंस लीग और बहुत कुछ शामिल हैं।

# विंबलडन सेमीफाइनल में हारीं नंबर-1 एरिना सबालेंका

अमेरिका की एनिसिमोवा फाइनल में पहुंचीं; स्वातेक ने सीधे सेटों में सेमीफाइनल जीता

**लंदन (एजेंसी)।** विमेंस टेनिस सिंगल्स में नंबर-1 रैंक बेलारूस की एरिना सबालेंका को विंबलडन सेमीफाइनल में हारकर बाहर होना पड़ा। उन्हें अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा ने 3 सेट के सेमीफाइनल में हरा दिया। दूसरे सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-8 पोलैंड की इगा स्वातेक ने जीत दर्ज कर ली। 12 जुलाई को फाइनल में उनका सामना एनिसिमोवा से ही होगा।



**स्वातेक सीधे सेटों में जीतीं** – विमेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में एनिसिमोवा ने सबालेंका को 6-4 से पहला सेट हरा दिया। सबालेंका ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 के अंतर से ही जीत लिया। एनिसिमोवा ने फिर कमबैक किया और तीसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर मैच भी जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल में स्वातेक ने स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक को 6-2, 6-0 के अंतर से सीधे सेटों में ही हरा दिया।विंबलडन फाइनल में पहुंचने के बाद अमेरिका की अमांडा एमिनिसोवा को खुद पर विश्वास नहीं हुआ।

**मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-1 जोड़ी हारी** – मेंस डबल्स में भी दोनों सेमीफाइनल के नतीजे आ गए। वर्ल्ड नंबर-1 और नंबर-4 जोड़ी को हार का सामना करना पड़ गया। अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच की नंबर-1 जोड़ी को नीदरलैंड के डेविड पेल और ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता की गैर वरीय जोड़ी ने 3 सेट में हराया। दोनों ने 7-6 (7-2), 6-7 (5-7), 6-7 (9-11) से सेमीफाइनल जीता। दूसरे नॉकआउट मुकाबले में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की नंबर-4 जोड़ी को ब्रिटेन के लॉयड ग्लासपूल और जूलियन कैश की नंबर-5 जोड़ी ने सीधे सेट में हराया। ब्रिटिश पेयर ने 6-3, 6-4 से मुकाबला जीता।

# रोहित शर्मा से छिन सकती है वनडे टीम की कप्तानी, इस खिलाड़ी का नाम आ रहा सामने

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट के बाद अब शुभमन गिल भारत की वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान बनने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल इस पद पर रोहित शर्मा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार गिल 2027 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे और निकट भविष्य में यह पद संभालेंगे। रोहित कब तक अपनी जगह बनाए रख पाएंगे, यह स्पष्ट नहीं है। अन्य रिपोर्टों का दावा है कि गिल अक्टूबर में भारत तीन मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान वनडे टीम की कप्तानी करेंगे।



दिसंबर 2024 में जब रोहित ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट से खुद को अलग कर लिया था जो भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनका आखिरी कार्यकाल भी था। इस बात की अटकलें तेज हो गई थी। उन्होंने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का नेतृत्व किया और भारत के लिए वनडे और टेस्ट खेलने की अपनी इच्छा बनाए रखी (उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया)। हालांकि इंग्लैंड टेस्ट टीम की घोषणा होने से पहले ऐसी खबरें आईं कि बीसीसीआई चयनकर्ताओं ने रोहित को टेस्ट कप्तानी से हटाने का फैसला किया है। इसके तुरंत बाद, इस सीनियर स्टार ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी।

महिला विश्व कप शतरंज

# प्रियंका के ने ज़सोका गाल को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

**बातुमी , जॉर्जिया (एजेंसी)।** फीडे विश्व महिला कप 2025 के पहले राउंड के टाईब्रेक मुक़ाबले में भारत की महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर प्रियंका के ने अपने खेल जीवन की एक बेहतरीन जीत दर्ज की उन्होने हंगरी की ग्रांडमास्टर ज़सोका गाल को रोमांचक टाईब्रेक मुकाबले में 5-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।प्रियंका ने पहले 15+10 मिनट के रैपिड मुकाबले में जीत के साथ दिन की शुरुआत की। हालांकि दूसरे मुक़ाबले में उन्होंने मजबूत स्थिति गंवा दी और खेल उनके हाथ से चला गया। इसके बाद दोनों 10+10 मिनट के मुक़ाबले ड्रॉ रहे। निर्णायक 5+3 मिनट के ब्लिट्ज मुकाबलों में प्रियंका ने दोनों बाज़ियाँ जीतकर मैच अपने नाम किया। अब राउंड 2 में उनका मुकाबला पोलैंड की इंटरनेशनल मास्टर क्लाउडिया कुलोन से होगा।प्रियांका का खेल विश्व कप के टाईब्रेक में स बार के मुकाबलों में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मुक़ाबला रहा और उनकी जीत इसीलिए भी खास रही क्यूंकी उनकी विरोधी ना सिर्फ बेहद अनुभवी बल्कि प्रियंका के मुक़ाबले 300 से अधिक फीडे रेटिंग की खिलाड़ी है और कई बार



शतरंज ओलंपियाड खेलने का अनुभव रखती है । अब राउंड के मुकाबलों में ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली ,नंधिधा पी वी से ,इंटरनेशनल मास्टर पद्मिनी राऊत ,दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल खेलते हुए नजर आएंगी ।

# हरियाणा की 3 इंटरनेशनल महिला पहलवान डोप में फंसी

रीतिका हुड्?डा, नितिका और मुस्कान के सैंपल पॉजीटिव; तीनों पर एजेंसी ने लगाया प्रतिबंध

**पानीपत (एजेंसी)।** हरियाणा की तीन इंटरनेशनल महिला पहलवान डोप केस में फंस गई हैं। देश की जानी मानी रेसलर रीतिका हुड्?डा, मुस्कान नांदल और नितिका के डोप टेस्ट पॉजिटिव मिले हैं। तीनों हरियाणा के रोहतक जिले की रहने वाली हैं। डोप टेस्ट सैंपल पॉजिटिव मिलने से इनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।



देश की पहली अंडर-23 विश्व चैंपियन और पेरिस ओलिंपियन रोहतक की रीतिका हुड्डा, एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मुस्कान, अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप की विजेता नीतिका डोप पॉजिटिव पाई जाने पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने तीनों पहलवानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रीतिका बीते वर्ष हेवीवेट वर्ग (76 किलो) के लिए ओलिंपिक क्वालिफाई करने वाली देश की पहली महिला पहलवान हैं।

**सैंपल में प्रतिबंधित सल्फोन पाया गया** – जानकारी के मुताबिक, रीतिका का सैंपल मार्च में हुए चयन ट्रायल के दौरान लिया गया था। उनके सैंपल की विदेशी लैब में दोबारा हुई टेस्टिंग में वह पॉजिटिव पाए गए हैं। मुस्कान का 13 मई की दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर में आउट ऑफ कंपटीशन सैंपल लिया गया, जिसमें जीडब्ल्यू 1516 नामक प्रतिबंधित सल्फोन पाया गया है। नितिका भी इस सूची में हैं। नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) ने उनकी रिपोर्ट देख ली है।

**समय-समय पर होता रहता है डोप टेस्ट** – डोपिंग एक प्रकार का टेस्ट होता है, जो खिलाड़ियों पर किया जाता है। डोपिंग खेल प्रतियोगिताओं में दूसरों पर बढ़त हासिल करने के लिए कृत्रिम और अक्सर अवैध पदार्थों का सेवन करने की क्रिया है। खिलाड़ियों को कृत्रिम शक्ति बढ़ाने के लिए मनाई है, क्योंकि ये खेल नियमों के विरूद्ध है। इसलिए समय-समय पर डोपिंग टेस्ट किया जाता है।

100वें टेस्ट पर बोले मिशेल स्टार्क,


# 'यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है'

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे। अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल 5 विकेट दूर हैं।

स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा, 'बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है।

स्टार्क ने कहा, 'जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली।

तीनों तेज गेंदबाजों के बीच का रिश्ता और उनके करियर की ओवरलैपिंग प्रकृति, जिसमें उन्होंने एक साथ 37 टेस्ट मैच खेले हैं, ने भी दोनों की मदद की है। स्टार्क ने कहा, 'मुझे या हम तीनों को इस बात का एहसास है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम सब एक ही जगह से हैं। हम साथ में ट्रेनिंग करते हैं, सालों से रिहैब रूम में साथ बैठते हैं। एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की क्षमता, चाहे वो एक खराब हफ्ता हो या टेस्ट हफ्ता। मुझे लगता है कि यही हम तीनों के लंबे करियर में खास तौर पर योगदान देता है।



स्टार्क ने खुद 2022 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उंगली में चोट लगने के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ा है, जिसके कारण उन्हें तीन मैचों से बाहर होना पड़ा था। हालांकि उन्होंने एमसीजी में खेले गए उस मैच में भी गेंदबाजी की थी। तेज गेंदबाजी के नुकसान के बारे में उन्होंने कहा, 'ज्यादातर दिनों में कुछ निशान और कुछ दर्द वाले हिस्से होते हैं। चाहे वो झटके हों या दर्द निवारक दवाएं, मुझे पता है कि मैं क्या कर सकता हूं और क्या नहीं। मैं कभी भी ऐसे मैच में नहीं जाऊंगा जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 फीसदी दे सकता हूं।

हाल के दिनों में स्टार्क आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे हैं। लेकिन कई वर्षों तक वह आईपीएल में नहीं खेले, जब वह टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए वह आसानी से ऐसा कर सकते थे। स्टार्क ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट शायद सबसे मुश्किल प्रारूप था, या तो मुझे लगता था कि मैं इसके लिए काफी अच्छा हूं या फिर मुझे लगता था कि मैं ऐसा करने में सक्षम हूं। उस मौके को पाने के लिए, मैं उसे बिल्कुल भी हाथ से जाने नहीं देना चाहता था। जिन सालों में मैंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट को मिस किया, मुझे उसका बिल्कुल भी अफसोस नहीं है।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए 99 मैच खेलने, घर पर कुछ समय बिताने, एलिसा (हीली) और परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए अपने शरीर को जितना हो सके उतनी अच्छी स्थिति में रखने के लिए जरूरी था। यही वजह है कि मैंने वो चीजें कीं। चाहे अब इसका फायदा मिला हो, 100 टेस्ट से कुछ दिन पहले, या सीरीज जीत या टेस्ट मैच जीत, पीछे मुड़कर देखूं तो मैं इसे नहीं बदलूंगा।

भविष्य के संदर्भ में स्टार्क आगामी गर्मियों से आगे नहीं देखना चाहते, जिसमें एशेज भी शामिल है। एक ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज होने के नाते, वह अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में शामिल होंगे और 2027 का वनडे वर्ल्ड कप उनके लिए एक संभावित अतिरिक्त अवसर होगा। टेस्ट क्रिकेट के संदर्भ में, जिसे स्टार्क हमेशा से अपना नंबर 1 प्रारूप बताते रहे हैं, ऑस्ट्रेलिया को अगले अगस्त से शुरू होकर 2027 के मध्य तक काफी मुकाबले खेलने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अब असम में भाषा को लेकर विवाद, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बोले- ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी



**दिसपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद के बीच असम में भी भाषा को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है। एक अल्पसंख्यक छात्र नेता द्वारा असम में जनगणना के दौरान मुस्लिमों से असमिया की जगह पर बंगाली भाषा को अपनी मातृ भाषा लिखने की अपील की गई। छात्र नेता की इस अपील के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने चेतावनी दी है। सीएम ने असमिया भाषा को असम की स्थायी राज भाषा बताते हुए कहा कि किसी को भी भाषा का इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग के औजार के रूप में नहीं करना चाहिए। भाषा विवाद के मुद्दे पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, असमिया असम की स्थायी आधिकारिक भाषा है। इसकी संवैधानिक वैधता है। भाषा को ब्लैकमेल करने के हथियार के रूप में नहीं लिया जा सकता। अगर वे असमिया को अपनी मातृभाषा के रूप में सूचीबद्ध नहीं भी करते हैं, तो भी इससे तथ्य नहीं बदलेंगे। हालांकि अगर समुदाय असमिया को अपनी मातृभाषा के रूप में सूचीबद्ध नहीं करता है तो इससे केवल यह पता चलेगा कि राज्य में कितने अवैध विदेशी हैं। आपको बता दें यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब ऑल बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल माइनॉरिटी के छात्र यूनियन के नेता मैनुद्दीन अली ने आगामी जनगणना में बंगाली मुस्लिमों को मातृभाषा के रूप में असमिया न लिखने की अपील की थी। उसने कहा कि ऐसा करने पर असम में असमिया बहुसंख्यकों की भाषा नहीं रहेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छात्र नेता के इस विवादित बयान के बाद ऑल बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल माइनॉरिटी ने उसे पार्टी से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही छात्र नेता ने अपने इस बयान के लिए माफी भी मांग ली है।

### कन्हैयालाल की हत्या पर बनी फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर हाई कोर्ट ने लगा दी रोक




**जयपुर, एजेंसी।** उदयपुर फाइल्स के निर्माताओं को झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी है। उदयपुर फाइल्स 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। रिलीज से एक दिन पहले ही हाई कोर्ट ने फिलहाल के लिए इस फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी है। रोक लगाते हुए मुख्य न्यायधीश डीके उपाध्याय और जस्टिस अनीश दयाल ने याचिकाकर्ताओं को केंद्र का रुख करने के लिए दो दिन का समय दिया है। बता दें कि उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड की घटना पर आधारित यह फिल्म बनाई गई है। इस मामले में आरोपियों ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि इस फिल्म की रिलीज के बाद उनके केस की निष्पक्ष सुनवाई की संभावना खतरे में पड़ सकती है। इस मामले पर कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने केंद्र से मिलने वाले उपायों का इस्तेमाल नहीं किया है। जस्टिस डीके उपाध्याय और अनीश दयाल की बेंच ने याचिकाकर्ताओं को लेकर कहा कि हमने याचिकाकर्ताओं को पुनरीक्षण उपाय लागू करने के लिए बाध्य कर रहे हैं, इसलिए जब तक केंद्र सरकार द्वारा इस मामले पर दिए आवेदन पर निर्णय नहीं आ जाता है, तब तक इस फिल्म की रिलीज पर रोक लगी रहेगी। बता दें कि राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की जून 2022 में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मोहम्मद रियाज और मोहम्मद गौस को गिरफ्तार किया गया था। कन्हैयालाल की हत्या के बाद हमलावरों ने वीडियो जारी करते हुए दावा किया था कि यह हत्या दर्जी की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर की गई है। हमलावरों ने कहा था कि कन्हैयालाल ने नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद को लेकर की गई टिप्पणी का समर्थन करते हुए एक पोस्ट किया था।

# जहां 10,000 आबादी, वहां जाकर पीएम ले रहे सम्मान

**चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों और इस दौरान उन्हें मिले कई देशों के सर्वोच्च सम्मान पर तंज कसा है। चंडीगढ़ में सीएम मान ने कहा, पीएम घाना गए हैं, कहां गए हैं? पता नहीं कौन-कौन से देश मैग्नीशिया, गलवेशिया, तरवेशिया, पता नहीं कहां-कहां जा रहे हैं। जहां 140 करोड़ लोग रह रहे हैं, वहां रह नहीं रहे और जिस देश में जा रहे हैं उसकी आबादी कितनी है? महज 10 हजार है और सबसे बड़ा अवॉर्ड वहां का मिल गया। सीएम मान ने कहा कि 10 हजार लोग तो जेसीबी देखने के लिए आ जाते हैं यहां। अब क्या मोदी वाले सवाल भी मुझ से ही पूछोगे कि उन्होंने ग्यारह साल में एक भी प्रेस कॉन्फ्रैंस नहीं की, मैं तो रोज तीन करता हूं। इधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पंजाब सीएम के बयान पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि ये टिप्पणियां गैर-ज़िम्मेदाराना और खेदजनक हैं और सरकार में शीर्ष पद पर बैठे किसी व्यक्ति द्वारा ऐसी टिप्पणी करना शोभा नहीं देतीं। उन्होंने कहा, हमने एक उच्च सरकारी प्राधिकारी द्वारा ग्लोबल साउथ के मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों के बारे में की गई कुछ टिप्पणियाँ देखी हैं। ये टिप्पणियाँ गैर-ज़िम्मेदाराना और खेदजनक हैं और सरकारी प्राधिकारी को शोभा नहीं देतीं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ऐसी अनुचित टिप्पणियों से खुद को अलग करती है जो मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों को कमज़ोर करती हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि एसवाईएल के मुद्दे पर कल ही बैठक हुई थी। मैंने वहां बोला है कि सिंधु जल सं?धि



आपने रद्द कर दी, कृपया इसको ट्रंप के कहे या किसी अन्य दबाव की वजह से फिर से बहाल मत करना। झेलम का पानी हमारे पास नहीं आ सकता, क्योंकि वो दूर है। चिनाब, रावी और कश्मीर की उझ दरिया का सारा पानी पंजाब आ जाए। पौंग डैम या फिर रणजीत सागर या भाखड़ा में आ जाए। वह 23 एमएएफ पानी आ सकता है जबकि एसवाईएल का झगड़ा एक या दो एमएएफ के लिए ही है। अगर 23 एमएएफ आ गया तो मैं कहां संभालूंगा। नहरें बनानी पड़ेंगी। पंजाब को भी पानी मिलेगा, आगे अरब सागर में भी जा सकता है। मई में पाकिस्तान के ?खिलाफ की गई भारत की सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर पर भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भाजपा घर-घर जाकर सिंदूर बांटेगी, उन्होंने कहा था कि क्या आप मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगे? क्या यह एक राष्ट्र, एक पति योजना है? उन्होंने भाजपा पर इसका राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया था।

बता दें कि 7 मई को भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में कई आतंकी ढांचे को निशाना बनाया था, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े सैंकड़ों आतंकवादी मारे गए थे।

## पंजाब के मंत्री ने लगाए बड़े आरोप, कहा- लॉरेंस बिश्नोई को भाजपा बचा रही है

**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन राज्यों को हिंसा के जरिए अस्थिर करने की कोशिशों के तहत कुख्यात अपराधियों को संरक्षण दे रही है जहां उसका शासन नहीं है। चीमा ने अबोहर के व्यवसायी संजय वर्मा की हाल ही में हुई हत्या का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इस हत्या के पीछे गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का हाथ है, जो गुजरात सरकार के 'संरक्षण' में वहां की जेल में बंद है।

चीमा ने सवाल किया, उसे (बिश्नोई को) सुरक्षा क्यों दी गई है और उसे जेल में क्यों रखा गया है? पंजाब के वित्तमंत्री ने सवाल किया, लॉरेंस बिश्नोई को गुजरात कौन ले गया और उसे वहां क्यों सुरक्षित रखा जा रहा है? ऐसा लगता है कि भाजपा उसे इसलिए बचा रही है ताकि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में अशांति पैदा करने



के लिए उसका इस्तेमाल किया जा सके।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों को निशाना बनाने और समाज में भय फैलाने के लिए कुख्यात अपराधियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। चीमा ने आरोप लगाया, जिन राज्यों में भाजपा सत्ता में नहीं है, वहां वे शांति भंग करने के लिए अपराधियों और गैंगस्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह देश के संघीय ढांचे और कानून-व्यवस्था के खिलाफ एक खतरनाक साजिश है। 'न्यू वेयर वेल जेंट्स टेलर' शोरूम के सह-मालिक वर्मा की सात जुलाई को अबोहर के व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र भगत सिंह चौक के पास दिनदहाड़े तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### ओडिशा में बांग्लादेशी समझ पुलिस ने कई भारतीयों को पकड़ा, दो दिन बाद कागज देखकर छोड़ा

भुवनेश्वर, एजेंसी। ओडिसा पुलिस ने पिछले दिनों 444 प्रवासी मजदूरों को झारसुगड़ा क्षेत्र से संदिग्ध मानकर गिरफ्तार किया था। अब कुछ दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने के बाद इनमें से कई श्रमिकों को छोड़ दिया है। रिहा किए गए इन बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों ने ओडिसा पुलिस के ऊपर उन्हें परेशान करने और पिछले तीन दिनों से हिरासत केंद्रों में रखने का आरोप लगाया है।
द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक हिरासत में लिए गए इन प्रवासी मजदूरों से पुलिस ने जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट जैसे कागजातों की मांग की। चूंकि ज्यादातर मजदूर पश्चिम बंगाल के ग्रामीण इलाकों के आते हैं, ऐसे में उनके पास जन्म प्रमाण पत्र या फिर पासपोर्ट मौजूद नहीं थे। दस्तावेज न होने की स्थिति में उनकी रिहाई में और भी ज्यादा देरी हो रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने जन्म प्रमाण पत्र या पासपोर्ट की अनुपलब्धता के बाद अन्य दस्तावेजों की मांग की लेकिन उसके सत्यापित होने में काफी समय लग गया।
रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए एक प्रवासी मजदूर के रिश्तेदार ने कहा, मेरे बहनोई 37 साल के हैं। हमारे इलाके में उनके जन्म के समय कोई भी जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन नहीं करता था। हमने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन हमें अपनी भारतीयता साबित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र दिखाने के लिए कहा जाएगा।

## कर्नाटक में ढाई-ढाई साल वाले फॉर्मूले से सिद्धारमैया का इनकार, अब क्या करेंगे डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के भीतर जारी सत्ता संघर्ष के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सरकार के आधे कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद सौंपे जाने का कोई समझौता नहीं हुआ था। उन्होंने दो टूक कहा कि राज्य में कोई 50-50 फॉर्मूला नहीं है और मुख्यमंत्री पद खाली नहीं है। सीएम ने कहा, मैं कर्नाटक का मुख्यमंत्री हूं और आपके सामने बैठा हूं। ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ था कि कार्यकाल आधा होने के बाद किसी को पद सौंपा जाएगा। डीके शिवकुमार ने खुद भी कहा है कि मुख्यमंत्री पद खाली नहीं है। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वह और शिवकुमार दोनों कांग्रेस हाईकमान के फैसले का पालन करेंगे।

सिद्धारमैया ने यह भी खुलासा किया कि वह अब तक राहुल गांधी से मुलाकात नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी समय देंगे तो मैं उनसे मिलूंगा। गुरुवार देर शाम तक न तो सिद्धारमैया और न ही शिवकुमार की गांधी परिवार से मुलाकात हो पाई थी। आपको बता दें कि जब 2023 में कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनी तो यह अटकलें जोरों पर थीं कि मुख्यमंत्री पद को ढाई-ढाई साल के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच साझा किया जाएगा। हालांकि, पार्टी नेतृत्व की ओर से इसे कभी आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि सिद्धारमैया का यह बयान सिर्फ मीडिया के लिए नहीं, बल्कि दिल्ली स्थित हाईकमान और उनके गृहराज्य के नेताओं को भी सीधा संदेश है। वहीं, कर्नाटक कांग्रेस और सरकार के बीच संगठनात्मक समन्वय, मंत्रिमंडल विस्तार और कई लंबित मुद्दों पर बातचीत के लिए दोनों नेता दिल्ली पहुंचे हैं।

## अमेरिकी विदेश विभाग में छंटनी की तैयारी, जल्द जारी होंगे कर्मचारियों को नोटिस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का विदेश विभाग भी छंटनी की तैयारी कर रहा है। विदेश विभाग ने अपने कर्मचारियों को कहा है कि वे जल्द ही छंटनी के लिए नोटिस जारी करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही वे संघीय सरकार के आकार को कम करने में जुटे हैं। इसके तहत कई सरकारी विभागों से छंटनी की गई हैं। सरकारी दक्षता विभाग के नेतृत्व में संघीय सरकार में छंटनी अभियान चलाया गया और सैंकड़ों लोगों को अब तक नौकरी से निकाला जा चुका है। अमेरिका में संघीय सरकार में छंटनी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी छंटनी जारी रखने के पक्ष में फैसला दिया था। अमेरिकी विदेश विभाग के उप-सचिव माइकल रिग्स ने कहा कि जिन कर्मचारियों की छंटनी की जाएगी, उन्हें जल्द ही इसकी सूचना दे




दी जाएगी। अभी तक ये साफ नहीं है कि विदेश विभाग से कितने लोगों को नौकरी से हटाया जाएगा। विदेश विभाग ने मई में कांग्रेस को छंटनी और पुनर्गठन की जानकारी दे दी थी। विदेश विभाग ने ये भी कहा कि जो कार्यक्रम पूर्व की सरकार द्वारा चलाए जा रहे थे, उनमें कटौती की जाएगी। सरकार के इस कदम के आलोचकों का कहना है कि प्रस्तावित कटौती से वैश्विक स्तर पर अमेरिकी प्रभाव कम होगा और कई विभागों के लिए अपने मिशनों को पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग अफगानिस्तान में अमेरिका की दो दशक की भागीदारी की निगरानी करने वाले कुछ विभागों को समाप्त करने की योजना बना रहा है, इसमें अमेरिकी सेना के साथ काम करने वाले अफगान नागरिकों के पुनर्वास पर काम करने वाला एक कार्यालय भी शामिल है। साथ ही शरणार्थियों और आव्रजन से जुड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ मानवाधिकारों और लोकतंत्र को बढ़ावा देने वाले कई कार्यक्रमों को भी समाप्त करने की योजना है। अमेरिकी विदेश सेवा संघ, जो राजनयिकों का प्रतिनिधित्व करता है, ने पिछले महीने विदेश विभाग से नौकरियों में कटौती नहीं करने का आग्रह किया था। संघ के अध्यक्ष टॉम याज्दगेरदी ने कहा कि इससे न सिर्फ कर्मचारियों की छंटनी होगी, बल्कि कई पद भी पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। इस कदम से विदेश सेवा को बाधित करने से राष्ट्रीय हित खतरे में पड़ सकते हैं और दुनिया भर के अमेरिकियों को इसके परिणाम भुगतने होंगे।

## अमेरिका ने दुनिया भर में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एक विशेष ट्रैवल एडवाइजरी जारी की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने दुनिया भर में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एक विशेष ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है जिसमें उन्हें मध्य पूर्व के देश ईरान न जाने की सख्त सलाह दी गई है। अमेरिका के विदेश विभाग ने साफ कहा है कि ईरान की यात्रा करना बेहद जोखिम भरा साबित हो सकता है। लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी ट्रिप को प्लान करने से पहले यह एडवाइजरी ज़रूर पढ़ लें।

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मीडिया को इस एडवाइजरी के बारे में बताया और विशेष रूप से ईरानी मूल के अमेरिकी नागरिकों से ईरान न जाने का आग्रह किया। विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ईरान की सरकार को दोहरी नागरिकता रखने वाले लोग बिल्कुल पसंद नहीं हैं। इसलिए अमेरिका की नागरिकता रखने वाले ईरानी मूल के लोग अगर ईरान न जाएं तो बेहतर होगा वरना वे परेशानी में फंस सकते हैं। ईरान की पुलिस उन्हें हिरासत में ले सकती है और ऐसे में अमेरिकी दूतावास या अधिकारी उनकी बचाव करने की सुविधा का इस्तेमाल भी नहीं कर पाएंगे।

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब ईरान और इजरायल में सीजफायर हो चुका है लेकिन ईरान और अमेरिका के बीच तनाव लगातार चल रहा है। ईरान लगातार अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकियां दे रहा है। ऐसे में अमेरिका के नागरिक ईरान में सुरक्षित नहीं माने जा रहे हैं। ईरान की यात्रा न करने संबंधी और अन्य देशों की ट्रैवल एडवाइजरी से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए अमेरिका ने एक नई वेबसाइट state.gov लॉन्च की है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बस पर हमला: 9 लोगों की मौत, पहचान करने के बाद गोली मारी

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान में फिर बड़ा अटैक हुआ है, जिसमें हमलावरों ने 9 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। फिलहाल, स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर है कि हमलावरों ने एक बस को रोका और यात्रियों को उतारकर गोली मार दी थी। बलूचिस्तान के अधिकारी इसे आतंकवादी घटना बता रहे हैं। इस साल मार्च में ही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हाईजैक कर लिया था।

जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कम से कम 9 लोगों की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि क्वेटा से लाहौर जाने वाली बस में सवार यात्रियों को उतारकर अगवा किया और गोली मार दी। घटना उत्तरी बलूचिस्तान के पास झोब शहर की है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों ने बस को रोका, यात्रियों को उतारा और चुनकर पहचान कर 9 लोगों की हत्या कर दी। झोब पुलिस उपायुक्त नावेद आलम ने कहा कि यात्रियों को वाहनों से अगवा करने के बाद उन्हें गोली मारी गई थी। उन्होंने कहा कि शवों को बलूचिस्तान के बारखान जिले के रेखनी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने घटना की निंदा की और उसे आतंकवादी कृत्य करार दिया है। उन्होंने कहा, आतंकवादियों ने यात्रियों को बस से उतारा, पहचान की और बेरहमी से 9 मासूम पाकिस्तानियों की हत्या कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, एक अधिकारी ने कहा कि हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। फिलहाल, उनकी तलाश जारी है।

मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इसे खुला आतंकवाद बताया और तार फित्ना ए हिन्दुस्तान से जोड़े। बुगती का कहना है कि हमलावरों ने जानबूझकर पाकिस्तानी पहचान के कारण मासूम नागरिकों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा है कि आतंकवादियों ने एक बार फिर अपना डरपोक रवैया दिखाया है।



साथ ही कहा है कि मासूमों का खून व्यर्थ नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह देश के खिलाफ युद्ध है और हमारा जवाब मजबूत और निर्णायक होगा।

इस बीच चरमपंथियों ने क्वेटा, लोरालाई और मस्तुंग में तीन आतंकवादी हमले भी किए लेकिन बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने दावा किया कि सुरक्षा बलों ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। बलूचिस्तान मीडिया में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि चरमपंथियों ने रात के दौरान प्रांत में कई जगहों पर हमले किए और सुरक्षा चौकियों, सरकारी प्रतिष्ठानों, थानों, बैंकों और संचार टावरों को निशाना बनाया।

सरकार भारत समर्थित हमला बता रही

बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है।

सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा -यह सिर्फ एक हमला नहीं, निर्दोष पाकिस्तानियों की क्रूर हत्या है। यह फितना अल-हिंदुस्तान की बर्बर सोच का नतीजा है। रिंद ने बताया कि मास्तुंग, कालात और सरदगाई में भी फितना अल-हिंदुस्तान से जुड़े आतंकियों ने हमले किए, लेकिन वहां सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभाल लिया। झोब में हमला अंधेरे का फायदा उठाकर किया गया, जिससे हमलावर बच निकले।

इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। इस साल जनवरी में भी बलूचिस्तान के तुरबत शहर में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने एक बस में बम ब्लास्ट कर दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129